वर्ष : 06 अंक : 289

बोकारो

पृष्ठ : 12 मूल्य : 2/- रुपया

गुरुवार, 25 अप्रैल 2024

RNI No. : JHAHIN/2018/76658

हिन्दी दैनिक

झारखंड दर्शन

Email : jharkhanddarshan405@gmail.com

Website: jharkhanddarshan.net

एक नजर

भाजपा महिला मोर्चा का कांग्रेस मुख्यालय पर प्रदर्शन

नई दिल्ली। कांग्रेस के मैनिफेस्टो पर विरोध जताते हुए बुधवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) महिला मोर्चा ने कांग्रेस मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन कर रही है। इस धरने में भाजपा के महासचिव तरुण चुघ और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा भी शामिल हैं। महिला मोर्चा का कहना है कि महिलाओं को अपना गहना बचाना है तो कांग्रेस को हराना है। उल्लेखनीय है कि प्रधानमंत्री मोदी ने कांग्रेस मैनिफेस्टो पर बयान दिया था कि कांग्रेस सत्ता में आते ही सारी संपत्ति मुसलमानों में बांट देगी। वो महिलाओं का मंगलसूत्र भी बांट देगी।

सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ी

नई दिल्ली। दिल्ली के राऊज एवेन्यू कोर्ट ने दिल्ली आबकारी घोटाला के सीबीआई से जुड़े मामले में दिल्ली के पूर्व उप-मुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ा दी है। बुधवार को सिसोदिया की न्यायिक हिरासत खत्म हो रही थी, जिसके बाद उन्हें वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिये कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने सीबीआई के मामले में सिसोदिया को 12 अप्रैल को आज तक की न्यायिक हिरासत में भेजा था। ईडी ने इस मामले में मनीष सिसोदिया को 9 मार्च, 2023 को पूछताछ के बाद तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था। सिसोदिया को पहले सीबीआई ने 26 फरवरी, 2023 को गिरफ्तार किया था।

मंच पर बेहोश होकर गिरे नितिन गडकरी

मुंबई। यवतमाल जिले के पुसद में बुधवार को चुनावी सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी को अचानक चक्कर आ गया। वे भाषण देते समय मंच पर बेहोश होकर गिर पड़े लेकिन सुरक्षाकर्मियों ने गडकरी को संभाल लिया। कुछ देर तक उनका प्राथमिक इलाज किया गया और इसके बाद उन्होंने फिर से अपना भाषण पूरा किया। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी आज पुसद में भाजपा नीत एनडीए गठबंधन की उम्मीदवार राजश्री पाटिल के समर्थन में आयोजित प्रचार सभा को संबोधित कर रहे थे। गडकरी कहा कि देश प्रधानमंत्री के नेतृत्व में लगातार प्रगति कर रहा है। संबोधन के दौरान अचानक वह बेसुध होकर गिर पड़े, जिसके बाद उनके आसपास मौजूद लोगों ने उन्हें संभाला और तत्काल इलाज के लिए ले गए।

कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी : पीएम

एजेंसी

अंबिकापुर। प्रधानमंत्री मोदी ने सरगुजा जिला मुख्यालय अंबिकापुर के पीजी मैदान में बुधवार को चुनावी सभा में भाषण की शुरूआत मां महामाया के जयकारे के साथ शुरू की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का कहना है कि वो माता-पिता से मिलने वाली संपत्ति पर भी टैक्स लगाएगी। कांग्रेस का मंत्र है- कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी। भाजपा के वरिष्ठ नेता मोदी ने अपने सम्बोधन में कहा कि जब 2014 में वह पहली बार पीएम पद के उम्मीदवार थे तब अम्बिकापुर में प्रचार के दौरान उनके लिए लाल किले का स्ट्रक्चर भी बनाया गया था। इस पर भी कांग्रेस ने आपत्ति जाहिर की थी कि कोई कैसे लाल किले से भाषण दे सकता है लेकिन परिणाम आने पर प्रधान मंत्री बने और फिर लाल किले से उन्होंने देश को सम्बोधित किया था।

केंद्र नक्सलवाद के खिलाफ कर रही है कार्रवाई कांग्रेस हिंसा फैलाने वालों का कर रही है समर्थन

नरेन्द्र मोदी ने कहा कि कांग्रेस पार्टी के खतरनाक इरादे हैं। कांग्रेस कह रही है कि वह इनहेरिटेंस टैक्स लगाएगी। माता-पिता से मिलने वाली संपत्ति पर भी कर लगाएगी। आपकी मेहनत से जुटाई संपत्ति आपके बच्चों को नहीं मिलेगी, बल्कि कांग्रेस उसे छीन लेगी। कांग्रेस का मंत्र है- कांग्रेस की लूट जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी। कुछ माह पहले मैंने आपसे कांग्रेस का भ्रष्टाचारी पंजा हटाने के लिए आशीर्वाद मांगा था, आपने मेरी बात का मान रखा और भ्रष्टाचारी पंजे को साफ कर दिया। आज भाजपा सरकार आतंकवाद और नक्सलवाद के खिलाफ कड़ी कार्रवाई कर रही है लेकिन कांग्रेस हिंसा फैलाने वालों का समर्थन कर रही है। उन्होंने कहा कि आपके आशीर्वाद से आपके बीच का व्यक्ति छत्तीसगढ़ के सपनों को साकार कर रहा है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय विकास के लिए तेजी से काम कर रहे हैं। बहुत कम समय में रॉकेट की गति से सरकार चलाई है। तेंदू पत्ता संग्रह संग्राहकों को भी ज्यादा पैसा मिल रहा है। खरीद भी तेजी से हो रही है। माताओं-बहनों को महतारी वंदन योजना से लाभ हुआ है।

देश में कमजोर सरकार चाहती हैं कांग्रेस और इंडिया गठबंधन

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि कांग्रेस के घोटालेबाजों पर जिस तरह एक्शन हो रहा है, वह पूरा देश देख रहा है। उन्होंने कहा कि जब मैं विकसित भारत कहता हूं तो कांग्रेस वालों का और दुनिया की कुछ ताकतों का माथा गरम हो जाता है। अगर भारत शक्तिशाली हो गया तो कुछ ताकतों का खेल ही बिगड़ जाएगा। भारत आत्मनिर्भर बन गया तो कुछ ताकतों की दुकान बंद हो जाएगी। इसलिए वह भारत में कांग्रेस और इंडिया गठबंधन की कमजोर सरकार चाहते हैं। ऐसी सरकार जो आपस में लड़ती रहे। घोटाले करती रहे। कांग्रेस का इतिहास सत्ता के लालच में देश को तबाह करने का रहा है। सरगुजा में विजय संकल्प शंखनाद महारैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि जब कांग्रेस का घोषणापत्र आया, उसी दिन मैंने कह दिया था कि कांग्रेस के घोषणापत्र पर मुस्लिम लीग की छाप है। जब संविधान बन रहा था, तब बाबा साहेब आंबेडकर के नेतृत्व में तय किया गया था कि भारत में धर्म के आधार पर आरक्षण नहीं होगा। आरक्षण होगा तो दलित आदिवासी भाइयों के नाम पर होगा लेकिन वोट बैंक की भूखी कांग्रेस ने इन महापुरुषों के परवाह नहीं की।

हेमंत सोरेन ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा

एजेंसी

नई दिल्ली। झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। हेमंत सोरेन ने कहा है कि झारखंड हाई कोर्ट उनकी गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला सुनाने में काफी देरी कर रहा है।

आज जस्टिस संजीव खन्ना की अध्यक्षता वाली बेंच के समक्ष हेमंत सोरेन की ओर से पेश वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने कहा कि हाई कोर्ट ने हेमंत सोरेन की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर 28 फरवरी को ही फैसला सुरक्षित कर लिया था लेकिन अभी तक फैसला नहीं सुनाया है। इसकी वजह से हेमंत सोरेन चुनाव प्रचार में हिस्सा नहीं ले रहे हैं। तब जस्टिस संजीव खन्ना ने कहा कि आप मेल कीजिए, चीफ जस्टिस उस पर विचार करेंगे। ईडी ने 31 जनवरी को भूमि घोटाला मामले में हेमंत सोरेन से पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था। फिलहाल सोरेन न्यायिक हिरासत में हैं।

हाई कोर्ट हेमंत की गिरफ्तारी को चुनौती देने वाली याचिका पर फैसला सुनाने में कर रहा है देरी

ईडी ने 31 जनवरी को भूमि घोटाला मामले में हेमंत सोरेन से पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था

संपत्ति बांटेंगे कभी नहीं कहा, हम देश में जातीय जनगणना कराएंगे: राहुल गांधी

जाति में नहीं, बल्कि 'न्याय' में है दिलचस्पी : राहुल गांधी

एजेंसी

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी की ओर से लगातार आलोचना की शिकार कांग्रेस पार्टी और उनके नेता राहुल गांधी संपत्ति पुनर्वितरण पर पीछे हटते दिखाई दे रहे हैं। सैम पित्रोदा के बयान के बाद कांग्रेस पार्टी लगातार स्पष्टीकरण दे रही है। वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि उन्होंने कभी नहीं कहा कि हम संपत्ति बंटवारे पर कार्रवाई करेंगे लेकिन हम देश में जातीय जनगणना का काम कराएंगे। नई दिल्ली के जवाहर भवन में आयोजित सामाजिक न्याय सम्मेलन में राहुल गांधी ने यह बात कही। राहुल गांधी ने कहा कि उन्हें जाति में नहीं, बल्कि 'न्याय' में दिलचस्पी है लेकिन जानकारी के लिए जातीय जनगणना जरूरी है ताकि पता चल सके कि कितना अन्याय हुआ है। उन्होंने कहा कि जातिगत जनगणना मेरे लिए राजनीति का मुद्दा नहीं है, ये मेरे जीवन का मिशन है।

राहुल गांधी ने कहा कि जातिगत जनगणना एक सर्वेक्षण नहीं है। इसमें आर्थिक और संस्थागत घटक भी शामिल किए जाएंगे। जिससे पता चल सके कि कौन सा समुदाय सबसे ज्यादा लाभांवित है ओर आर्थिक सामाजिक न्याय के लिए क्या करने की जरूरत है। इनका कहना है कि हिंदुस्तान के 90 प्रतिशत लोगों के साथ अन्याय हो रहा है।

राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 10 साल से कह रहे थे कि वे ओबीसी हैं लेकिन जैसे ही मैंने जातिगत जनगणना की बात की वे कहते हैं हिंदुस्तान में सिर्फ दो ही जाति हैं, अमीर और गरीब। राहुल गांधी ने कहा कि मैं कह रहा हूं कि अगर आप गरीबों की लिस्ट देखेंगे तो उसमें आपको एससी, एसटी, ओबीसी वर्ग के लोग मिल जाएंगे, लेकिन, अमीरों के लिस्ट में आपको एक भी नहीं मिलेंगे।

हिंदुस्तान में सिर्फ दो ही जाति हैं, अमीर और गरीब

राहुल गांधी ने कहा के देश के हाईकोर्ट में 650 जज हैं लेकिन 90 प्रतिशत का प्रतिनिधित्व 100 जजों द्वारा किया जा रहा है। सुप्रीम कोर्ट में यह आंकड़ा भी नदारद है। राहुल गांधी ने यह भी कहा कि हिंदुस्तान की मीडिया और बड़ी कंपनियों के मालिकों या न्यूज एंकरों की लिस्ट में एससी, एसटी, ओबीसी वर्ग का कोई नहीं मिलेगा। उन्होंने कहा कि 90 प्रतिशत लोगों के हाथ में 'माइक' है ही नहीं। ऐसे में जिन 90 प्रतिशत लोगों के पैसे से देश चल रहा है, उनके हाथों में भी 'माइक' दिया जाना चाहिए। राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस ने देश को आजादी दिलाई। देश को संविधान दिया। देश में हरित क्रांति, श्वेत क्रांति लाई। बैंकों का राष्ट्रीयकरण किया। प्रिवी पर्स को खत्म किया। देश में कंप्यूटर क्रांति लाई। कांग्रेस देश में क्रांतिकारी काम करती रही है। कांग्रेस की सरकार आते ही हम जातिगत जनगणना करा देंगे। ये मेरी गारंटी है।

भ्रामक विज्ञापन मामले में पतंजलि ने अखबारों में फिर छपवाई माफी

एजेंसी

नई दिल्ली। देश की सर्वोच्च अदालत द्वारा भ्रामक विज्ञापन मामले में सख्त सवाल पूछने के बाद पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड ने बुधवार को एक बार फिर अखबारों में माफी छपवाई है। पतंजलि के माफीनामा का आकार इस बार पहले से ज्यादा बड़ा है।

योग गुरु बाबा रामदेव और उनके सहयोगी आचार्य बालकृष्ण ने पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के खिलाफ भ्रामक विज्ञापन मामले में सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों का पालन नहीं करने के लिए आज अखबारों में सार्वजनिक माफी मांगी है। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने इसकी जानकारी मांगते हुए पतंजलि से पूछा था कि क्या उसकी माफी उसके विज्ञापनों जितनी बड़ी है।

पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड का आज सुबह प्रकाशित विज्ञापन अखबार के पृष्ठ के एक-चौथाई हिस्से को कवर करता है। इस विज्ञापन का शीर्षक बिना शर्त सार्वजनिक माफी है।

इसमें लिखा है, भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष चल रहे मामले (रिट याचिका सी. संख्या 645/2022) के मद्देनजर हम अपनी व्यक्तिगत क्षमता के साथ-साथ कंपनी की ओर से गैर-अनुपालन या अवज्ञा के लिए बिना शर्त माफी मांगते हैं। इसे भारत के माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों या आदेशों के बारे में यह पढ़ा जाए।

अखबार में प्रकाशित इस माफी में लिखा है, हम दिनांक 22 नवंबर, 2023 को बैठक या प्रेस कांफ्रेंस आयोजित करने के लिए बिना शर्त माफी मांगते हैं। हम अपने विज्ञापनों को प्रकाशित करने में हुई गलती के लिए ईमानदारी से माफी मांगते हैं। यह हमारी पूरी प्रतिबद्धता है कि ऐसी त्रुटियां दोहराई नहीं जाएंगी। हम निर्देशों का पालन करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

इसमें आगे लिखा है कि हम न्यायालय की महिमा का सम्मान बनाए रखने और लागू कानूनों एवं माननीय न्यायालय, संबंधित अधिकारियों के निर्देशों का पालन करने का वचन देते हैं। इस माफी के विज्ञापन के अंत में पतंजलि आयुर्वेद लिमिटेड के साथ आचार्य बालकृष्ण और स्वामी रामदेव का नाम भी दिया गया है।

तुलसियानी ग्रुप के 10 ठिकानों पर छापा

कंपनी पर बैंकों और निवेशकों के करोड़ों रुपये हड़पने का आरोप

एजेंसी

लखनऊ। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम ने बुधवार को तुलसियानी ग्रुप के 10 ठिकानों पर छापेमारी की। कार्रवाई का यह सिलसिला राजधानी लखनऊ, प्रयागराज, नोएडा, दिल्ली और गुरुग्राम में चल रहा है। कंपनी पर बैंकों और निवेशकों के करोड़ों रुपये हड़पने का आरोप है। ईडी ने पिछले साल दिसम्बर माह में कम्पनी के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत मामला दर्ज किया था।

ENFORCEMEN

आरोप था कि कम्पनी ने फर्जी दस्तावेज जमा कर पंजाब नेशनल बैंक से 04.63 करोड़ रुपये का लोन लिया था। जब बैंक ने ऋण वसूली के लिए पत्राचार किया तो कंपनी की ओर से कोई जवाब नहीं आया। बैंक प्रबंधक की शिकायत पर तुलसियानी ग्रुप के निदेशक महेश तुलसियानी, अनिल कुमार तुलसियानी और पूर्व निदेशकों के खिलाफ हजरतगंज कोतवाली में मामला दर्ज किया गया। इसी मामले में ईडी की टीम ने बुधवार को लखनऊ समेत कई जिलों में छापेमारी की है। निवेशकों के करोड़ों रुपये हड़पने के आरोप में पुलिस ने अजय तुलसियानी और अनिल कुमार तुलसियानी को गिरफ्तार भी किया था। हालांकि अभी तक इसको लेकर किसी भी अधिकारी का बयान नहीं आया है।

10.48 करोड़ का सोना जब्त, चार गिरफ्तार

विदेशी चिन्ह हटने के बाद सोने को स्थानीय बाजार में बेच दिया जाता है

मामले की गहन छानबीन जारी जल्द होगी और गिरफ्तार

एजेंसी

मुंबई। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की टीम ने दक्षिण मुंबई में स्थित झवेरी बाजार में सोना पिघलाने वाली एक फैक्टरी में छापा मारकर 10.48 करोड़ रुपये का सोना और 1.90 लाख अमेरिकी डॉलर जब्त किए हैं। डीआरआई ने यहां दो अफ्रीकी नागरिकों सहित चार लोगों को गिरफ्तार भी किया है। डीआरआई के एक अधिकारी ने बुधवार को मीडिया को बताया कि डीआरआई को एक इनपुट मिला था कि मुंबई एयरपोर्ट के माध्यम से अफ्रीका से तस्करी कर लाए गए सोने को विदेशी चिह्नों को हटाने के लिए यहां झवेरी बाजार में स्थित एक फैक्टरी में सोने को पिघलाया जाता है। विदेशी चिन्ह हटने के बाद सोने को स्थानीय बाजार में बेच दिया जाता है।

दो अफ्रीकी नागरीक भी गिरफ्तार

इसी जानकारी के आधार पर सोमवार को डीआरआई की टीम ने झवेरी बाजार स्थित फैक्टरी में छापा मारकर दो लोगों को गिरफ्तार किया और वहां पिघलाने के लिए लाया गया 9.31 किलोग्राम सोना, जिसकी कीमत 10.48 करोड़ रुपये आंकी गई जब्त किया गया। इसके अलावा 16.66 किलोग्राम चांदी और 1.90 लाख अमेरिकी डॉलर बरामद किया है। इस मामले की गहन छानबीन जारी है। डीआरआई ने गिरफ्तार दोनों आरोपितों की निशानदेही पर दक्षिण मुंबई के होटल से दो अफ्रीकी नागरिकों को मंगलवार को देर रात गिरफ्तार किया गया। डीआरआई सूत्रों ने बताया फैक्टरी से पिघले सोने की खरीदारी करने वाले व्यापारी के कार्यालय पर भी टीम ने छापा मारा, लेकिन वह व्यापारी फरार हो गया।

चंडीगढ़ की प्रयोगशाला में परीक्षण के दौरान बीआईएस के मानकों पर उतरी खरी

सशस्त्र बलों के लिए विकसित की गई स्वदेशी बुलेट प्रूफ जैकेट

ऑपरेशन के दौरान पहनने की क्षमता और आराम को बढ़ाती है स्वदेशी जैकेट

यह जैकेट नए डिजाइन दृष्टिकोण पर आधारित है

नई प्रक्रियाओं के साथ नवीन सामग्री का उपयोग किया गया है

एजेंसी

नई दिल्ली। रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग (डीआरडीओ) ने सशस्त्र बलों के लिए सबसे हल्की स्वदेशी बुलेट प्रूफ जैकेट विकसित किया है। इसे कानपुर स्थित रक्षा सामग्री और भंडार अनुसंधान और विकास प्रतिष्ठान (डीएमएसआरडीई) में तैयार किया गया है। हाल ही में इस बुलेट प्रूफ जैकेट का चंडीगढ़ की लैब में परीक्षण किया गया, जो पूरी तरह बीआईएस के उच्चतम खतरे के स्तर 6 के मानकों पर खरी उतरी है। डीआरडीओ की चंडीगढ़ में स्थित टर्मिनल बैलिस्टिक अनुसंधान प्रयोगशाला (टीबीआरएल) में टेस्ट की गई 7.62 7 54 स्वदेशी बुलेट प्रूफ जैकेट बीआईएस 17051 के स्तर 6 के मानकों पर आधारित है। इसे गोला-बारूद से सुरक्षा के लिए देश में सबसे हल्की बुलेट प्रूफ जैकेट बताया गया है। हाल ही में इस बुलेट प्रूफ जैकेट का बीआईएस 17051-2018 के अनुसार टीबीआरएल, चंडीगढ़ में सफलतापूर्वक परीक्षण किया गया था। यह जैकेट नए डिजाइन दृष्टिकोण पर आधारित है, जहां नई प्रक्रियाओं के साथ नवीन सामग्री का उपयोग किया गया है।

इस जैकेट का फ्रंट हार्ड आर्मर पैनल (एचएपी) आईसीडब्ल्यू (इन-कंजंक्शन विद) और स्टैंड अलोन डिजाइन दोनों में 7.62 7 54 आर एपीआई (स्नाइपर राउंड) के कई हिट (06 शॉट्स) का मुकाबला करने में सक्षम है। एर्गोनॉमिक रूप से डिजाइन किया गया फ्रंट एचएपी पॉलिमर बैकिंग के साथ मोनोलिथिक सिरेमिक प्लेट से बना है, जो ऑपरेशन के दौरान पहनने की क्षमता और आराम को बढ़ाता है। रक्षा अनुसंधान एवं विकास विभाग के सचिव और डीआरडीओ के अध्यक्ष डॉ. समीर वी कामत ने उच्चतम स्तर के खतरे से सुरक्षा के लिए इस सबसे हल्के बुलेट प्रूफ जैकेट के सफल विकास के लिए डीएमएसआरडीई को बधाई दी है।

तमिलनाडु के किसानों का दिल्ली में खोपड़ियों के साथ प्रदर्शन

एजेंसी

नई दिल्ली। फसलों की कीमतों सहित विभिन्न मांग को लेकर तमिलनाडु के लगभग 200 किसान केंद्र सरकार के खिलाफ दिल्ली के जंतर-मंतर पर विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी किसान कथित तौर पर आत्महत्या कर चुके किसानों की खोपड़ियां और हड्डियां भी साथ में लिए हुए हैं। इसी बीच एक महिला प्रदर्शनकारी किसान पेड़ पर चढ़ गई। बताया जा रहा है कि महिला आत्महत्या करने के लिए पेड़ पर चढ़ गई थी। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पुलिस व दमकल विभाग की टीम ने महिला को पेड़ से नीचे उतारने के लिए पहुंची है। महिला को पेड़ से उतारने की कोशिश की जा रही है। वहीं, प्रदर्शनकारी किसानों का कहना है कि अगर सरकार हमारी बात नहीं सुनती है तो हम वाराणसी जाएंगे और पीएम मोदी के खिलाफ चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अपनी मांगों के लिए पहले भी विरोध प्रदर्शन किया है। हम प्रधानमंत्री के खिलाफ नहीं हैं या किसी राजनीतिक दल से हमारा कोई संबंध नहीं है। हम सिर्फ उनकी मदद चाहते हैं।

एक नजर

झारखंड के लोग खुद बनाते हैं अपनी राह : कल्पना सोरेन

रांची। पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने विदेश में रहकर पढ़ाई पूरी करने वाले छात्र संजय को बधाई दी है। उन्होंने बुधवार को ट्वीट कर लिखा है खूब बधाई। कोई भी विपत्ति आए झारखंडी अपनी राह खुद बनाता है। उस राह पर चलकर अपनी मंजिल को भी पाता है। क्योंकि, झारखंडियों ने कभी झुकना सीखा ही नहीं है। कल्पना ने लिखा है कि हेमंत सोरेन से जेल में अपनी अगली मुलाकात में मैं आपकी उपलब्धि के बारे में उन्हें जरूर बताऊंगी। वो आपकी इस उपलब्धि पर बहुत खुश होंगे। मुझे वह कहते थे कि झारखंड से 50 से अधिक आदिवासी, दलित, पिछड़ा और अल्पसंख्यक समाज के युवा विदेश में सौ फीसदी सरकारी खर्चे पर पढ़ाई के लिए जा चुके हैं। कुछ की तो विदेश में ही नौकरी भी लग गयी है। वह यह भी कहते थे कि देखना जब यह युवा विदेश में नई-नई जानकारी सीखेंगे तो उसका उपयोग वह अपने लिए, अपने परिवार के लिए, अपने गांव के लिए, अपने समाज के लिए, अपने झारखंड के लिए और देश के लिए कर पाएंगे और यह भी कि अब झारखंड पीछे मुड़कर नहीं देखेगा, आगे बढ़ने का यह जो कारवां शुरू हुआ है, वह बढ़ता ही जायेगा।

हेमलाल मुर्मू बने झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता

रांची। झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केन्द्रीय कार्यकारिणी सदस्य हेमलाल मुर्मू को पार्टी का केन्द्रीय प्रवक्ता बनाया गया है। पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष शिबू सोरेन के निर्देश पर बुधवार को हेमलाल मुर्मू को प्रवक्ता बनाया गया। इस संबंध में पार्टी के महासचिव विनोद कुमार पांडे ने पत्र जारी किया है। यह नियुक्ति पत्र निर्गत होने के समय से ही तत्काल प्रभाव से लागू होगी।

रांची में कृषि पाठ्यक्रम पर आधारित दो दिवसीय कार्यशाला शुरू

रांची। राज्य के 30 सरकारी स्कूलों में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में शुरू हो रहे कृषि पाठ्यक्रम पर आधारित दो दिवसीय कार्यशाला की बुधवार को रांची के झारखंड शैक्षिक अनुसंधान एवं प्रशिक्षण परिषद में शुरूआत हुई। इस दो दिवसीय कार्यशाला में छह बुनियादी विद्यालय, 24 नेताजी सुभाषचंद्र बोस आवासीय विद्यालय के शिक्षक एवं ग्राम शिक्षा समिति के सदस्य शामिल हो रहे हैं। कार्यशाला का उद्देश्य स्कूली शिक्षा में कृषि के महत्त्व और कृषि क्षेत्र की व्यावहारिकताओं की व्यापकता का विस्तार करते हुए गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करना है। कार्यशाला का नेतृत्व रामकृष्ण मिशन के संन्यासी सशाकानंद महाराज ने किया। कार्यशाला का संचालन जेसीईआरटी के प्रशासनिक उप निदेशक महीप सिंह, बिरसा कृषि विश्वविद्यालय के रिटायर्ड निदेशक आरपी सिंह रतन, गढ़वा कृषि विश्वविद्यालय के डीन डॉ. अशोक कुमार, व्यावसायिक शिक्षा के राज्य कार्यक्रम पदाधिकारी स्वप्निल कुजूर ने किया।

कांग्रेस के घोषणापत्र को संजय सेठ ने बताया देश तोड़ो पत्र

रांची। रांची के सांसद सह भाजपा प्रत्याशी संजय सेठ ने कहा कि कांग्रेस के मंसूबे इस देश को लेकर हमेशा ही बांटने वाले और बर्बाद करने वाले रहे हैं। इस बार कांग्रेस ने जो घोषणा पत्र लाया है, जनता इनके मुंह पर कालिख पोतेगी। चुनावी कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में श्री सेठ ने कहा कि कांग्रेस का घोषणा पत्र देश को तोड़ने वाला पत्र है। हिंदू मुस्लिम को लड़ाने वाला पत्र है। इन्होंने हमेशा हमेशा हिंदू मुसलमान किया है। समाज को बांटने का काम किया है। श्री सेठ ने कहा कि वर्ष 2013 में जब कांग्रेस की सरकार थी। तब इन लोगों ने सांप्रदायिक लक्षित हिंसा अधिनियम के नाम से एक विधेयक लाया था। यह इतना खतरनाक विधेयक था, जिसमें यहां बैठे सारे लोग इसकी चपेट में आते। सबका जीवन बर्बाद हो जाता। इस विधेयक के माध्यम से सीधे-सीधे हिंदुओं को टारगेट किया गया था। इस बार का कांग्रेस का घोषणा पत्र देश के विकास का घोषणा पत्र नहीं है, देश को बांटने का घोषणा पत्र है।

आवश्यक सेवाओं से जुड़े सभी मतदाताओं के लिए सुगम मतदान सुनिश्चित कराएं : रवि

संवाददाता

रांची। निर्वाचन कार्य से जुड़े और वैसे मतदाता, जो आवश्यक सेवा यथा रेलवे, स्वास्थ्य, मीडिया, अग्निशमन आदि में कार्यरत हैं और वे मतदान के दिन अपने कर्तव्य पर रहने के कारण मतदान केंद्र नहीं जा सकते, उन सभी मतदाताओं का फॉर्म 12 डी भरवाकर आवेदन ले लें एवं उनका पोस्टल बैलेट से मतदान सुनिश्चित कराएं। एक भी मतदाता, जो अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहते हों, वह अपने मतदान के अधिकार से वंचित न हों, इस ध्येय को लक्षित कर पदाधिकारी कार्य करें।यह निर्देश मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने निर्वाचन सदन से सभी जिलों के जिला उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं जिला पोस्टल बैलेट नोडल अधिकारियों के साथ बुधवार को आयोजित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक में दिया।

कुमार ने कहा कि सभी जिलों के पोस्टल बैलेट कोषांग के पदाधिकारी अपने जिले की आवश्यक सेवाओं से जुड़े एवं मतदान कार्य में कार्यरत मतदाताओं से पोस्टल बैलेट से मतदान के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा उनके लिए विहित फॉर्म भरवाकर आवेदन ले लें या वे स्वयं मतदान केंद्र पर जाकर मतदान करने के लिए इच्छुक हैं, वैसी स्थिति में उनकी संस्थान की प्रतिक्रिया लेते हुए निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गए प्रारूप में प्रतिवेदन समर्पित करें।

कुमार ने कहा कि रेलवे के सभी संबंधित पदाधिकारियों से निकट समन्वयन स्थापित कर सभी रेलकर्मियों, वेंडरों, कुलियों सहित अन्य लोगों को भी मताधिकार के प्रयोग के लिए जागरूक करें। साथ ही उनके सुगम मतदान के लिए आवश्यक प्रयास करें। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर इस मामले में असहयोग की संभावना हो, तो बताएं। इसी प्रकार से 80 वर्ष से अधिक आयु के वैसे वरिष्ठ नागरिक या दिव्यांग मतदाता, जो मतदान केंद्र तक आने-जाने में अक्षम हों, उनके पोस्टल बैलेट के माध्यम से मतदान के लिए सभी आवश्यक तैयारियां ससमय पूरी कर लें। इस अवसर पर अपर मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी डॉ. नेहा अरोड़ा, राज्य पुलिस पोस्टल बैलेट नोडल पदाधिकारी पटेल मयूर कन्हैया लाल, ओएसडी गीता चौबे सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

तीन अपराधियों की सीसीए की अवधी बढ़ी

रांची। राजधानी रांची के 3 कुख्यात अपराधियों के जेल से बाहर आने के सपनों पर पानी फिर गया है। क्योंकि अपराधियों पर लगे सीसीए की अवधि अगले तीन महीनों के लिए बढ़ा दी गई है।

इन तीन कुख्यात अपराधियों में रंजीत साव, शेख फिरोज और फरहान अंसारी के नाम शामिल हैं। मालूम की रांची उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने इन सभी अपराधियों को जेल से बाहर नहीं निकलने का आदेश जारी किया है। इनपर कई अपराधिक मामले जिसमें रंगदारी, हत्या, जमीन कारोबारियों और बिल्डरों से रंगदारी इतना ही नहीं जब वे रंगदारी का विरोध करते तो उनकी हत्या या उनपर जानलेवा हमला करने का आरोप है।

दो प्रदेश अध्यक्षों की राजनीतिक भविष्य तय करेगा झारखंड के लोकसभा चुनाव के परिणाम

संदीप जैन

रांची। झारखंड के 14 लोकसभा के चुनावी परिणाम एनडीए और इंडिया गठबंधन के दो प्रदेश अध्यक्षों के आगे की राजनीति भविष्य तय करेगी। इसमें एनडीए गठबंधन के प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी पर भाजपा के शिर्ष नेतृत्व ने मोदी के 400 पार करने की जिम्मेंवारी है। इसमें एनडीए गठबंधन के खाते में कितनी सिटे मरांडी दिलवाएगें। वर्तमान में एनडीए गठबंधन के पाले में 14 में से 12 लोकसभा सिटों पर कब्जा है।

इसमें 11 भाजपा और 1 आजसू के पास है। 2 सिट पर जेएमएम का कब्जा है। कांग्रेस के पास एक भी सांसद नहीं है। वर्तमान समय में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर की प्रतिष्ठा भी

इस बार के लोकसभा चुनाव में दाव पर लगी है। राज्य में इस बार के लोक सभा चुनाव में श्री ठाकुर कांग्रेस का खाता खोलकर कितनी सिट कांग्रेस की झोली में दिला सकते है। इस बार यहां कांग्रेस अकले नहीं वल्कि इंडिया गठबंधन के साथ चुनाव मैदान में है। वहीं झारखंड में कांग्रेस को महागठबंधन में मिली सीट पर कांग्रस ने प्रत्याशियों को चुनाव मैदान में उतार दिया है।

इसके बाद रविवार को हुई इंडिया गठबंधन की उलगुलान रैली में कांग्रेस और राजद समर्थकों के बीच हुई मारपीट तो धनबाद प्रत्याशी का विरोध होना क्या इंडिया गठबंधन की चुनावी नैया पार करा सकेगी। यह एक बड़ा सवाल इंडिया गठबंधन के सामने आ गया है। वहीं पार्टी के कई पुराने नेता और कार्यकर्त्ता जो चुनाव में अपनी किस्मत अजमाने के लिए पार्टी के साथ लगे रहे वैसे टिकट की चाह रखने वाले नेता अपनी कितनी चुनावी जिम्मेंवारी पार्टी के प्रति निभाएगे यह भी एक बड़ा चुनावी फैक्टर रहेगा। यही कुछ परिस्थितियां एनडीए गठबंधन में भी दिखाई पड़ रही है। इसमें कुछ वैसे पूराने नेता है जो पार्टी के एक सच्चे सिपाही बनकर पार्टी के लिए अपना पूरा समय लगा दिया।

आतंकी फैजान अंसारी की डिस्चार्ज पिटीशन पर सुनवाई पूरी

संवाददाता

रांची। एनआईए के विशेष न्यायाधीश एमके वर्मा की अदालत में बुधवार को लोहरदगा से गिरफ्तार आतंकी संगठन आईएसआईएस के संदिग्ध आतंकी फैजान अंसारी उर्फ फैज की डिस्चार्ज पिटीशन पर सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने फैसला सुरक्षित रख लिया है। अदालत तीन मई को फैसला सुनाएगा। आरोपित ने मामले में खुद को निर्दोष बताते हुए 20 मार्च को डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल की थी। अदालत आरोपित की जमानत याचिका पिछले सप्ताह खारिज कर चुका है। एनआईए ने उसे 19 जुलाई, 2023 को गिरफ्तार किया था। तब से वह जेल में है। उस पर आतंकी संगठन आईएसआईएस के विदेशी संचालकों के संपर्क में रहने और भारत में हिंसक कार्रवाई की योजना बनाने का आरोप है।

श्री हनुमान जयंती महोत्सव का हुआ आयोजन

रांची। श्री हनुमान जयंती के जन्मोत्सव के मौके पर अपर बाजार स्थित महाराजा अग्रसेन भवन मे रांची जिला मारवाड़ी सम्मेलन के निवर्तमान अध्यक्ष सुरेश चंद्र अग्रवाल की ओर से हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। इस मौके पर श्री हनुमान जी का अलौकिक नयनाभिराम श्रृंगार, अखंड ज्योत, सवामणि भोग, भजन कीर्तन, महाआरती कार्यक्रम का आयोजन किया गया। महोत्सव का शुभारंभ मुख्य यजमान अंशुमान अग्रवाल सपत्नीक शैलवी जैन ने प्रथम देव भगवान गणेश पूजन, अखंड ज्योत प्रज्वलित कर किया। वहीं हनुमान जी को सवामणि भोग का प्रसाद लगाया गया। इसमें विभिन्न प्रकार के मेवा, मिष्ठान, फल, लड्डू आदि का भोग अर्पित किया गया। वीर हनुमान के जयकारों के बीच भक्तगण वीर बजरंगबली का दर्शन कर मंगलमय जीवन की कामना की। भक्तों ने श्री हनुमान चालीसा का पाठ किया।

नामकुमः अज्ञात वाहन ने ली दो की जान तीन घंटे तक रही सड़क जाम

वरीय संवाददाता

रांची। नामकुम थाना के खरसीदाग ओपी क्षेत्र के डहुटोली के पास मंगलवार देर रात अज्ञात वाहन के चपेट में आने से बाइक सवार दो युवकों 18 वर्षीय सुजीत गंझू और 17 वर्षीय संदीप गंझू की मौत हो गयी। घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची नामकुम और खरसीदाग ओपी पुलिस ने बुधवार को दोनों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

इधर बुधवार को पोस्टमार्टम के बाद दर्जनों ग्रामीणों ने परिजनों के साथ मुआवजे की मांग को लेकर शव के साथ रिंग रोड स्थित विनायका गोदाम के सामने शाम साढ़े चार बजे से सड़क जाम कर दिया। जिससे सड़क के दोनों तरफ वाहनों की लंबी कतार लग गयी। बाद में जाम की सूचना पर नामकुम अंचल के सीओ प्रभात भूषण थाना प्रभारी इंस्पेक्टर ब्रह्मदेव प्रसाद, खरसीदाग ओपी प्रभारी चूड़ामणी टुडू दलबल के साथ मौके पर पहुंचे और जाम कर रहे लोगों को समझाने क कोशिश की लेकिन उनकी बातों को कोई असर ग्रामीणों को नहीं हुआ। ग्रामीणों का आरोप था की रिंग रोड स्थित एशियन पेंट गोदाम की गाड़ी ने इनकी मोटरसाइकिल में धक्का मार दिया जिससे दोनों की घटना स्थल पर ही मौत हो गयी।

हालांकि कंपनी इनके आरोप को एक सिरे से इंकार करती रही। उसे बावजूद तीन घंटे तक लगी जाम से लोगों को हो रही परेशानी को देखते हुए कंपनी के पदाधिकारियों और मृतक के परिजनों के साथ सीओ व पुलिस ने समझौता कराया जिसमें कंपनी ने दोनों मृतकों को सवा सवा लाख रुपया और सरकार की हिट एंड रन योजना से दो दो लाख रुपये देने की आश्वासन के बाद तीन घंटे के बाद शाम 7.30 बजे जाम हटा लिया गया।

झारखंड मुक्ति मोर्चा को तानाशाही याद आ गई : प्रतुल

संवाददाता

रांची। भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने बुधवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रेस वार्ता पर पलटवार करते हुए कहा कि देश में इमरजेंसी के जरिए तानाशाही लागू करने वाली कांग्रेस के साथ सत्ता भोग रही झारखंड मुक्ति मोर्चा को आज वर्तमान सरकार में तानाशाही दिख रही है। प्रतुल ने कहा इमरजेंसी देश का सबसे काला अध्याय था जब सभी संवैधानिक अधिकारों को सस्पेंड कर दिया गया था।

लोगों को मीसा कानून के तहत बिना बेल के जेल में वर्षों तक रखा गया था । इसी काले कानून की याद में होकर लालू प्रसाद ने अपनी बेटी का नाम मीसा रखा था आज वह भी इस इंडी गठबंधन में है। प्रतुल ने कहा यह इमरजेंसी का ही दौर था जब राज्य और न्यायालयों की शक्तियों को संविधान में संशोधन करके छीनने का प्रयास किया गया था। इसी इमरजेंसी के दौर में सर्वोच्च न्यायालय के तीन वरीय न्यायाधीशों को सुपर सीड करके चौथे को मुख्य न्यायाधीश बना दिया गया था।

कहा झारखंड मुक्ति मोर्चा इमरजेंसी के नसबंदी के भी दौर को कैसे भूल सकती है जब कांग्रेस ने तानाशाही का क्रूरतम चेहरा दिखाया था। आज कम से कम झारखंड मुक्ति मोर्चा ने स्वीकार किया कि कांग्रेस पार्टी तानाशाह प्रवृति की है।

डिंपल यादव के निर्विरोध चुने जाने पर सब खामोश थे,सूरत के परिणाम पर प्रश्न क्यों?

प्रतुल शाहदेव ने कहा कि सूरत से भाजपा के प्रत्याशी निर्विरोध क्या निर्वाचित हो गए तो विपक्ष ने भूचाल खड़ा कर दिया और चुनाव आयोग पर ही प्रश्न खड़ा कर दिया। प्रतुल ने कहा उस समय इन दलों के नैतिकता कहां गई थी जब 2012 में डिंपल यादव कन्नौज से निर्विरोध चुनी गई थी। उनके खिलाफ खड़े दो प्रत्याशियों ने अंतिम दिन नामांकन वापस ले लिया था। इसके अतिरिक्त देश में 44 बार लोकसभा में प्रत्याशी निर्विरोध चुने गए हैं। इस बार पूर्वोत्तर राज्यों में भी अनेक स्थानों पर विधानसभा के चुनाव में प्रत्याशी निर्विरोध चुने जा रहे हैं। उस पर सब खामोश है। सिर्फ सूरत पर सिलेक्टिव एजेंडा खड़ा किया जा रहा है।

कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने रामटहल चौधरी से लिया आशीर्वाद

संवाददाता

रांची। कांग्रेस प्रत्याशी यशस्विनी सहाय ने पूर्व सांसद रामटहल चौधरी से ओरमांझी स्थित उनके आवास पर मिलकर उनसे आशीर्वाद लिया। इस मौके पर सुश्री सहाय के पिता पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय भी साथ थे। सुश्री सहाय ने श्री चौधरी से संसदीय राजनीति के अनुभवों के बारे में भी जाना। पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ने भी श्री चौधरी से बेटी यशस्विनी को हर संभव सहयोग देने का आग्रह किया। मालूम कि पांच बार रांची संसदीय सीट से सांसद रहे भाजपा के रामटहल चौधरी ने पिछली बार भाजपा को अलविदा कह दिया था और निर्दलीय चुनाव मैदान में उतरे थे, लेकिन उन्हें हार का सामना करना पड़ा। गत दिनों श्री चौधरी ने कांग्रेस का दामन थामा। इस मौके पर अनवर अहमद अंसारी, सुरेश बैठा, अशोक गुप्ता, शंकर गुप्ता, सुरेश साहू, तुलसी खरवार, अनीता सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

झारखंड हाई कोर्ट ने बीसीसीएल के चेयरमैन से पूछा

धनबाद में बंद पड़ी खदानों में क्यों हो रहा अवैध खनन

संवाददाता

रांची। झारखंड हाई कोर्ट ने बीसीसीएल, धनबाद में बंद पड़ी खदानों से अवैध खनन रोकने को लेकर दायर जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को की। कोर्ट ने बीसीसीएल के चेयरमैन को शपथ पत्र दाखिल कर बताने को कहा है कि धनबाद क्षेत्र में बंद पड़ी खदानों से अवैध माइनिंग क्यों हो रही है? इस अवैध माइनिंग में कई लोगों की जान चली जाती है। ऐसी घटनाओं को रोकने के लिए क्या कार्रवाई की गई। इससे पहले याचिकाकर्ता की ओर से कोर्ट को बताया गया कि वर्ष 2022 में बीसीसीएल धनबाद के क्षेत्र में एक ही दिन में 23 लोगों की मौत अवैध खनन के दौरान हुई थी। ऐसी दुर्घटना में मृत लोगों के परिजन समूह को लेकर भाग जाते हैं। मामले को लेकर ना तो प्राथमिकी दर्ज होती है और न ही अवैध खनन में मरे लोगों के परिजनों को मुआवजा मिलता है। इसकी जांच होनी चाहिए कि बंद पड़े खदानों से अवैध माइनिंग क्यों हो रही है। बीसीसीएल को बंद पड़े खदानों से माइनिंग पर रोक के लिए कोई ठोस कदम उठाना चाहिए, ताकि माइनिंग के दौरान दुर्घटना में लोगों की जान बचायी जा सके।

झारखंड हाई कोर्ट ने डीटीओ-एसएसपी से रांची में अवैध रूप से चल रहे डीजल ऑटो-टोटो का मांगा ब्यौर :

झारखंड हाई कोर्ट में जनवरी 2022 में राजधानी के बिरसा चौक पर ऑटो से महिला की हुई मौत मामले में दाखिल शिव शंकर शर्मा की जनहित याचिका की सुनवाई बुधवार को हुई।

कोर्ट ने मामले में ट्रांसपोर्ट सेक्रेटरी को प्रतिवादी बनाया है। कोर्ट ने उनसे पूछा कि रांची शहर में जो डीजल ऑटो और टोटो चल रहे हैं उनके पॉल्यूशन सर्टिफिकेट, फिटनेस आदि की जांच के लिए क्या कार्रवाई हुई? ऑटो और टोटो चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस की जांच के लिए क्या कार्रवाई की जाती है। कोर्ट ने इन सारे बिंदुओं पर तीन सप्ताह में ट्रांसपोर्ट सेक्रेटरी से जवाब मांगा है।

कोर्ट ने डीटीओ रांची एवं एसएसपी रांची को भी शपथ पत्र दाखिल कर शहर में अवैध रूप से चलने वाले डीजल ऑटो एवं टोटो के संबंध में जवाब मांगा है। कोर्ट ने मामले की सुनवाई के दौरान सरकार के अधिवक्ता श्रीनू गणपती को फटकार लगाते हुए मौखिक कहा कि कोर्ट अभी तुरंत आपके साथ चलकर रांची शहर में बगैर ड्राइविंग लाइसेंस वाले चालक को डीजल ऑटो एवं टोटो को चलाते हुए दिखा सकती है।

कोर्ट ने कहा कि रांची शहर में छोटे-छोटे बच्चे डीजल ऑटो और टोटो चलाते हैं। वे अचानक कहीं भी गाड़ी को मोड़ देते हैं, जिससे आए दिन दुर्घटना होती है।

झारखंड हाई कोर्ट ने विनोबा भावे विवि के वीसी और रजिस्ट्रार को जवाब के लिए दिया एक और मौका

रांची। झारखंड हाई कोर्ट की ओर से प्रमोशन के एक मामले में विनोबा भावे विश्वविद्यालय के वाइस चांसलर (वीसी) और रजिस्टर को दिये गये शोकॉज का जवाब दाखिल नहीं किया जा सका। मामले में हाई कोर्ट ने बुधवार को विनोबा भावे विश्वविद्यालय के वीसी और रजिस्टर को जवाब दाखिल करने के लिए एक और मौका दिया है। कोर्ट ने इन दोनों के अलावा जेपीएससी के सचिव से पूछा है कि याचिकाकर्ता को जो प्रमोशन मिलना है उसे अबतक क्यों नहीं दिया गया? कोर्ट ने याचिकाकर्ता को उसे दिये जाने वाले प्रमोशन जल्द देने का निर्देश देते हुए मौखिक कहा कि कोर्ट के आदेश का अनुपालन नहीं होने पर विनोबा भावे विश्वविद्यालय के वीसी और रजिस्ट्रार पर कड़ी कार्रवाई भी संभव है। इससे पहले सुनवाई के दौरान विनोबा भावे विश्वविद्यालय की ओर से कोर्ट को बताया गया कि उसने याचिकाकर्ता के प्रमोशन से संबंधित दस्तावेज जेपीएससी को भेज दिया है। जेपीएससी की ओर से कहा गया कि उसे अब तक दस्तावेज नहीं मिले हैं। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता रोहित रंजन सिन्हा ने पैरवी की। कोर्ट ने पिछली सुनवाई में विनोबा भावे वीसी और रजिस्ट्रार को दिये गये शोकॉज पर जवाब दाखिल करने का निर्देश देते हुए पूछा था कि याचिकाकर्ता के पक्ष में प्रोन्नति देने संबंध में जेपीएससी से सहमति मिलने के बाद भी अदालत के समक्ष तथ्य को छुपा कर शपथ पत्र क्यों दाखिल किया गया? उल्लेखनीय है कि डॉ पवन कुमार सिंह विनोबा भावे विश्वविद्यालय के तहत मार्खम कॉलेज, हजारीबाग में पदस्थापित हैं।

विशेष लोक अदालत 27 को

संवाददाता

रांची। झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, रांची के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार, रांची की ओर से 26 अप्रैल तक व्यवहार न्यायालय, रांची के परिसर में पक्षकारों के साथ चेक अनादरण एवं विद्युत अधिनियम के मामलों पर बातचीत के लिए प्री-लोक अदालत की बैठका दौर लगातार चल रहा है। 27 अप्रैल को पूर्वाह्न 07:30 बजे से विशेष लोक अदालत का आयोजन होना सुनिश्चित हुआ है। इसे लेकर बुधवार को व्यवहार न्यायालय रांची के मीटिंग हॉल में न्यायायुक्त की अध्यक्षता में चेक अनादरण एवं विद्युत अधिनियम से संबंधित मामलों को देख रहे अदालतों बैंक के पदाधिकारी और बिजली विभाग पदाधिकारियों के साथ बैठक की गयी। बैठक में दिवाकर पांडे, न्यायायुक्त, रांची राकेश रंजन, डालसा सचिव समेत व्यवहार न्यायालय, रांची के न्यायिक पदाधिकारी बिजली विभाग एवं बैंक के पदाधिकारी उपस्थित थे। न्यायायुक्त ने चेक अनादरण एवं विद्युत अधिनियम से संबंधित मामलों को देख रहे अदालतों को निर्देश दिया कि वे अगामी विशेष लोक अदालत को सफल बनाने हेतु अधिक से अधिक वादों को चिन्हित कर पक्षकारों को नोटिस भेजें, ताकि झालसा के निदेर्शानुसार संबंधित लंबित वादों में से 20 प्रतिशत वादों का सफलतापूर्वक निश्तारण करने में सफलता प्राप्त किया जा सके। साथ ही बैंक एवं बिजली विभाग के पदाधिकारी से मामलो का निस्तारण के लिए पूर्ण सहयोग करने को कहा। इससे न्यायालय का बोझ कम होगा और लोगो को सुलभ न्याय मिलेगा। बैठक में चेक अनादरण और विद्युत अधिनियम मामलों पर बातचीत की गयी एवं अधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिये गये ताकी आगामी विशेष लोक अदालत में अधिक से अधिक चेक अनादरण और सविद्युत अधिनियम से संबंधित वादों का निश्तारण हो सके।

डीपीएस बोकारो के वरिष्ठ कला शिक्षक सुनील को मिला राष्ट्रीय ख्याति-प्राप्त एमएफ हुसैन अवार्ड

झारखंड से यह पुरस्कार पाने वाले बने एकमात्र कलाकार

3 लाख रुपए की मिलेगी स्कॉलरशिप

एब्सट्रेक्ट पेंटिंग में महारथ है हासिल, शानदार उपलब्धि पर प्राचार्य डॉ. गंगवार ने दी बधाई

संवाददाता

बोकारो : डिजाइनिंग के क्षेत्र में अब तक सैकड़ों बच्चों का भविष्य संवार चुके डीपीएस बोकारो के वरिष्ठ कला शिक्षक एवं शहर के जाने-माने पेंटिंग आर्टिस्ट सुनील कुमार को एमएफ हुसैन अवार्ड से नवाजा गया है। भारत सरकार के एमएसएमई से निबंधित, महाराष्ट्र सरकार से अधिकृत एवं आईएसओ 9001 : 2015 से प्रमाणित महार्ट कॉन्टेस्ट (स्किल डेवलपमेंट ड्राइंग लिटरेसी मिशन) ने पूरे झारखंड से एकमात्र श्री कुमार को इस पुरस्कार के लिए चयनित किया है। इसके तहत उन्हें एक वर्ष तक प्रतिमाह 25 हजार, 700 रुपए (कुल 308400 रुपए) की स्पेशल स्कॉलरशिप मिलेगी, साथ ही अलग से 7000 रुपए की नकद पारितोषिक भी प्रदान की जाएगी। महार्ट कॉन्टेस्ट का आयोजन इसी वर्ष जनवरी महीने में किया गया था। सभी मानदंडों पर खरा उतरने के बाद श्री कुमार एमएफ हुसैन अवार्ड के लिए चुने गए। बुधवार को डाक से उनका सम्मान-पत्र व प्रतिभागिता प्रमाण-पत्र विद्यालय पहुंचा। इस उपलब्धि से अपने विद्यालय, शहर और पूरे राज्य का नाम गौरवान्वित करने वाले शिक्षक सुनील को विद्यालय के प्राचार्य डॉ. एएस गंगवार ने उनका अवार्ड सौंपते हुए उन्हें बधाई दी और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

राजकीय सम्मान सहित मिल चुके हैं कई अवार्ड

उल्लेखनीय है कि सुनील इससे पहले भी कई बार राष्ट्रीय स्तर का सम्मान पाकर अपने विद्यालय और शहर का नाम कला के क्षेत्र में रोशन कर चुके हैं। वर्ष 2015 में झारखंड सरकार की तरफ से राजकीय सम्मान के अलावा दो-दो बार अंतर विश्वविद्यालय युवा महोत्सव में वह स्वर्ण पदक से सम्मानित हो चुके हैं। इसके साथ ही सर्वश्रेष्ठ शिक्षक सम्मान, जोधपुर में ऑल इंडिया आर्ट एग्जीबिशन के दौरान मिला सर्वश्रेष्ठ पेंटिंग अवार्ड आदि उनकी उपलब्धियों में प्रमुखतम हैं। जिस पेंटिंग के लिए उन्हें एमएफ हुसैन अवार्ड हेतु चयनित किया गया है उसमें उन्होंने सामाजिक भावनाओं को सकारात्मक रूप में दशार्या है। लगभग 55 वर्षीय सुनील मॉडर्न आर्ट की नेशनल गैलरी की सर्वोच्च समिति के सदस्य भी हैं। दिल्ली, कोलकाता, पटना, मणिपुर, महाराष्ट्र, भोपाल, राजस्थान, ओडिशा सहित देश के अलग-अलग जगहों में दर्जनों बार उनकी कलाकृतियों की प्रदर्शनी राष्ट्रीय स्तर पर सराहना बटोर चुकी हैं। इसी प्रकार, देश के विभिन्न भागों में उन्होंने पेंटिंग कैंप में भी हिस्सा लिया है। वहीं, देश-विदेश में विभिन्न आर्ट गैलरियों में उनकी पेटिंग्स का कलेक्शन लोगों के लिए आकर्षण का केन्द्र बने हुए हैं।

बचपन से ही पेंटिंग में थी रुचि जानिए क्या है एब्सट्रेक्ट पेंटिंग

पटना से बैचलर और कोलकाता से मास्टर इन फाइन आर्ट्स की डिग्री अर्जित करने वाले सुनील को बचपन से ही पेंटिंग के क्षेत्र में रुचि थी। उन्हें विशेष रूप से एब्स्ट्रेक्ट पेंटिंग (अमूर्तन कला) में महारत हासिल है। किसी भी वस्तु या दृश्य को देखकर उसे अपने तरीके से नए स्वरूप में उकेर देना उनकी कलाकारी की खासियत है। एब्सट्रेक्ट पेंटिंग कला का वह स्वरूप है, जिसमें हम अपनी कल्पना के शुद्ध रूप को कैनवास पर उतारने का प्रयास करते हैं। इसके अंतर्गत बनाई गई हर एक पेंटिंग का अपना एक नया ही स्वरूप होता है। इसमें किसी दृश्य वास्तविकता का सटीक चित्रण प्रस्तुत करने की बजाय इसके प्रभाव को प्राप्त करने के लिए आकृतियों, रंगों, रूपों और संकेतों के निशान का उपयोग किया जाता है।

विद्यालय परिवार के प्रति जताया आभार

एक खास बातचीत में एमएफ हुसैन अवार्डी सुनील कुमार ने कहा कि आज वह जो कुछ भी हैं, इसके पीछे डीपीएस बोकारो परिवार का महत्वपूर्ण एवं केंद्रीय योगदान रहा है। उन्होंने विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार के मार्गदर्शन एवं सहयोग के प्रति आभार व्यक्त किया है। कहा कि विद्यालय ने उन्हें अपनी प्रतिभा निखारने का हर अवसर दिया है, जिसे वह कभी नहीं भूल पाएंगे। विदित हो सुनील ने वर्ष 1998 में डीपीएस बोकारो में अपनी सेवा शुरू की थी।

कला में भी करियर की उज्वल संभावनाएं

श्री कुमार ने बताया कि अब वह समय नहीं रहा कि केवल मेडिकल-इंजीनियरिंग आदि के क्षेत्र में ही बच्चे अपना करियर बना सकते हैं, कला के क्षेत्र में भी उज्जवल भविष्य की असीम संभावनाएं हैं। चित्रांकन भी आज एक प्रकार से अभियंत्रण बन चुका है, जिसके तहत एनआईएफटी, एनआईडी, यूसीईईडी, वास्तुकला आदि में अपना भविष्य संवारा जा सकता है। डीपीएस बोकारो के सैकड़ों विद्यार्थी उनके मार्गदर्शन में आज उक्त कोर्स सफलतापूर्वक पूरा कर खुशहाल जीवन जी रहे हैं। इतना ही नहीं, कला में पारंगत कई निर्धन विद्यार्थियों को वह व्यक्तिगत रूप से निःशुल्क प्रशिक्षण देकर उनका भविष्य संवार चुके हैं। अपने शहर में कला के विकास को लेकर वह समय-समय पर विभिन्न गतिविधियों का भी आयोजन कराते रहे हैं।

एक नजर

चोरी गई टाटा सूमो बरामद, एक गिरफ्तार

बोकारो : सिटी थाना क्षेत्र में बीते 22 अप्रैल को दुंदीबाद से चोरी हुई चारपहिया टाटा सूमो को पुलिस ने बरामद कर लिया। वाहन (जेएच 09 बीडी 8246) को सेक्टर नौ के पास स्थित पचौरा से बरामद किया गया है। पुलिस ने वाहन चोरी के आरोपी जावेद अंसारी (19) को गिरफ्तार भी किया गया है। सिटी डीएसपी आलोक रंजन ने बताया कि पुरुलिया (प.बंगाल) के रहने वाले हजारी महतो की टाटा सूमो शाम करीब 6 :30 बजे दुंदीबाद बाजार के पास से चोरी हो गयी थी, जिसके बाद उन्होने सिटी थाना मामला दर्ज कराया था। इसके बाद पुलिस उपाधीक्षक नगर के नेतृत्व में वाहन की बरामदगी के लिए छापामारी दल का गठन किया गया। छापामारी दल के सदस्यों व तकनीकी शाखा के सहयोग से इस कांड में चोरी हुए चारपहिया वाहन टाटा सूमो गोल्ड को ग्राम पचौरा से अभियुक्त के निशानदेही पर बरामद किया गया। साथ ही उसके पास से वीवो कंपनी का एक स्मार्ट फोन भी बरामद किया है। आरोपी ने अपना अपराध स्वीकार किया है। छापेमारी दल में बीएस सिटी थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास, सेक्टर 12 थाना प्रभारी सुभाष चन्द्र सिंह, हरला थाना प्रभारी अनिल कच्छप आदि शामिल थे।

अनुपमा सिंह को टिकट देने पर ग्रामीणों ने किया पुतला दहन

बोकारो : बोकारो जिले के चास स्थित जोधाडीह मोड़ में बुधवार शाम ग्रामीण एकता मूलवासी मंच के बैनर तले स्थानीय लोगों द्वारा अनुपमा सिंह को टिकट देने के विरोध में कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर और झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर का पुतला दहन किया गया। इस दौरान लोगों ने कहा कि स्थानीय लोगों को टिकट नहीं देकर यहां के लोगों के साथ धोखा किया गया। कहा कि धनबाद लोकसभा क्षेत्र में पिछड़ी जातियों की संख्या अधिक है। कांग्रेस आलाकमान को प्रत्याशी के चयन पर एकबार पुनर्विचार करना चाहिए। मौके पर ग्रामीण भोलानाथ महतो, बिजली देवी, शीला देवी, रेखा देवी, गुड़िया देवी, नियती देवी व अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

गोनियाटो में चिकित्सा शिविर 28 को

बोकारो थर्मल : बोकारो थर्मल डीवीसी हॉस्पिटल एवं सीएसआर के संयुक्त तत्वावधान में 28 अप्रैल को नावाडीह प्रखंड अंतर्गत ऊपरघाट के गोनियाटो एवं 2 मई को अंधुआ में ग्रामीणों के लिए हाइपरटेंशन का जांच शिविर आयोजित किया गया है। जांच शिविर में सभी महिला एवं पुरुष ग्रामीणों की जांच की जाएगी। उक्त जानकारी डीवीसी हॉस्पिटल के डीजीएम (हेल्थ) डॉ एसके झा ने दी।

आवास के मेन गेट होकर निकल रही है सीवरेज वाटर

बोकारो थर्मल : बोकारो थर्मल स्थित डीवीसी की आवासीय कॉलोनी में निमाणार्धीन एसटीपी का कार्य विगत एक माह से बंद पड़ा हुआ है। कार्य बंद होने से विभिन्न आवासों के अंदर तथा सड़क किनारे के चैंबरों से सीवरेज का गंदा पानी निकलने एवं उससे उठने वाली बदबू के कारण कॉलोनीवासियों का रहना दूभर हो गया है। आवासीय कॉलोनी के ऐसे ही एक क्वार्टर नंबर-टाइप 3/6 में सीवरेज का पानी मेन गेट होकर पिछले एक माह से लगातार बह रहा है।

गैस सुरक्षा के लिए प्रभावी उपायों और सुरक्षा नियमों की जानकारी जरूरी : सीजीएम

बीएसएल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित, सैकड़ों अधिकारी व कर्मी हुए शामिल

संवाददाता

AWARENESS PROGRAM ON GAS SAFETY

बोकारो : बोकारो स्टील प्लांट के मानव संसाधन विकास विभाग के मेन ऑडिटोरियम में गैस सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को सुरक्षा अभियंत्रण एवं ऊर्जा प्रबंधन विभाग के द्वारा आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के उदघाटन सत्र मे मुख्य महाप्रबंधक (अनुरक्षण) पीके बैसाखिया, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शक्ति कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (ऊर्जा प्रबंधन विभाग) गुलशन कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं) बीके सरतापे तथा सन्यंत्र के विभिन्न विभागो के लगभग 300 अधिकारीगण, कार्मिक तथा ठेका मजदूर उपस्थित थे।

सहायक महाप्रबंधक (सुरक्षा अभियंत्रण विभाग) राकेश प्रसाद गुप्ता ने सभी प्रतिभागियों तथा मुख्य अतिथियों का स्वागत किया तथा गैस सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। तत्पश्चात मुख्य महाप्रबंधक (सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं) बीके सरतापे ने सभी प्रतिभागियो को सुरक्षा शपथ दिलाई तथा इस कार्यक्रम की आवश्यकता एवं उपयोगिता पर प्रकाश डाला।

मुख्य महाप्रबंधक (ऊर्जा प्रबंधन विभाग) गुलशन कुमार ने अपने संबोधन में स्टील प्लांट के लिए गैस के सुरक्षित उपयोग के महत्व की जानकारी दी एवं सभी प्रतिभागियों से इस कार्यक्रम से लाभ उठाने की अपील की। मुख्य महाप्रबंधक (अनुरक्षण) पीके बैसाखिया ने अपने संबोधन में प्लांट के लिये गैस संबंधित दुर्घटनाओं के कारण और उनसे बचाव के उपायों पर ध्यान केंद्रित करने तथा गैस सुरक्षा के लिए प्रभावी उपायों और सुरक्षा नियमों की जानकारी बढाने की सभी प्रतिभागियों से अपील की।

जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी शक्ति कुमार ने अपने प्रस्तुतीकरण द्वारा सभी प्रतिभागियों को जागरूक किया। तत्पश्चात ऊर्जा प्रबंधन विभाग के सहायक महा प्रबंधक सौरभ सिंह तथा महाप्रबंधक (प्रोजेक्ट) विनोद कुमार ने भी अलग-अलग प्रस्तुतीकरण दिया एवं प्रतिभागियों को गैस सुरक्षा से संबंधित जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्रबंधक (सुरक्षा अभियंत्रण विभाग) अनिरुद्ध दिवाकर ने किया।

कलशयात्रा के साथ हनुमान मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा अनुष्ठान शुरू

संवाददाता

बोकारो : गोमिया प्रखंड में बडकी चिदरी पंचायत के माघो ग्राम के हनुमान मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का शुभारंभ बुधवार को कलश-यात्रा के साथ हुआ।

कलश यात्रा में 551 महिलाएं सहित भारी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए। इस कलशयात्रा में मुख्य अतिथि के रूप में गिरिडीह सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी विशिष्ट अतिथि गोमिया विधायक डा. लम्बोदर महतो गोमिया जिप अध्यक्ष सुनीता देवी शामिल हुए। कलश यात्रा मंदिर प्रांगण से आरंभ होकर जलस्रोत पहुंची, वहां श्रद्धालुओं ने विधि-विधान के साथ पूजा-अर्चना कर कलश में जल लिया। इसके बाद पुनः जल भर सभी महिलाएं माथे पर कलश लेकर मुख्य पथ, गली-मोहल्ला होते हुए गाजेबाजे और भक्तिमय गानों के साथ मंदिर प्रांगण पहुंचीं। वहां कलश की विधिवत रूप से स्थापना की गई। मौके पर मुख्य अतिथि ने सभी श्रद्धालुओं को शुभकामना देते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से स्वच्छ वातावरण व पवित्रता का माहौल बना रहता है ।कार्यक्रम में यज्ञ समिति के सभी सदस्य व सैकड़ों की तादाद में महिला व पुरुष बच्चों श्रद्धालु शामिल हुए।

एसजीएफआई राष्ट्रीय बास्केटबाल में झारखंड की ओर से दम दिखाएंगे डी पी एस के मृदुल अमन

संवाददाता

बोकारो : हरियाणा के गुड़गांव में 27 से 30 अप्रैल तक एसजीएफआई अंडर 17 राष्ट्रीय बास्केटबाल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। जिसमें दिल्ली पब्लिक स्कूल सेक्टर चार के दसवीं के छात्र मृदुल अमन अपनी प्रतिभा दिखाएंगे। राज्य स्तरीय बास्केटबाल ओपन चयन परीक्षण शिविर में इनका चयन झारखंड अंडर 17 बास्केटबाल टीम के लिए किया गया है। ज्ञात हो कि इसके पूर्व भी मृदुल अमन बास्केट बॉल के नेशनल गेम में झारखंड का प्रतिनिधित्व कर चुके हैं। मृदुल अमन बोकारो के वरीय अधिवक्ता रणजीत गिरि एवम शिक्षिका रिंकू गिरि के पुत्र हैं। डी पी एस के प्राचार्य डॉ ए एस गंगवार ने कहा कि विद्यार्थियों को खेलकूद में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। शिक्षकों के मार्गदर्शन में विद्यार्थी राज्य व राष्ट्र स्तरीय प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। इसी का नतीजा है कि मृदुल अमन का चयन झारखंड के लिए हुआ है। झारखंड राज्य के विभिन्न स्कूलों से 12 छात्रों का चयन किया गया है। आज राजधानी एक्सप्रेस से दिल्ली के लिए झारखंड के बारह सदस्यीय टीम रवाना हो गई।

रंगदारी मामले में दो गिरफ्तार

संवाददाता

बोकारो : बोकारो पुलिस ने बुधवार को एक ठेकेदार से रंगदारी मांगने वाले दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामला सेक्टर छह थाना का है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी राजेश करमाली और आजम शेख के पास से एक 12 बोर का देसी कट्टा, एक जिंदा गोली, एक नकली पिस्टल और एक कीपैड मोबाईल बरामद किया है। नगर पुलिस उपाधीक्षक आलोक रंजन ने सिटी थाना परिसर में पत्रकारों को बताया कि 13 अप्रैल को पुल निर्माण करने वाली कंपनी ने धारक के विरूद्ध रंगदारी मांगने का आरोप दर्ज कराया था।

मामले की गंभीरता को देखते हुए कांड के उद्भेदन एवं अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए एक टीम गठित कर तकनीकी शाखा के सहयोग से चतरोचट्टी थाना क्षेत्र के तिसकोपी गांव में छापेमारी की गयी। छापेमारी के क्रम में अभियुक्त राजेश करमाली (35) को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उसने खुद के द्वारा ही वादी से पुल निर्माण कंपनी की तरफ से दो प्रतिशत की लेवी 9 लाख रुपए की मांग की गई थी।

वहीं, लेवी नही देने पर जान से मारने की धमकी दिया जा रहा था। उक्त अभियुक्त राजेश करमाली ने अपना अपराध स्वीकार करते हुए कांड में प्रयुक्त काला रंग व भूरा रंग का कीपैड मोबाइल बरामद किया गया। डीएसपी ने बताया कि राजेश करमाली का पूर्व से आपराधिक इतिहास भी रहा है।

उसके विरूद्ध बड़कागांव थाना, मांडु थाना में भी मामला दर्ज है। छापेमारी दल में सिटी डीएसपी के अलावे बीएस सिटी थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास, सेक्टर 12 थाना प्रभारी सुभाष चन्द्र सिंह, थाना प्रभारी सेक्टर छह ढेना किस्कू, प्रभात कुमार, चतरोचट्टी थाना प्रभारी दीपक राणा आदि शामिल थे।

लोकसभा चुनाव शांतिपूर्ण तरीके से कराने को लेकर पुलिस लगातार कर रही है छापेमारी

संवाददाता

बोकारो थर्मल : गिरिडीह लोकसभा अंतर्गत बेरमो अनुमंडल के सभी नक्सल प्रभावित मतदान केंद्रों में शांतिपूर्ण तरीके से चुनाव संपन्न करवाने को लेकर पुलिस एवं सीआरपीएफ संयुक्त रूप से लगातार छापेमारी कर रही है। उक्त बातें बुधवार को बेरमो एसडीपीओ बशिष्ठ नारायण सिंह ने कही।

बेरमो एसडीपीओ ने कहा कि मतदान शांतिपूर्ण तरीके से हो इसके लिए केंद्र द्वारा भेजी गयी पैरामिलिट्री फोर्स को रखने की व्यवस्था की जा रही है। पैरामिलिट्री फोर्सों को नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में रखने के लिए वैसे भवनों को चिह्नित किया जा रहा है, जहां उन्हें सारी सुविधाएं मसलन पेयजल, बिजली सप्लाई, शौचालय आदि की व्यवस्था सुचारु रुप से हो सके। कहा कि बेरमो के झुमरा पहाड़ एवं नावाडीह के ऊपरघाट के क्षेत्रों में पुलिस की लगातार छापेमारी के कारण पर नक्सली पूरी तरह से बैकफुट हैं। नक्सलियों के मूवमेंट की किसी भी प्रकार की सूचना पर तत्काल कार्रवाई की जाती है। दोनों ही क्षेत्रों में पर्याप्त संख्या में पारा मिलिट्री फोर्सों को चुनाव में तैनात किया जाएगा। इसके अलावा बेरमो अनुमंडल के विभिन्न थानों के वर्षों से फरार वारंटियों को गिरफ्तार कर उन्हें न्यायिक हिरासत में तेनुघाट उपकारा भेजने का काम किया जा रहा है। एसडीपीओ ने कहा कि इसके अलावा अवैध शराब के ठिकानों पर भी उत्पाद विभाग के सहयोग से छापेमारी कर शराब को जब्त एवं नष्ट करने का काम किया जा रहा है।

बताया कि शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में लोकसभा चुनाव संपन्न कराने को लेकर बेरमो अनुमंडल के सभी थाना एवं ओपी क्षेत्र में पुलिस टीम पूरी तरह से मुस्तैद है और लगातार आपराधिक एवं असामाजिक तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जा रही है। कहा कि वाहनों की सघनता से जांच अभियान चलाई जा रही है और यह अभियान विभिन्न थाना क्षेत्र में निरंतर जारी रहेगा।

तुपकाडीह और औद्योगिक क्षेत्र को जोड़ने वाली पुलिया जर्जर

संवाददाता

बोकारो : जरीडीह प्रखंड की खुंटरी पंचायत के अंतर्गत भुटकूरु गांव में लगभग 40 वर्ष पूर्व बनी पुलिया पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई हैं। पुलिया की रेलिंग क्षतिग्रस्त होने के कारण कोई बड़ा हादसा हो सकता है। आए दिन लोगों को इस पुलिया से पार करना डर बना रहता हैं। पुल के ऊपरी सतह पर बड़े खतरनाक गड्ढे बन गए हैं। इस मार्ग से एक दर्जन गांवों का संपर्क जुड़ा है, इसलिए यहां रात- दिन आवागमन होता रहता है। इस रास्ते से बड़े वाहनों का भी आवागमन रहता है। पुलिया की रेलिंग नहीं रहने से राहगीर सहमे रहते हैं कि कहीं किसी दुर्घटना का वे शिकार न हो जाएं। अगर पुलिया टूट जाती हैं तो ग्रामीणों को करीब 3 किमी की अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ सकती है। बता दें कि यह पथ तुपकाडीह और औद्योगिक क्षेत्र को जोड़ने वाला एक मात्र रोड है।

एक नजर

गांवों में चलाया मतदाता जागरुकता अभियान

बोकारो : लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से चास प्रखंड के कई गांवों में मंगलवार को बीएलओ व सामाजिक संगठनों के द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। घर-घर जाकर आमजन को समझाया गया कि आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के दिन अपने साथ परिवार के सभी मतदाताओं को लेकर बूथ में वोट देने जरूर जाएं। शिबूटांड़, मोहनपुर, कनारी, मानगो आदि गांव के मतदाता खुश दिखे। कुंडौरी की बीएलओ नीला देवी ने लोगों को बताया कि आपके एक वोट से लोकतंत्र मजबूत होता है। मौके पर गांव के लोग मौजूद रहे।

बिरनी प्रखंड के खेदवारा में महिला ने फांसी लगाकर की इह लीला समाप्त

गिरिडीह : बिरनी थाना के भरकट्टा ओपी क्षेत्र के खेदवारा गांव मे एक महिला ने फांसी लगाकर अपनी जान गंवा दी।मृतिका महिला की पहचान खेदवारा गांव निवासी अर्जुन कुमार दास की पत्नी राधिया देवी उम्र 45 वर्ष के रूप में हुई है। फांसी किसी कारण लगाई यह एक पहेली बनकर रह गई है। घटना की सूचना भरकट्टा ओपी पुलिस को दी गई। भरकट्टा ओपी पुलिस दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर शव को कब्जे लेकर जांच पड़ताल शुरू कर दी है। खबर लिखे जाने तक मृतिका के घरवालों से कोई नहीं पहुँचा था। ना हीं किसी प्रकार का आवेदन दिया था। हलांकि मृतिका का भाई प्रकाश दास ने बताया कि कुछ दिनों पहले दोनों की बीच झगड़ा हुआ था। लेकिन अभी कुछ कहा नहीं जा सकता।मृतिका महिला ने एक बेटी और दो बेटों समेत पति को छोड़कर चल गई।

गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र चुनाव में बेरमो विस से 3,25,731 मतदाता करेंगे मतदान

बेरमो : आगामी 25 मई को गिरिडीह लोकसभा क्षेत्र में होने वाले मतदान में बेरमो विस क्षेत्र से कुल 3,25,731 मतदाता मतदान करेंगे। जिसमें पुरूष मतदाता 1,66,999 और महिला मतदाता 1,58,732 होंगे। जबकि बेरमो प्रखंड में कुल 1,37,564 मतदाता हैं। जिसमें पुरूष 70,488 और महिला मतदाता 67,076 हैं। यह मतदाता बेरमो प्रखंड के 19 पंचायत और फुसरो नगर परिषद के 28 वार्डों के शामिल है। बेरमो विस क्षेत्र में 355 बूथ सहित बेरमो प्रखंड में शांतिपूर्ण मतदान को लेकर कुल 142 बूथ बनाया गया है।

बजरंग बली प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ को लेकर निकली कलश यात्रा

दुगदा : श्री श्री1008 मारुतिनंदन प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ हरधोवा कुरुम्बा के बजरंग बली मंदिर में कलश यात्रा के साथ प्रारंभ हुआ। बुधबार को हरधोवा स्थित बजरंबली मंदिर परिसर से बैदिक मंत्रोचारण के साथ यज्ञाचार्य मितेश्वर पांडेय और मधुसूदन पांडेय ने कुँवारी कन्याएं और महिलाओं के माथे पर कलश रखा। कलश यात्रा बजरंगबली मंदिर से निकलकर कुरुम्बा, चंदनाबाद, रटारी होते हुए बुढिडीह स्थित दामोदर नदी के तट पर पहुंची। जलयात्रा में शामिल महिलाओं व पुरुषों द्वारा जय श्री राम, जय बजरंग बली के जयकारे लगाये जा रहे थे। दामोदर नदी तट पर मुख्य यजमान सपत्नी डेगलाल यादव और अन्य यजमानों ने पूजा अर्चना कर कलस में जल भरा। पुनः कन्याएं और महिलाओ ने कलस लेकर हरधोवा स्थित बजरंगबली मंदिर परिसर में पहुंच कर कलस स्थापित किया। जलयात्रा में बेरमो प्रमुख गिरजा देवी, चंद्रपुरा पूर्व प्रमुख अनिता गुप्ता, पूर्व मुखिया जगरनाथ महतो, मुखिया प्रतिनिधि मंटु महथा, बोधन गोप, गोविंदराम रजक, लखिन्दर नाग, मनी गोप यज्ञ समिति के अध्यक्ष टेकलाल यादव, बासुदेव नारायण रजक, यज्ञ समिति के सचिव सूरज यादव, अशोक यादव, उमाशंकर यादव, दिनेश कुमार यादव, मनोज यादव, गौतम यादव, जितेंद्र यादव, मनोज यादव, महेश यादव दिलीप यादव समेत कई अन्य लोग शामिल थे।

नशे में गाड़ी चला रहा ड्राइवर पेड़ से टकराया, एक की मौत, दूसरा जख्मी

संवाददाता

गिरिडीह : बगोदर थाना इलाके के बगोदर-सरिया रोड के जमुनिया मोड़ के समीप बुधवार को चार पहिया वाहन दर्दनाक हादसे का शिकार हो गया। हादसे में चार पहिया वाहन में सवार व्यक्ति की मौत हो गई। जबकि दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से जख्मी हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने उमेश मल्हार को बगोदर ट्रामा सेंटर पहुंचाया, जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं महेन्द्र मल्हार का इलाज चल रहा है। जानकारी मिलने के बाद बगोदर थाना प्रभारी सुख सागर सिंह भी घटनास्थल पहुंचे और हालात को सामान्य किया। इस दौरान हादसे का शिकार चार पहिया वाहन को जब्त कर थाना ले गई। जानकारी के अनुसार मृतक उमेश मल्हार और महेन्द्र मल्हार दोनों गिरिडीह के घोड़थंबा के तारानाखो गांव के रहने वाले बताये जा रहे हैं। जानकारी के अनुसार बगोदर से सरिया जा रहे हादसे की शिकार गाड़ी काफी तेज रफ्तार में थी। प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो मृतक उमेश मल्हार शराब के नशे में था और नशे में ही गाड़ी चला रहा था। लिहाजा, जब गाड़ी बगोदर से सरिया के रास्ते में मुड़ी, तो सड़क किनारे एक पेड़ से टकरा गई। जिस पेड़ से मृतक और घायल का चार पहिया वाहन टकराया, उस पेड़ के परखच्चे उड़ गये. गाड़ी भी पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद काफी संख्या में स्थानीय लोगों की भीड़ जुट गई थी।

विस्थापित गांवों में ढुल्लू ने मांगा आशीर्वाद

संवाददाता

बोकारो : धनबाद लोस से एनडीए के उम्मीदवार ढुल्लू महतो ने बुधवार को बोकारो उत्तरी विस्थापित क्षेत्र का दौरा कर ग्रामीणों से वोट मांगा।

कुंडौरी, कनारी, शिबूटांड़, मोहनपुर, मानगो, करमागोड़ा, स्टेशन रोड, तुपकाडीह आदि गांवों में घूम-घूमकर उन्होंने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के लिए भाजपा को वोट देने की अपील की। मौके पर विधायक बिरंची नारायण, जिलाध्यक्ष जयदेव राय, श्याम मंडल, राजू महतो, पीयूष आचार्य, मंतोष सोरेन समेत दर्जनों लोग व पार्टी के कार्यकर्ता मौजूद रहे।

प्रखंड में चला मतदाता जागरूकता अभियान

बेंगाबाद प्रखंड प्रखंड विकास पदाधिकारी के नेतृत्व में स्थानीय ग्रामीणों के साथ संथाली भाषा में चलाया जन जागरूकता कार्यक्रम

संवाददाता

गिरिडीह : लोकसभा निर्वाचन-2024 में मतदाता भागीदारी बढ़ाने, नैतिक मतदान एवं निर्वाचन संबंधी जागरूकता संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में गिरिडीह जिले के बेंगाबाद प्रखंड में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। जहां संथाली भाषा में स्थानीय ग्रामीणों को वोट के महत्व की जानकारी दी गई। साथ हीं सभी को मतदान के महत्व, निर्वाचन प्रणाली, वोटर हेल्प लाइन ऐप, 1950, सुविधा ऐप, सी विजिल ऐप व निर्वाचन से संबंधित अन्य जानकारियां साझा की गई। इसके अलावा बेंगाबाद प्रखंड कार्यालय में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक व प्रोत्साहित किया गया। जहां मतदाताओं के बीच मतदाता प्रतिज्ञा शपथ पाठ कराया गया। साथ हीं सभी लोगों से लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा आम चुनाव में बढ़ चढ़ कर हिस्सा लेने की अपील की गई। इसके अलावा बताया गया कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान की तिथि घोषित कर दी गई है, जिसके अनुसार कोडरमा लोकसभा व 31 गांडेय विधानसभा उप चुनाव दिनांक 20.05.24 को चुनाव कराया जाना है। आप सभी को इस महापर्व में बढ़-चढ़ कर हिस्सा लेना है।

इस अवसर पर लोकसभा चुनाव में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के लिए मतदाता जागरूकता कार्यक्रम स्वीप के तहत लोगों को जागरूक किया गया। मौके पर सभी को लोकतांत्रिक देश का जिम्मेदार नागरिक होने के नाते अपने मत का उपयोग करने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा मतदान के महत्व तथा निर्वाचन प्रणाली के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। साथ हीं 1950 वोटर हेल्पलाइन नंबर के बारे में जागरूकता बढ़ाने और सभी को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा कि उनका नाम वोटर लिस्ट में दर्ज हो। यदि किसी का नाम वोटर लिस्ट में नहीं है तो उसे बीएलओ के माध्यम से या वोटर हेल्प लाइन एप के माध्यम से फॉर्म 6 अवश्य भरने और प्रत्येक नागरिक को अपने मताधिकार का प्रयोग करना चाहिए। उन्हें शपथ दिलाई गई कि वे लोकतंत्र के इस महापर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। साथ हीं अपने घरों व आस पड़ोस के लोगों को मतदान के लिए जागरूक करने का हर संभव प्रयास करेंगे। साथ हीं उन्हें अपने स्तर पर मतदाताओं को जागरूक करने लिए अपनी सकारात्मक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए प्रेरित किया गया।

मतदान प्रतिशत बढाने को लेकर फुसरो नप ने पदाधिकारियों व कर्मचारियों के साथ की बैठक

संवाददाता

बेरमो : फुसरो नगर परिषद कार्यालय के सभागार में आगामी लोकसभा आम चुनाव में मतदाता जागरूकता को लेकर बुधवार को बैठक आयोजित की गयी। अध्यक्षता फुसरो नप के प्रशासक गोपेश कुंभकार ने की। बैठक में नगर मिशन प्रबंधक, कनीय अभियंता, नगर परिषद कर्मी, सभी पदाधिकारी एवं कर्मचारीगण (रितिका प्राइवेट लिमिटेड), सीआरपी, एनयूएलएम सहित बीएलओ सुपरवाइजर शहरी क्षेत्र के उपस्थित थे।

बैठक में प्रशासक श्री कुंभकार ने बताया कि नगर क्षेत्र में वोटर लिस्ट में जिनका नाम छुट्टा हुआ है उनका नाम जोड़ना है। मतदान के प्रति जागरूकता करना एवं जहां कम मतदान हुए हैं वहां ज्यादा से ज्यादा लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करना है। वोटर प्रतिशत बढ़ाने व सभी वार्डों में मतदान को लेकर जागरूकता कार्यक्रम करने का निर्देश दिया गया। साथ हीं नोडल पदाधिकारी को मतदान में लगे सभी कर्मियों को मॉनिटरिंग करने हेतु निर्देश दिया गया।

उन्होंने कहा कि बेरमो प्रखंड के कुल 142 बूथों में 121 बूथों में अगले चुनाव में मतदान प्रतिशत कम हुआ था। जिसमें फुसरो नप क्षेत्र के 60 बूथों के विभिन्न बूथों में भी मतदान प्रतिशत कम हुआ था। इस बार के चुनाव में फुसरो नप के 60 बूथों में जिला प्रशासन की ओर से 80 प्रतिशत मतदान करवाने का लक्ष्य मिला है। सभी को मिलकर लक्ष्य को प्राप्त करना है। इसके लिए अभी से हीं सभी लोग लग जाय। साथ हीं डोर टू डोर जाकर मतदान के लिए मतदाताओं को जागरूक करने का काम करें। कहा कि कोई भी पदाधिकारी और कर्मचारी चुनाव कार्य में लापरवाही बरते पाये जाते है तो उन पर कार्रवाई की जायेगी। जिसका वे स्वयं जिम्मेवार होंगे।

इसलिए सभी अपने-अपने कार्य को इमानदारी पूर्वक करने का काम करें। मौके पर सिटी मिशन मैनेजर सुजीत कुमार त्रिवेदी, सिटी मैनेजर कुमार निशांत, कनीय अभियंता शुभम कुमार, कर्मी राजीव रंजन कुमार, मनीषा कुजूर, बीएलओ सुपरवाइजर नुनु लाल मुर्मू, रवि कुमार, एनयूएलएम से चिंता देवी, रेखा देवी, बेबी देवी, मुन्नी देवी, देबोजित कुमार, शंकर कुमार, तपन कुमार अड्डी, दिव्यांश कुमार आदि मौजूद थे।

बेरमो सीओ ने लोकसभा चुनाव को लेकर की समीक्षा बैठक

संवाददाता

बेरमो । बेरमो प्रखंड कार्यालय सभागार में 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर समीक्षा बैठक बुधवार को सीओ संजीत कुमार सिंह की अध्यक्षता में हुई। बैठक में बूथ में प्रवेश व निकासी द्वार, बिजली, पानी, शौचालय, सेड आदि को लेकर समीक्षा की गई। सीओ श्री सिंह ने कहा कि लोकसभा चुनाव को लेकर एक माह का वक्त बचा है। ऐसे में चुनाव से जुड़े सभी पदाधिकारी व कर्मचारी गंभीरता पूर्वक काम करें। जिन बूथों पर सुविधा में कमी है वहां जल्द से जल्द सुविधा मुहैया कराने का काम करें। कहा कि जिन बूथ पर स्थायी रूप से पानी की व्यवस्था नहीं है वहां सीसीएल के टैंकर के माध्यम से पानी उपलब्ध कराया जायेगा। कहा कि वैसे बूथ जहां बेंच-टेबल की व्यवस्था नहीं है वहां स्थानीय विद्यालय से बेंच-टेबल की व्यवस्था की जायेगी। कहा कि चुनाव में जुटे कर्मचारी अपने-अपने कामों को जल्द से जल्द अंजाम दें। कहा कि बूथ में बांस व रस्सी के माध्यम से ब्रेकेटिंग कर मतदाताओं का प्रवेश व निकास द्वार बनाया जाना है। जल्द हीं इलेक्शन कमिशन की टीम बेरमो प्रखंड का दौरा कर बूथों का निरीक्षण करेगी। सीओ श्री सिंह ने कहा कि जिन बूथ पर मतदाताओं की उपस्थिति कम हुई है उन बूथ पर मतदाता जागरूकता व डोर टू डोर अभियान चलाकर मतदाताओं को जागरूक करें। मौके पर सीडीपीओ गीता सोय, प्रभारी पंचायत राज पदाधिकारी मितलेश पांडेय, जेई अजित साह, वीएलडब्लू सुनील कुमार, उत्तम दास, अशोक गोप, नरेंद्र कुमार, धनंजय पाठक, शंकर यादव, उमेश महतो, सिलास भगत, आशीष रंजन, सोनुकांत वर्मा, प्रकाश कुमार, महेश साहनी, उज्जवल दुबे, मधु कुमारी, मनोज कुमार, लक्ष्मण कटरीहार, समीर कुमार हांसदा आदि मौजूद थे।

सिंहभूम से झामुमो उलगुलान के अध्यक्ष कृष्णा मार्डी आज भरेंगे पर्चा

संवाददाता

बेरमो : झारखंड मुक्ति मोर्चा उलगुलान के केंद्रीय अध्यक्ष पूर्व सांसद कृष्णा मार्डी 25 अप्रैल को सिंहभूम लोकसभा क्षेत्र से नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इस मौके पर झामुमो उलगुलान के केंद्रीय महासचिव बेनीलाल महतो, केंद्रीय सचिव दिगंबर महतो सहित काफी संख्या में समर्थक मौजूद रहेंगे। बताते चलें कि झारखंड आंदोलनकारी पूर्व सांसद कृष्णा मार्डी दो बार विधायक और एक बार सांसद रहे।

श्री मार्डी चाईबासा से 1985 में झामुमो का पहला विधायक बने थे। इसके बाद श्री मार्डी 1989 में दूसरी बार विधायक चुने गए। लेकिन बहुत कम मतों के अंतर से चुनाव हार गए। इसके बाद झारखंड आंदोलन के दौरान कृष्णा मार्डी सांसद चुने गए। तब झारखंड आंदोलन चरम पर था। इसी दौरान कांग्रेस के नरसिम्हा राव सरकार के समर्थन को लेकर झामुमो में विभाजन हुआ और चार सांसद बिक गए। लेकिन श्री मार्डी नहीं बिके। केंद्रीय महासचिव बेनीलाल महतो ने कहा कि अन्य लोकसभा सीटों पर प्रत्याशी देने या समान विचारधारा वाले दल को समर्थन देने के लिए 26 अप्रैल को धनबाद में होने वाली केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक में विचार विमर्श किया जाएगा।

संवेदनशील बूथों का एसपी ने किया निरीक्षण

गिरिडीह : ज़िला में शांतिपूर्ण माहौल में लोकसभा चुनाव संपन्न कराने को लेकर बुधवार को पुलिस अधीक्षक गिरिडीह, दीपक कुमार शर्मा के द्वारा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी डुमरी एवं पीरटांड़ थाना प्रभारी एवं अन्य पुलिस पदाधिकारियों के साथ पीरटांड प्रखंड इलाके के संवेदनशील बूथों और क्लस्टर अंगैया, बिसनपुर, खेतड़ाबार, पीरटांड और मांसोटांड उत्क्रमित मध्य विद्यालय का निरीक्षण किया गया। इस दौरान क्लस्टर/बूथों पर सुरक्षा के मद्देनजर सभी तैयारियां तथा जरूरी सुविधाएं जैसे पेयजल, बिजली, साफ-सफाई समेत अन्य तमाम व्यवस्थाओं का जायजा वा जानकारी लेकर इसे ठीक करने हेतू थाना प्रभारी को संबंधित पदाधिकारी से समन्वय बनाते हुए ठीक करने हेतु निर्देश दिया गया। तथा इसी दौरान पुलिस अधीक्षक ने वहां के स्कूल के बच्चों से मिलकर बच्चों के बीच टॉफी बिस्कुट बांटे और बच्चों से पढ़ाई के सम्बंध में बातचीत की तथा स्थानीय लोगों को निर्भीक होकर मतदान करनें की अपील की।

सिटी थाना क्षेत्र में उत्पाद विभाग ने की छापेमारी

3,600 केजी जावा महुआ एवं 165 लीटर अवैध शराब जब्त

संवाददाता

बोकारो : जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त विजया जाधव के निर्देश पर बुधवार को सहायक उत्पाद आयुक्त बोकारो के मार्गदर्शन एवं उत्पाद निरीक्षक के पर्यवेक्षण में जिला उत्पाद टीम ने बोकारो सिटी थाना अंतर्गत मिश्राटोला, कुलिंग पोंड किनारे अवैध शराब निर्माण स्थल पर छापेमारी की। मौके से उत्पाद टीम ने 3,600 केजी जावा महुआ शराब एवं 165 लीटर अवैध चुलाई शराब को जब्त किया। वहीं,अवैध शराब निर्माण में इस्तेमाल किए जाने वाले वस्तुओं को नष्ट किया. छापेमारी के क्रम में लक्ष्मण साव एवं अन्य अभियुक्तों पर उत्पाद अधिनियम की सुसंगत धाराओं के आधार पर अभियोग दर्ज किया जा रहा है। छापेमारी दल में उत्पाद निरीक्षक संजीत देव, सदर अवर निरीक्षक कृष्णा प्रजापति, तेनुघाट के उत्पाद अवर निरीक्षक दीपिका कुमारी आदि शामिल थे।

महाप्रबंधक ने क्षेत्रीय सलाहकार समिति के सदस्यों के साथ की बैठक

एसीसी सदस्यों ने सीसीएल कथारा प्रबंधक को दिए कई सुझाव

संवाददाता

बोकारो : सीसीएल कथारा क्षेत्र के कथारा महाप्रबंधक कार्यालय में बुधवार को कथारा क्षेत्रीय सलाहकार समिति के सदस्यों की बैठक की गयी। बैठक की अध्यक्षता कथारा महाप्रबंधक डीके गुप्ता ने की, जबकि संचालन सूर्य प्रताप सिंह के द्वारा किया गया।

बैठक में मुख्य रूप से उपस्थित कथारा क्षेत्रीय सलाहकार समिति के सदस्यों ने कथारा क्षेत्र के मजदूरों तथा उनके आवासों से जुड़े कई ज्वलंत मुद्दों को उठाया। इस दौरान सलाहकार समिति सदस्यों में बालेश्वर गोप ने प्रबंधन का ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा कि कथारा कोलियरी में आऊटसोर्सिंग पैंच पर डिपार्टमेंटल मशीन लगाए जाने का मामला प्रकाश में आया है, जो नियमों के तहत गलत है। आखिर क्यों यह स्थिति है ? उन्होंने कहा कि गर्मी के मद्देनजर कथारा क्षेत्र के सभी परियोजनाओं तथा जहां भी मजदूर कार्य कर रहे हैं वैसे सभी कार्यस्थलों पर ठंडा जल की सुमुचचित व्यवस्था की जाय। कथारा क्षेत्रीय अस्पताल अब मरीजों को केवल रेफर करने का कार्य ज्यादा कर रही है। अस्पताल में समुचित दवा का अभाव है। जिसमें सुधार की आवश्यकता है।

कोडरमा लोकसभा के निर्दलीय प्रत्याशी प्रो. जय प्रकाश वर्मा ने चलाया जनसंपर्क

संवाददाता

गिरिडीह : कोडरमा लोकसभा के निर्दलीय प्रत्याशी सह गांडेय विधानसभा के पूर्व विधायक प्रो० जय प्रकाश वर्मा ने बुधवार को गांडेय प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में जनसंपर्क अभियान चलाया। इस क्रम में वे महेशमुंडा ,कोयरीडीह , खंभाटांड ,दासडीह ,मरगोडीह ,मोहनडीह, जोराआम , मेदनीसारे , खंभाटांड , करीर्बाक , झितरी सहित विभिन्न गांवों का दौरा कर-के ग्रामीणों से मुलाकात की।

इस दौरान मोहनडीह गांव में पत्रकारों से बातचीत के क्रम में जय प्रकाश वर्मा ने कहा कि आगामी 28 अप्रैल को भंडारों में क्षेत्र के बुद्धिजीवी सहित कार्यकताओं के साथ बैठक आयोजित की गई है। बैठक में चुनावी रणनीति पर विस्तृत चर्चा की गई। प्रो० जय प्रकाश वर्मा ने कहा कि चुनाव को लेकर हमारे सभी कार्यकर्ता क्षेत्र में जनसंपर्क अभियान चला रहे हैं। उन्होंने कहा कि कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में पलायन सबसे बड़ा मुद्दा है। कोडरमा लोकसभा क्षेत्र में कृषि के क्षेत्र में अपार संभावनाएं हैं, क्षेत्र के युवा वैज्ञानिक तकनीकी का उपयोग करके कृषि के क्षेत्र में कई गुणा लाभ कमा सकते हैं। जनसंपर्क अभियान में दिनेश प्रसाद वर्मा , सुनील रवानी, विकास पाठक , जितेन्द्र मंडल, अभय मंडल, सुजीत मंडल, मदन वर्मा व विनोद वर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

एक नजर

मतदाता पंजी में प्रविष्टि करने का दिया गया प्रशिक्षण

धनबाद । जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा के निर्देश पर लोकसभा चुनाव के सफल क्रियान्वयन के लिए श्री श्री लक्ष्मी नारायण ट्रस्ट महिला महाविद्यालय, पीके रॉय मेमोरियल कॉलेज तथा गुरुनानक कॉलेज में मतदान पदाधिकारियों को प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस कड़ी में आज गुरुनानक कॉलेज में मतदान पदाधिकारी द्वितीय को मास्टर प्रशिक्षक पुष्कर चन्द्र झा ने मतदाता पंजी में प्रत्येक मतदाता के सम्बंध में प्रविष्टि करना, प्रत्येक मतदाता को मतदाता पर्ची जारी करना एवं प्रत्येक मतदाता के बाएं हाथ के तर्जनी उंगली में अमिट स्याही लगाने की प्रक्रिया के सम्बंध में आवश्यक जानकारी दी। साथ हीं उन्हें डमी मतदाता रजिस्टर एवं डमी मतदाता पर्ची का अवलोकन कराया गया। मौके पर मास्टर प्रशिक्षक उमेश लाल, सियाराम सिंह, शिरोमणि दुबे, अजित सिंह, राजेश सिन्हा, सुरेश सिंह, शम्भू शरण अम्बष्ठ, रमाशंकर तिवारी, अनिल महतो, अशोक सिंह, बिनोद महतो, अनूप बाजपेयी सहित अन्य प्रशिक्षक उपस्थित थे। वहीं प्रशिक्षण कोषांग के नोडल पदाधिकारी सह डीसीएलआर संतोष गुप्ता ने कहा कि इस बार 80% मतदान प्राप्त करने का लक्ष्य निर्धारित है। जिला प्रशासन को सभी मतदान पदाधिकारियों से प्रशिक्षण सत्र में शत प्रतिशत उपस्थित होकर गंभीरतापूर्वक प्रशिक्षण लेने की अपेक्षा है। प्रशिक्षण नहीं लेने वाले पदाधिकारी पर द रिप्रेजेंटेशन ऑफ द पीपल एक्ट, 1951 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

उपायुक्त ने बाजार समिति स्थित बज्रगृह सह डिस्पैच सेंटर का किया निरीक्षण

धनबाद । आसन्न लोकसभा चुनाव 2024 के निमित्त जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा ने बाजार समिति स्थित चिन्हित डिस्पैच सेंटर का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने टुंडी विधानसभा, बाघमारा विधानसभा एवं सिंदरी विधानसभा क्षेत्र के पोलिंग पार्टी को विधानसभावार बैठने के स्थानों एवं डिस्पैच करने हेतु चिन्हित स्थानों समेत कई अन्य स्थानों का निरीक्षण किया। डिस्पैच के अलावा उन्होंने रिसीविंग हेतु काउंटर निर्माण के लिए चिन्हित स्थानों का भी निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने पोलिंग पार्टियों के बैठने समेत मूलभूत सुविधाओं हेतु चल रही तैयारियों को लेकर संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। साथ हीं उन्होंने रिसीविंग हेतु विधानसभा बार काउंटर निर्माण हेतु भी आवश्यक दिशा निर्देश दिए।मौके पर उपायुक्त सुश्री माधवी मिश्रा, उप विकास आयुक्त सादात अनवर, अपर समाहर्ता विनोद कुमार, डीआरडीए निदेशक राजीव रंजन, एडीएम सप्लाई जियाउल अंसारी, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रदीप शुक्ला, डीसीएलआर संतोष गुप्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा समेत अन्य मौजूद रहें।

बैंक मोड़ चैंबर ऑफ कॉमर्स धनबाद का प्रतिनिधिमंडल अनूप सिंह से मिला

धनबाद । बैंक मोड़ चैंबर ऑफ कॉमर्स धनबाद जिला मोबाइल एसोसिएशन कृषि बाजार समिति के संयुक्त तत्वाधान में व्यवसायियों का प्रतिनिधिमंडल बेरमो विधायक सह लोकसभा प्रत्याशी कांग्रेस अनुपमा सिंह के पति जय मंगल सिंह उर्फ अनूप सिंह से मिला और धनबाद की ज्वलंत समस्याओं से अवगत कराया। जिसमें सड़क जाम की समस्या, निर्बाध बिजली व स्वास्थ्य आदि समस्याओं की बात कही गई। साथ हीं कहा गया कि रंगदारी के भय के वातावरण के कारण व्यवसाई पलायन कर रहे हैं, जिसे सुनकर विधायक अनूप सिंह ने कहा कि आप निर्भीक होकर अपना व्यवसाय करें यहां किसी की भी रंगदारी नहीं चलनी दी जाएगी। अगर कांग्रेस प्रत्याशी को आप लोगों का आशीर्वाद मिलता है, तो मैं यह वादा करता हूं कि कंधे से कंधा मिलाकर हर वर्ग के लोगों के साथ हर समय खड़ा रहूंगा और भय मुक्त धनबाद बनाऊंगा। धनबाद की ज्वलन्त समस्याओं का निराकरण की शुरूआत 1 से 2 वर्षों के अंदर हीं करके दिखाऊंगा यहीं अनुपमा की गारंटी होगी। कांग्रेस प्रत्याशी के आने पर समाज के प्रबुद्ध लोग जहां कहेंगे अग्रसेन महाराज जी की मूर्ति स्थापित करेंगे। बैठक में मुख्य रूप से बैंक मोड़ चैंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष लोकेश अग्रवाल, पूर्व चेंबर अध्यक्ष प्रभात सुरोलिया, संदीप मुखर्जी, विकास पटवारी, मोबाइल एसोसिएशन के अमित दास, पवन गुप्ता, डॉ० अनिल बरनवाल बाजार समिति के गौरव के आवास पर कई व्यवसाई एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

बीसीसीएल, इसीएल, समेत अन्य संस्थानों के साथ उपायुक्त ने की बैठक, कम

मतदान वाले बूथों में एक्टिविटी सुनिश्चित करें

संवाददाता

धनबाद । जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित सभागार में बीसीसीएल के सभी महाप्रबंधक, टाटा स्टील, इसीएल, डीवीसी मैथन, पंचेत, एमपीएल, हर्ल के परियोजना प्रमुख, सभी सीडीपीओ के साथ आसन्न लोकसभा चुनाव 2024 के निमित्त वोटर अवेयरनेस फोरम, एएमएफ एवं यूनिक बूथ से संबंधित बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रमुख को वोटर अवेयरनेस फोरम से संबंधित रिपोर्ट 27 अप्रैल तक उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी संस्थान के कर्मी जिनकी उम्र 18 या उससे अधिक है, वैसे लोगों का यदि मतदाता सूची में नाम नहीं है तो 26 अप्रैल तक वोटर अवेयरनेस फोरम के नोडल पदाधिकारी उनका नाम मतदाता सूची में अवश्य जुड़वाएं।

साथ हीं कर्मी के परिवार में यदि किसी का भी नाम मतदाता सूची में छूट गया हो तो उनका भी नाम अवश्य मतदाता सूची में जुड़वाना सुनिश्चित कर रिपोर्ट उपलब्ध कराएं। वहीं एएमएफ की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी महाप्रबंधक समेत सभी परियोजना प्रमुख को अपने-अपने क्षेत्र की बूथों में बुनियादी सुविधाएं जैसे पीने योग्य पानी, शौचालय, बिजली, रैंप आदि की व्यवस्था हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी संस्थान के महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रमुख को अपने-अपने क्षेत्र के बूथों में 30 अप्रैल से पूर्व एएमएफ की व्यवस्था सुनिश्चित करते हुए रिपोर्ट उपलब्ध कराने हेतु निदेश दिए।

जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने सभी संस्थान के महाप्रबंधक एवं परियोजना प्रमुख को अपने-अपने क्षेत्र में यूनिक बूथ बनाने हेतु निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि सभी अपने-अपने क्षेत्र में कम से कम 10 बूथों को चिन्हित करें एवं उसे अपने-अपने क्षेत्र के अनुरूप जो भी चीजें यूनिक हैं उन यूनिक चीजों से जोड़ते हुए बूथ को सुसज्जित करें। इसके अलावा उन्होंने बैठक में आए सभी संस्थान के प्रतिनिधियों से अपने-अपने क्षेत्र में स्वीप एक्टिविटी करने हेतु निर्देशित किया।

उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय औसत से कम मतदान प्रतिशत वाले बूथों में स्वीप की विशेष एक्टिविटी सुनिश्चित करें, ताकि लोग मतदान के प्रति जागरूक हो एवं 25 में को अपने-अपने घरों से निकाल कर मतदान अवश्य करें। बैठक में नगर आयुक्त रवि राज शर्मा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी अनीता कुजूर, उप निर्वाचन पदाधिकारी कालिदास मुंडा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी सुनिल कुमार सिंह, डीपीएम जेएसएलपीएस शैलेश रंजन समेत सभी सीडीपीओ, अलग अलग संस्थान के सभी महाप्रबंधक, एवं परियोजना प्रमुख उपस्थित रहे।

बिजली का तार टूटने से निकली चिंगारी, ट्रांसफार्मर में लगी आग

झरिया। झरिया चार नंबर मैन रोड पुलिस चेक पोस्ट के समीप लगे तीन बड़े ट्रांसफॉर्मर में से एक ट्रांसफॉर्मर में अचानक आग लग गई। आग लगने का कारण बिजली का तार टूटने से निकली चिंगारी से तेल में आग लग गई। ट्रांसफॉर्मर में आग की लपटे निकलता देख नीचे खड़े लोग किसी प्रकार अपनी जान बचाने के लिए इधर उधर भागने लगे। कुछ देर के लिए अफरा तफरी का माहौल बन गया था। ट्रांसफार्मर का आग लगातार बढ़ता ही जा रहा था। करीब आधे घंटे तक ट्रांसफार्मर धू धू कर जलता रहा। स्थानीय लोगों ने सुझबुझ व समझदारी से काम लेते हुए बिजली विभाग को सूचना देकर पहले बिजली लाइन कटवाया जिसके बाद लोगों ने काफी प्रयास किया आग बुझाने का।

केसीएन क्लब का 12 वां दो दिवसीय राष्ट्रीय अधिवेशन व सम्मान समारोह धनबाद में संपन्न

संवाददाता

धनबाद । समसामयिक समस्याओं पर कार्यरत लोकप्रिय राष्ट्रीय सेवाभावी संगठन नोइंग सिटीजंस नीड केसीएन क्लब का 12 वीं राष्ट्रीय कार्यकारिणी के अधिवेशन का दो दिवसीय कार्यशाला देश की कोयला राजधानी धनबाद में संपन्न हो गया। इसमें 22 तारीख को झारखंड कमेटी द्वारा प्रदेश व राष्ट्र अंतर्राष्ट्रीय समस्याओं व उसके निदान के प्रकार पर विधिवत चर्चा द्वारा जन जागरण फैलाने का निर्णय लिया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संस्था के राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय सिंह चंदन ने की। उन्होंने कहा कि संस्था पूर्ण रूप से सेवा भाव के साथ काम करती है। साथ हीं संस्था क्लब के मूल्यों और विचारों को जंगल तक पहुंचाने की जरूरत है। 22 अप्रैल को झारखंड कमेटी द्वारा प्रदेश, राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय समस्याओं के निदान के प्रकार पर चर्चा की गई। जबकि 23 अप्रैल को सम्मान समारोह सहित आकर्षक कवि सम्मेलन में कवियों में अपनी कविता के माध्यम से समाज और राष्ट्र के प्रति चेतना जगाई।संस्था के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कृपा शंकर का संपूर्ण परिचय देते हुए 35 वर्षों की विजय यात्रा पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम का प्रारंभ प्रमुख अतिथि के रूप में पूर्व एनटीपीसी सीईओ वह वर्तमान रिलायंस एनर्जी के महाप्रबंधक के रूप में अनिल कुमार सिंह तथा अति विशिष्ट अतिथि बी आई टी सिंदरी के प्राध्यापक के सिंह व समाजसेवी विकास सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में साहित्यकार प्रमिला तिवारी, डॉ० नीरा प्रसाद, प्रभा पांडेय, डॉ० प्रियदर्शनी, पुष्पा शालिनी झा के हाथों प्रचलित नव वर्ष के बैनर का अनावरण किया गया। अहमदाबाद होटल धनबाद के ऑल में देशभक्ति नारो के साथ किया गया। कार्यक्रम में सुनील कुमार यादव, अजीत सिंह, उमेश तिवारी सहित साहित्यकार पत्रकार अधिवक्ताओ व चिकित्सकों को सम्मानित किया गया। राष्ट्रीय अध्यक्ष नंदन मिश्रा त्यागी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

अखिल भारतीय क्षत्रीय समाज ने वीर कुंवर सिंह जयंती को विजयोत्सव के रूप में मनाया

संवाददाता

धनबाद । मौजूदा राजनैतिक परिदृश्य में क्षत्रीय समाज की सिर्फ उपेक्षा हीं नहीं बल्कि समाज को पिछली पंक्ति में बैठा दिया गया है, अब तो इस व्यवस्था में हमारे समाज के लोगों को वहां से भी उठाकर फेंकने का काम किया जा रहा है। ऐसी परिस्थिति में समाज के लोगों को एकजुट होकर इस व्यवस्था के खिलाफ खड़ा होना चाहिए। बता दें कि इसका नजारा आने वाले लोकसभा चुनाव में देखने को मिलेगा। उक्त बातें जनता मजदूर संघ के महामंत्री सह सिंह मेंसन के सिद्धार्थ गौतम ने अखिल भारतीय क्षत्रीय समाज द्वारा मैथन के स्टेशन क्लब में आयोजित बाबू वीर कुंवर सिंह की जयंती के दौरान अपने संबोधन में कही। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि धनबाद लोकसभा से कांग्रेस प्रत्याशी अनुपमा सिंह उपस्थित हुई। साथ हीं कांग्रेस नेता रणविजय सिंह, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता विनय सिंह आदि ने मुख्य रूप से भाग लिया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर एवं बाबू वीर कुंवर सिंह की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर किया गया। क्षत्रीय समाज के सदस्यों ने सभी अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र और माला देकर किया। मुख्य अतिथि अनुपमा सिंह ने वीर कुंवर सिंह के आदर्शों पर चलने की बात कही। साथ हीं अपने लिए आशीर्वाद मांगा। इधर कार्यक्रम में पहुंचे सिंह मेंशन के सिद्धार्थ गौतम ने मंच से खूब दहाड़ा और मौजूदा राजनीतिक परिदृश्य में क्षत्रीय समाज की जिस तरह उपेक्षा की जा रही है उसका खुलकर विरोध करने की बात कही। साथ हीं सभी को एकजुट होने का आह्वान किया और कहा कि सत्ता में बैठे लोगों के कानों तक यह पहुंचा दें कि जो कौम आज तक राज करने का काम किया है उसे पिछली पंक्ति में बैठाने का काम न करें। उन्होंने मीडिया को साफ कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में इसका असर आपको साफ देखने को मिलेगा। सिद्धार्थ गौतम ने कहा कि उनका समाज एक विचारधारा के साथ चलने का काम किया है। आज उसी समाज को अपमानित करने का काम किया जा रहा है, जिसको लेकर उनके मन में बहत पीड़ा है। इधर हाल के वर्षों में क्षत्रीय समाज का अपमान वैसे हीं लोगो ने करने का काम किया है जिस विचारधारा के साथ उनका समाज चलने का काम किया करता था।

शहीद शक्ति नाथ महतो स्मारक इंटर कॉलेज में मूल्यांकन कार्य समाप्त

नए सत्र 24-26 में तीनों संकायों में नामांकन कार्य पहले आओ पहले पाओ की तर्ज पर प्रारंभ

S.S.N.M.S. INTER COLLEGE
SIJUA DHANBAD

संवाददाता

धनबाद । शहीद शक्ति नाथ महतो स्मारक इंटर कॉलेज सिजुआ में मूल्यांकन कार्य समाप्त हो गया। इसके साथ ही 12 वीं की कक्षाएं प्रारंभ हो गई। नए सत्र 24-26 में तीनों संकायों में नामांकन कार्य पहले आओ पहले पाओ के तर्ज पर प्रारंभ हो चुका है। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष भी डिग्री एवम सम्बद्ध महाविद्यालयों में इंटर में नामांकन नहीं होगा। गौरतलब है कि पिछले 9 मार्च से महाविद्यालय में मूल्यांकन कार्य चल रहा था। झारखंड अधिविध परिषद द्वारा महाविद्यालय में इंटरमीडिएट कला संकाय की उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन केंद्र बनाया गया था जो कि बुधवार 23 अप्रैल को पूर्ण हो गया।महाविद्यालय में आए परीक्षकों ने बताया कि यह केंद्र धनबाद जिले के सभी केंद्रों में सर्वश्रेष्ठ साबित हुआ है एवं झाखण्ड अधिविद परिषद रांची से यह निवेदन जरूर किया जाना चाहिए कि पुनः इस महाविद्यालय को मूल्यांकन केंद्र बनाया जाय। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ० अरुण कुमार महतो ने कहा कि हमने शिक्षकों को उचित व्यवस्था के साथ अनुकूल वातावरण देने की हर संभव कोशिश गई और मूल्यांकन कार्य सफलता पूर्वक संपन्न हुआ शहीद शक्ति नाथ महतो स्मारक इंटर कॉलेज सिजुआ में बारहवीं की कक्षाओं के साथ-साथ नामांकन कार्य भी प्रारंभ हो चुका है। छात्र-छात्राएं शीघ्र अति शीघ्र सीट उपलब्ध रहने तक महाविद्यालय में नामांकन करवा सकते हैं। इस मौके डॉ० अरुण कुमार महतो, प्रो० मोकितउद्दीन, प्रो० रमेश प्रसाद,प्रो० समीर कुमार महतो, प्रो० अविनाश कुमार,प्रो० कल्पना कुमारी, प्रो० राखोहारी महतो, प्रो० राजू महतो, प्रो० मनोज कुमार महतो,प्रो० मेघनाथ महतो, प्रो० राकेश कुमार महतो,प्रो० दिनेश मधेशिया, प्रो० राजकुमार प्रसाद , प्रो० पंचानन सिंह चौधरी , प्रो० शेखर महतो,प्रो० चमन महतो ,प्रो० राजकुमारी,मोहित कुमार महतो ,जितेंद्र महतो, तेंदुलकर भट्ट,चक्रधर महतो , अभिमन्यु महतो, मोहित महतो,फुल मनी देवी, लालू महतो, राहुल कुमार , इंदु कुमारी, नेहा कुमारी, भुनेश्वर महतो,शांति देवी ,लाजवंती देवी,शंकर महतो, प्रदीप महतो, पंकज महतो आदि मौजूद रहे।

एसएनएमएमसीएच में अपने साप्ताहिक भोजन कार्यक्रम के 100 सप्ताह पूरे होने का जश्न मनाया

धनबाद। बंगाली वेल्फेयर सोसाइटी ने एसएनएमएमसीएच में अपने साप्ताहिक भोजन कार्यक्रम के 100 सप्ताह पूरे होने का जश्न मनाया। दो साल पहले मई 2022 में एसएनएमएमसीएच में भर्ती मरीजों की प्राप्ति के लिए बंगाली वेलफेयर सोसाइटी द्वारा साप्ताहिक फीडिंग कार्यक्रम शुरू किया गया था। तबसे यह सेवा बिना किसी रुकावट के निरंतर जारी है। आज इसने 100 सप्ताह का मील का पत्थर हासिल किया और इसे विशेष मेनू के साथ मनाया गया और फल भी परोसे गए। कार्य को प्रोत्साहित करने के लिए धनबाद विधायक राज सिन्हा, सीआईएसएफ के डीआइजी, विनय काजला, एसएनएमएमसी के प्राचार्य डॉ० ज्योति रंजन प्रसाद, डॉ० यू के ओझा, डॉ० बी के पांडे, वार्ड पार्षद अशोक पाल और सरायढेला थाना प्रभारी उपस्थित थे।

डूंमर कुंडा दुर्गा मैरिज हॉल में मासस कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन

संवाददाता

धनबाद । नगर परिषद चिरकुंडा के अंतर्गत दुर्गा मैरिज हॉल डूमरकुंडा में मासस का कार्यकर्ता सम्मेलन संपन्न हुआ। जिसमें धनबाद लोकसभा के मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी और निरसा के पूर्व विधायक अरूप चटर्जी मुख्य रूप से उपस्थित हुए। सम्मेलन में 2024 लोकसभा चुनाव ने जीत दर्ज करने को लेकर रणनीति तैयार की गई। साथ हीं बूथ स्तर तक कार्यकताओं को जाकर जगदीश रवानी के पक्ष में मतदान करने की अपील करने की बात कही गई। अपने संबोधन में पूर्व विधायक अरूप चटर्जी और मासस प्रत्याशी जगदीश रवानी ने केंद्र की मोदी सरकार पर जमकर हमला बोला। साथ हीं अरूप चटर्जी ने कहा कि आज राजनीति का स्तर कितना नीचे गिरते चला जा रहा है काम के नाम पर वोट मांगने का काम नही किया जा रहा है। वहीं जगदीश रवानी ने अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। साथ हीं कहा कि इस बार अगर आप सभी सोच समझ कर वोट नही देने का काम करेंगे तो आने वाले दिनों में केंद्र की मोदी सरकार संविधान को बदल कर रख देगी। वहीं मौके पर अध्यक्ष संतु चटर्जी, उपाध्यक्ष कल्याण राय, वरुण दे,सचिव फिरोज अंसारी, संगठन सचिव अमरेश चक्रवर्ती, कार्यक्रम में मौजूद जिला परिषद बादल चंद्र बाउरी, मासस के कर्मठ युवा नेता संतोष मिश्रा, नंटु गोस्वामी, शांतनु, मोईन खान, राजू सहित सैकड़ो की संख्या में मासस के कार्यकर्ता मौजूद थे।

युवा कांग्रेस के सभी जिला पदाधिकारी, नगर व प्रखण्ड अध्यक्षों के साथ की बैठक ,कहा

संसदीय क्षेत्रों में डोर टू डोर पांच न्याय गारंटी का अभियान शुरू करेगी

संवाददाता

धनबाद । कांग्रेस के प्रधान कार्यालय ब्लैक रोक होटल में धनबाद जिला युवा कांग्रेस के अध्यक्ष कुमार गौरव की अध्यक्षता में युवा कांग्रेस के सभी जिला पदाधिकारी, विधानसभा अध्यक्ष, नगर व प्रखण्ड अध्यक्षों के साथ बैठक आयोजित की गई। जिसमें धनबाद जिला युवा कांग्रेस ने कांग्रेस घोषणा पत्र की पांच न्याय गारंटी, युवा न्याय किसान, न्याय श्रमिक, न्याय नारी व न्याय हिस्सेदारी न्याय को धनबाद लोकसभा में हर दरवाजे तक पहुंचाने के लिए चुनाव प्रचार अभियान की शुरूआत की गई। धनबाद युवा कांग्रेस के अध्यक्ष कुमार गौरव ने धनबाद लोकसभा से कांग्रेस उम्मीदवार अनुपमा सिंह के पक्ष में बेरमो विधायक अनुप सिंह, झारखंड प्रदेश अध्यक्ष अभिजीत राज, धनबाद जिला कांग्रेस के अध्यक्ष संतोष सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष रशीद रजा अंसारी, वरिष्ठ इंटक नेता ए के झा के साथ इस अभियान की शुरूआत की। युवा अध्यक्ष ने कहा कि युवा कांग्रेस आज से सभी धनबाद संसदीय क्षेत्रों में डोर टू डोर पांच न्याय गारंटी का अभियान शुरू करेगी। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बेरमो विधायक अनूप सिंह ने कहा कि मैं खुद युवा कांग्रेस से पदाधिकारी रह चुका हूं और युवाओं का दर्द समझता हूं। एक सभ्य, सशक्त व मजबूत समाज के निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका होती है। युवा कांग्रेस की रीड की हड्डी युवा पर हीं देश का भविष्य निर्भर करता है। युवा कमर कस लें। मौजूदा हालात में हमें आगे आकर लोकतंत्र व संविधान को बचाना है। देश के संविधान पर प्रधानमंत्री मोदी के फासीवादी शासन द्वारा घातक हमला किया जा रहा है। मोदी के खरीदे हुए गुलाम संविधान को फिर से लिखने और डॉ० बी आर अंबेडकर द्वारा रचित संविधान की मौलिक नैतिकता और सिद्धांतों को मिटा देने की एक घिनौनी साजिश कर रहे हैं। 400 पार का खोखला नारा है और कुछ नहीं। बल्कि हमारे संविधान द्वारा सुनिश्चित सामाजिक राजनीतिक और आर्थिक न्याय को खत्म करने की साजिश है। यह हर भारतीय के अधिकारों पर घातक हमला है।

> एक सभ्य, सशक्त व मजबूत समाज के निर्माण में युवाओं की अहम भूमिका होती है

जन जागरूकता व जन सहयोग से मलेरिया की रोकथाम संभव : सिविल सर्जन

संवाददाता

धनबाद । जन जागरूकता व जन सहयोग से मलेरिया की रोकथाम संभव है। मलेरिया की रोकथाम एवं उसके बचाव के लिए अपने आसपास पानी को जमा न होने दें। जमे हुए पानी में कीटनाशक, जला हुआ मोबिल व केरोसिन तेल डालें। जिससे मच्छर प्रजनन न कर सके। पानी की टंकी को ढक कर रखें। फ्रिज, कूलर, फूलदानी व अन्य बर्तनों का पानी सप्ताह में एक दिन अवश्य सुखा लें। घरों के अंदर कीटनाशक का छिड़काव करें एवं मच्छरदानी का प्रयोग करें। उपरोक्त बातें सिविल सर्जन डॉ० चंद्रभानू प्रतापन ने विश्व मलेरिया दिवस को लेकर सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में कहीं। उन्होंने कहा कि 25 अप्रैल को विश्व मलेरिया दिवस मनाया जाता है। इस दिन मलेरिया को नियंत्रित करने, उसके उन्मूलन के वैश्विक प्रयास के बारे में और लोगों में जागरूकता बढ़ाने के लिए इसका आयोजन किया जाता है। छोटे बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं में इस रोग के प्रति प्रतिकार क्षमता अत्यंत कम होती है। इसके कारण माता मृत्यु, मृत शिशुओं का जन्म, नवजात शिशुओं का वजन अत्यधिक कम होना एक प्रमुख समस्या है। इसे रोकने के लिए गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व मलेरिया की जांच अनिवार्य की गई है। उन्होंने बताया कि ठंड के साथ बुखार आना, उल्टी होना या उल्टी जैसा लगना, शरीर में ऐठन एवं दर्द, सिर दर्द, चक्कर आना तथा थोड़ी देर में पसीने के साथ बुखार आना मलेरिया के लक्षण हो सकते हैं। कहा कि मलेरिया की जांच एवं उपचार की सुविधा प्रत्येक स्वास्थ्य केन्द्र एवं स्वास्थ्य कर्मियों सहिया, एम.पी.डब्लू., ए.एन.एम.के पास निःशुल्क उपलब्ध है।

सुभाषितम्

बिना उत्साह के आज तक कोई भी महान उपलब्धि पाई नहीं जा सकी है। - राल्फ वाल्डो एमर्सन

नागपुरिया सियासी जहर का असर

सर्वाधिक शिक्षित केरल पर भी नागपुरिया सियासत का जहर असर दिखाने लगा है। यहां के एक निर्दलीय वामपंथी समर्थक विधायक ने कांग्रेस के नेता राहुल गांधी को लेकर एक अत्यंत अमर्यादित टिप्पणी की है। इस टिप्पणी से राहुल गांधी पर तो कोई असर नहीं होगा लेकिन केरल की प्रतिष्ठा को धक्का अवश्य लग रहा है। माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी के हिंदू-मुसलमान वाले बयानों पर केंद्रीय चुनाव आयोग की चुप्पी की वजह से राजस्थान से जो जहर फैलना शुरू हुआ वो अब केरल तक जा पहुंचा है। केरल के वामपंथी समर्थक नेता ने राहुल गांधी के डीएनए को लेकर अमर्यादित टिप्पणी की है। उन्हें राहुल के गांधी होने पर शक है। अनवर ने कहा कि वे बहुत नीचे गिर गए हैं। मुझे शक है कि राहुल गांधी का जन्म नेहरू परिवार में हुआ था। मेरे ख्याल से उन्हें अपने सरनेम में गांधी का भी इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। अनवर ने यह बात राहुल गांधी के उस बयान के खिलाफ कही, जिसमें उन्होंने केरल के मुख्यमंत्री पर तंज कसते हुए कहा था कि दो मुख्यमंत्री जेल में हैं। केरल के मुख्यमंत्री के साथ ऐसा कैसे नहीं हो रहा? यह थोड़ा हैरान करने वाला है। राहुल के इस बयान से आईएनडीआईए ब्लॉक गठबंधन नेताओं, कांग्रेस और माकपा के बीच चल रहा मतभेद और बढ़ गया है। दुख की बात ये है कि केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने अनवर को डांटने के बजाय उनका बचाव करते हुए कहा राहुल को बोलते हुए सावधान रहना चाहिए। राहुल ने विजयन के खिलाफ कोई अभद्र टिप्पणी नहीं की थी। एक सामान्य बात कही थी। विजयन चूंकि वामपंथी हैं, इसलिए उन्हें दूध का धुला होने का तमगा नहीं दिया जा सकता। बहरहाल इस समय देश की फिजा में चौतरफा जहर ही जहर है। अकेले भाजपा इसके लिए जिम्मेदार नहीं हैं। सभी राजनीतिक दलों में लगता है कि जहर फैलाने की होड़ लगी है। मौजूदा हालात में केंद्रीय चुनाव आयोग का निकम्मापन खुलकर सामने आ गया है। केंचुए के पास इतनी ताकत नहीं है कि वह बदजुबानी के लिए किसी को भी आंखें दिखा सके। उसके लिए अनवर हों या परम स्वतंत्र आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी सब बराबर हैं। केंचुआ केवल कांग्रेसियों को ही एडवाइजरी जारी कर सकता है, उन्हें चुनाव प्रचार करने से रोक सकता है। प्रधानमंत्री के खिलाफ की गई शिकायत पर संज्ञान लेने की हिम्मत केंचुए में है ही नहीं। अठारहवीं लोकसभा के लिए चुनाव जिस माहौल में हो रहे हैं उसे देखकर लगता है कि नयी लोकसभा भी जहरीली सियासत की तरह जहर बुझी ही होगी। जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी बहुसंख्यक समाज में मुसलमानों को लेकर जो भ्रम फैला रहे हैं, उसकी भनक सत्रहवीं लोकसभा में भाजपा सांसद बिधूड़ी के एक मुस्लिम सांसद पर दिए गए भाषण में बहुत पहले मिल चुकी है। मुस्लिम सांसद भले ही बसपा के थे, लेकिन थे तो हिंदुस्तान के। मतदाताओं को समझना होगा कि यदि वे मुसलमानों को लेकर घृणा फैलाने वालों के फेर में आ गए तो वे भी उस जघन्य पाप के भागीदार बन जाएंगे जो पाप भाजपा और मोदी जी खुल्लम खुल्ला कर रहे हैं। केंचुआ उनका सहायक है। अदालतें स्वयं संज्ञान ले नहीं सकतीं। यानि नेताओं को जहर घोलने की पूरी आजादी है। देश में कोई भी सरकार रही हो उसने कभी किसी से छीनकर किसी दूसरे को नहीं दिया दे भी नहीं सकती। भाजपा में भी इतना दम नहीं है कि वो मुसलमान से छीनकर हिंदू को दे दें। भाजपा तीसरी क्या दस बार भी सत्ता में आ जाए देश के 20 करोड़ मुसलमानों को न देश निकाला दे सकती है और न उन्हें बुलडोजर से रोंद सकती है। सियासी बुलडोग भी मुसलमान को नुक्सान नहीं पहुंचा सकते। केंचुए की लापरवाही और सत्ता प्रतिष्ठान से तालमेल का है खामियाजा देश को न भुगतना पड़े, इसके लिए जरूरी है कि सभी विपक्षी दल सांप्रदायिकता का जहर फैलाने वालों से जूझे में न कि आपस में उलझें। सांप्रदायिक ताकतों की कोशिश तो यही है कि विपक्षी आपस में ही लड़ मरें। विपक्ष को अकेले केरल नहीं बल्कि पूरा देश बचाना है। बहरहाल अभी वक्त है, चुनाव आयोग नींद से बाहर आए। मोदी हों या राहुल अनवर हों या अरविंद सबको बदजुबानी से रोके। सख्ती से रोके।

चिंतन-मनन

ईश्वर का स्वरूप क्या है?

पहले अपने स्वरूप को जानों, एक महात्मा से किसी ने पूछा- ईश्वर का स्वरूप क्या है? महात्मा ने उसी से पूछ दिया-तुम अपना स्वरूप जानते हो? वह बोला- नहीं जानता। तब महात्मा ने कहा- अपने स्वरूप को जानते नहीं जो साढ़े तीन हाथ के शरीर में मैं-मैं कर रहा है और संपूर्ण विश्व के अधिष्ठान परमात्मा को जानने चले हो। पहले अपने को जान लो, तब परमात्मा को तुरंत जान जाओगे। एक व्यक्ति एक वस्तु को दूरबीन से देख रहा है। यदि उसे यह नहीं ज्ञान है कि वह यंत्र वस्तु का आकार कितना बड़ा करके दिखलाता है, तो उसे वस्तु का आकार कितना बड़ा करके दिखलाता है, तो उसे वस्तु के सही स्वरूप का ज्ञान कैसे होगा? अतः अपने यंत्र के विषय में पहले जानना आवश्यक है। हमारा ज्ञान इन्द्रियों के द्वारा संसार दिखलाता है। हम यह नहीं जानते कि वह दिखाने वाला हमें यह संसार यथावत ही दिखलाता है या घटा-बढ़ाकर या विकृत करके दिखलाता है। गुलाब को नेत्र कहते हैं- यह गुलाबी है। नासिका कहती है- यह इसमें एक प्रिय सुगंध है। त्वचा कहती है- यह कोमल और शीतल है। चखने पर मालूम पड़ेगा कि इसका स्वाद कैसा है। पूरी बात कोई इंद्री नहीं बतलाती। सब इन्द्रियां मिलकर भी वस्तु के पूरे स्वभाव को नहीं बतला पातीं।

आज का राशिफल

मेष : कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। मेहमानों का आगमन होगा।

वृष : स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

मिथुन : महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी।

कर्क : धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। सुखदायी समय है। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

सिंह : मनोविनोद बढ़ेगे। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। शुभ कार्यों का लाभदायक परिणाम होगा। कामकाज की अधिकता रहेगी।

कन्या : धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूतियां होगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है।

तुला : रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी।

वृश्चिक : कुछ एकाग्रता की प्रवृत्ति बनेगी। कामकाज की व्यस्तता से सुख-आराम प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी।

धनु : जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी।

मकर : परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। बौद्धिक उलझनें बनी रहेंगी।

कुंभ : मेहमानों का आगमन होगा। राजकीय कार्यों से लाभ। पैतृक सम्पत्ति से लाभ। नैतिक दायरे में रहें। मेहमानों का आगमन होगा।

मीन : शत्रुपक्ष पर आप हावी रहेंगे। पारिवारिक परेशानी बढ़ेगी। कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा।

मतदाता सूची में नाम न हो तब भी कर सकते हैं मतदान!

डॉ श्रीगोपाल नारसन

देश मे पहले चरण का लोकसभा चुनाव मतदान 19 अप्रैल को हो रहा है।लोकसभा की 543 सीटों के लिए 97 करोड़ से अधिक मतदाता 10.50 लाख मतदान केंद्रों के माध्यम से विभिन्न चरणों मे मतदान कर सकेंगे। जिसके लिए चुनाव आयोग ने लगभग डेढ़ करोड़ चुनाव अधिकारियों की नियुक्ति की है। मतदान सहज रूप से मतदाताओं को आवश्यक सुविधाओं के साथ सम्पन्न कराया जा सके, इसके लिए मतदान स्थल पर पेयजल सुविधा, शौचालय, व्हीलचेयर, रैंप, शेड,बिजली आपूर्ति, स्वयं सेवक प्रदत्त किये गए है।देश को मिली आजादी के बाद से अभी तक मतदान के विभिन्न चुनाव में विभिन्न तरीके अपनाये गए है। गांव स्तर से लेकर राज्य और केन्द्र स्तर तक अपना जनप्रतिनिधी चुनने के लिए जो तरीके अपनाये गए उनमें हाथ उठाकर अपना वोट डालने से लेकर ईवीएम वोटिंग मशीन तक का उपयोग मतदाताओं के लिए वरदान बना है। सन 1952 से लेकर साथ के दशक तक गांव में लोग अपना प्रधान व ग्राम सदस्यों का चुनाव हाथ उठाकर करते थे। तब न बैलट पेपर का झंझट था ,न वोटिंग मशीन की जरूरत थी, बस हाथ उठाओं और हो गया वोट । हरिद्वार जिले के गांव खुब्बनपुर निवासी मास्टर सुमन्त सिंह आर्य ने अपनी सरकारी नोकरी के दौरान चार बार ऐसे चुनाव कराये जब वोट बैलट के बजाए हाथ उठाकर दिया गया था।

ग्राम सभाओं के ग्राम प्रधान व ग्राम सभा सदस्यो के चुनाव सन 1962 तक हाथ उठाकर ही कराये जाते थे। लेकिन जब हाथ उठाकर वोट देने के कारण लोगो के बीच आपसी राजनीतिक रंजिश बढने लगी तो हाथ उठाकर वोट देने की सरल व सुगम परम्परा को बन्द करना पडा। हालांकि आजादी के पहले तक तो हाथ उठाकर वोट डालने की परम्परा सामान्य थी। लेकिन तब भी कभी बडे सदनो के लिए हाथ उठाकर वोट डालने की प्रक्रिया को नही अपनाया गया।अपने जीवनकाल में स्वाधीनता सेनानी सत्यवती सिन्हा ने अपने अनुभव सुनाते हुए बताया था कि पहले लोग वोट का मतलब तक नही समझते थे।

एक बार जब वे लोगो को एक पार्टी विशेष के पक्ष में वोट डालने के लिए कहने गई और उन्हे उस समय के चुनाव चिन्ह बैलो की जोडी के बारे में बताया तो गांव की महिलाओं ने वोट डालने के लिए मतदान केन्द्र पर जाने के बजाए खेतो में जाकर बैलो की जोडी के सामने पांच पांच पैसे चढा दिये और समझ लिया कि उन्होने मतदान कर दिया है। ग्राम प्रधान रह चुकी कमला बमोला का कहना है कि मतदान के लिए आज भी कई स्थानों पर लोगो को कई कई किमी तक पैदल जाना पडता है जो कि एक गलत व्यवस्था है। उन्होने माना कि चुनाव में काफी सुधार हुए है लेकिन अभी भी चुनाव धन बल की विकृति से मुक्त नही हो पाया है।गरीब व आम आदमी आज भी चुनाव लडने का साहस नही जुटा पाता। ऐसे में कैसे माना जाए कि लोग उस आम जनता में से चुन कर जा रहे है जिनकी संख्या कम से कम नब्ब फिसदी है। इसी कारण 90 प्रतिशत लोग आज भी चुनाव न लड पाने की हैसियत न होने के कारण चुनाव से दूर रह जाते है और जनप्रतिनिधी बनने से वंचित हो जाते है।

इसी तरह अन्तर्राष्टीय खिलाड़ी डॉ आदेश कुमार शर्मा इस बात से दुखी है कि चुनाव मैदान में उतरे प्रत्याशी आज भी वोटरो को प्रलोभित कर वोट पाना चाहते है और जब ऐसे लोग चुनाव जीत जाते है तो चुनाव बाद 5 साल तक फिर वे क्षेत्र में नजर नही आते ऐसे प्रत्याशियो को नकारने पर वे जोर देते है। उन्होने चुनाव आयोग द्वारा चुनाव सुधार की दिशा में टी एन शेषन के समय की गई सख्ती का स्वागत किया था। उनकी सोच है कि चुनाव आयोग टीएन शेषन के समय से ही अच्छे रास्ते पर चलने लगा था परन्तु अब फिर उसकी विश्वनीयता ईवीएम पर सवाल उठने के कारण घटने लगी है ।एक बार विधायक या सांसद बनने पर उनकी आय मे कई सौ गुना वृद्धि कैसे हो जाती है इस पर भी ध्यान देने की आवश्यकता है।चुनाव आयोग द्वारा दिल्ली में पिछले चुनाव में मतदान के दिन कोई भी प्रत्याशी मतदान स्थल से 100 मीटर दूरी तक मतदाताओं को हाथ जोडकर नमस्ते तक नही कर पाया था,यह प्रावधान लोगो को बहुत पसंद आया है। जब आप वोट डालने मतदान केंद्र पर जाए और आपको पता चले कि आपका वोट किसी ने पहले ही डाल दिया है,ऐसी हालत में आप पीठासीन अधिकारी से टेंडर वोट डालने की सुविधा प्राप्त कर सकते है।यदि किसी मतदान केंद्र पर टेंडर वोट कुल मतदान का 40 प्रतिशत से अधिक हो जाए तो वहां पुनः मतदान कराया जाएगा।

वही यदि आपका नाम मतदाता सूची में ही न हो तब आप धारा 49 ए के तहत पीठासीन अधिकारी से चुनौती वोट डलवाने का निवेदन कर सकते है। लेकिन यदि आपका नाम मतदाता सूची में न हो और आपके पास मतदाता पहचान पत्र भी न हो,तब भी धारा 8 के अंतर्गत कोई भी पहचान पत्र जिनमे पैन कार्ड,ड्राइविंग लाइसेंस, आधार कार्ड आदि दिखाकर मतदान कर सकते है।यानि मतदान करना प्रत्येक नागरिक का मूलभूत अधिकार है, इसलिए मतदान अवश्य करे।

अपराधियों और माओवादी हिसकों से राजनीतिक सद्भाव के मायने

रमेश शर्मा

लुटेरों और अपराधी कबीलों को सेना से जोड़कर कर सत्ता तक पहुंचने का काम मध्यकाल में आक्रांताओं ने किया। लेकिन स्वतंत्रत भारत में भी एक चिंतनधारा ऐसी है जो मुस्लिम समाज में केवल अपराधियों और वनवासियों में माओवादी हिसकों के प्रति सहानुभूति या सद्भाव दिखाकर अपने राजनीतिक लाभ का आकलन करती है। ऐसी झलक किसी एक प्रांत में नहीं अपितु लगभग पूरे भारत में दिखती है।

भारत विविधताओं से भरा देश है। यह विविधता भाव, भाषा, भूषा और भोजन में ही नहीं, लोकजीवन की परंपराओं में भी है। यह हम कश्मीर, केरल, कर्नाटक, बंगाल, उत्तर प्रदेश और सुदूर वनवासी अंचल बस्तर के समाज जीवन से समझ सकते हैं। किन्तु इस विविधता के बीच एक सूत्र है जो इन सभी प्रांतों में बिल्कुल एक जैसा दिखाई देता है, वह है माओवादी हिंसक आंतकियों और मुस्लिम समाज से संबंधित अपराधियों के अपराध की गंभीरता को कम करने लिये विषयान्तर करने संबंधी राजनीतिक वक्तव्य।

ऐसा करने वाले कोई दर्जन भर राजनीतिक दल हैं जो इन दोनों विषयों से संबंधित घटनाओं और अपराध पर ऐसे वक्तव्य देते हैं जिनसे लोग अपराध पर नहीं अपितु राजनीति पर चर्चा करने लगते हैं। ऐसे कुछ दलों में तो आपसी राजनीतिक तालमेल भी नहीं है। पर इन दोनों विषयों पर सबकी शैली एक है, एक दूसरे के स्वर में स्वर मिलाते हैं। पता नहीं क्यों इन दलों को अपना हित अपराधियों के प्रति सद्भाव प्रदर्शित करने में क्यों दिखता है। मुस्लिम समाज में डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम जैसे वैज्ञानिक, केके मोहम्मद जैसे पुरातत्व विशेषज्ञ और अब्दुल हमीद जैसे बलिदानी भी हुए।

किन्तु इन विभूतियों के लिये वैसी लामबंदी नहीं होती जैसी माफिया डॉन मुख्तार अंसारी और शाहजहां शेख, दो मासूम बच्चों के हत्यारे साजिद, लव जिहाद में हत्या के आरोपी फैयाज और बस्तर के एनकाउंटर में मारे गये नक्सलियों के प्रति देखी गई। मुस्लिम समाज से संबंधित किसी अपराधी या माफिया डान का नाम आते ही कुछ राजनीतिक दल के नेता ऐसे वक्तव्य जारी करने लगते हैं जिनसे या तो अपराध की गंभीरता कम होती है अथवा सुरक्षा बलों की लक्ष्य मूलक कार्रवाई पर प्रश्न उठने लगते हैं।

यदि हम अतीत में घटी असंख्य घटनाओं को छोड़ दें, जिनमें गोधरा कांड के अपराधियों को बचाने का अभियान, बटाला हाउस एनकाउंटर में मारे गये आतंकवादी के लिये किसी नेता की आंख में आंसू आने की चर्चा, पाकिस्तान प्रायोजित कश्मीर के आतंकवाद में संलग्न आतंकवादियों को भटके हुये नौजवान कहना, पालघर में साधुओं की हत्या पर राजनीति करके हत्याओं की गंभीरता को कम करना, कुख्यात आतंकवादी अफजल की बरसी मनाने और उसमें भारत के टुकड़े होने के नारे लगाने जैसी घटनाएं घटीं हैं, केवल पिछले एक माह के भीतर भारत के विभिन्न क्षेत्रों में घटी कुछ घटनाओं को देखें तो भी इस तथ्य को आसानी से समझा जा सकता है।

इनमें कश्मीर की तीन टारगेट किलिंग, कर्नाटक में लव जिहाद किलिंग, केरल में लड़कियों के गायब होने और उन्हें धर्म विशेष का प्रचारक बनाने का विवरण सामने आना, बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के सामूहिक शोषण, बस्तर में नक्सलियों और बदायूं में दो मासूम बच्चों के हत्यारे के एनकाउंटर और माफिया डॉन मुख्तार की मौत पर जो राजनीतिक वक्तव्य आये, इन सबमें एक ही शैली है। जिससे अपराधियों और देश विरोधी तत्वों को राजनीतिक परदे में छिपने का अवसर मिला। कश्मीर में टारगेट किलिंग और वक्तव्यः अप्रैल में ही कश्मीर में टार्गेट किलिंग की तीन घटनाएं हुईं। आतंकवादियों ने 8 अप्रैल को शोपियां जिले के पदपावन में ड्राइवर परमजीत सिंह की हत्या की, 17 अप्रैल को अनंतनाग में बिहार के प्रवासी मजदूर शंकर शाह की गोली मारकर हत्या की और इसी सप्ताह राजौरी में एक सिपाही के भाई की हत्या की। कश्मीर में ऐसी हत्याओं के पीछे किसका हाथ है और कौन कर रहा है, इन हत्याओं का उद्देश्य क्या है, यह किसी से छिपा नहीं है। इसके तार सीमापार पाकिस्तान से जुड़े माने जाते हैं। ये गतिविधियां देश के सद्भाव, संविधान और मानवता के विरुद्ध तो हैं हीं ये देश विरोध की सीमा में भी आती हैं। फिर भी कश्मीर के दो प्रमुख नेताओं महबूबा मुफ्ती और उमर अब्दुल्ला के वक्तव्यों में हत्यारों के प्रति गुस्सा नहीं सहानुभूति की झलक दिखती है। लगता है कि वे इन अपराधों की गंभीरता से ध्यान हटाकर राजनीतिक बहस खड़ी करना चाहते हैं। पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने घटना की निंदा तो की पर साथ ही भाजपा पर हमला बोला और कहा ₹इस तरह की घटनाओं का इस्तेमाल देश में मुसलमानों की छवि खराब करने के लिए किया जा रहा है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के नेता उमर अब्दुला ने तो यहां तक कहा कि ये तब तक नहीं रुकेगा जब तक न्याय नहीं मिलता। उन्होंने इन घटनाओं को 370 की बहाली से भी जोड़ा। कश्मीर में कौन अन्याय कर रहा है और किसको न्याय चाहिए? कश्मीर के मूल निवासी तो कश्मीरी पंडित हैं जिन्हें तो खदेड़कर बाहर कर दिया गया। उनके घर मकान सब पर कब्जा कर लिया गया। तो अन्याय किसके साथ हुआ? यदि भारत के लोग संसार भर के अन्य देशों में जाकर काम कर सकते हैं तो अपने देश के प्रांत कश्मीर में क्यों नहीं कर सकते? यदि कश्मीर जाकर काम करने का प्रयास करेंगे तो गोली मार दी जायेगी? उमर अब्दुल्ला क्यों 370 की बहाली चाहते हैं? यदि भारतीय नागरिक अमेरिका और ब्रिटेन में जाकर बस सकते हैं और संपत्ति खरीद सकते हैं तब देश के ही प्रांत कश्मीर में क्यों नहीं? सर्दी के दिनों में कश्मीरी नागरिक भारत के कोने-कोने में जाकर शाल बेचते हैं। उन्हें तो कोई कहीं से नहीं भगाता लेकिन कश्मीर में किसी अन्य कोई स्थान नहीं। उन्हें मार डाला जाता है और कुछ राजनेता अपराध की गंभीरता से ध्यान हटाकर घटनाओं को राजनीतिक मोड़ देने का प्रयास करते हैं।

बदायूं और बस्तर में एनकाउंटर पर उठाए गए सवालः इस माह के भीतर दो चर्चित एनकाउंटर हुये। एक उत्तर प्रदेश के बदायूं में और दूसरा छत्तीसगढ़ के बस्तर में। सुरक्षा बलों ने बदायूं में साजिद नाम के युवक का एनकाउंटर किया जिसने घर में घुसकर दो मासूम बच्चों की हत्या की थी। जब साजिद उस घर में पहुंचा तो उन बच्चों की मां साजिद के लिए चाय बनाने चली गई और ये बच्चे पानी लेकर पहुंचे। साजिद इन दोनों बच्चों की हत्या कर भाग गया। जब पुलिस पकड़ने पहुंची तो साजिद ने पुलिस पर हमला किया, एनकाउंटर हुआ और साजिद मारा गया।

समझना होगा 'माता भूमि, पुत्रोह्म पृथिव्याः' का निहितार्थ



कुल भूषण उपमन्यु

आज प्लास्टिक, मिट्टी, पानी, और वायु का प्रदूषक बनता जा रहा है। जमीन पर पड़े हुए प्लास्टिक से धूप के कारण अपर्दन से टूटकर सूक्ष्म कण मिट्टी में मिल जाते हैं और मिट्टी के उपजाऊपन को नष्ट करने का काम करते हैं। पानी में मिल कर मछलियों के शरीर में पहुंच कर खाद्य श्रृंखला का भाग बन कर मानव स्वास्थ्य के लिए हानिकारक बन जाते हैं। जलाए जाने पर वायु में अनेक विषैली गैसें वायु मंडल में छोड़ते हैं जिससे वैश्विक तापमान वृद्धि के साथ-साथ मानव स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरे पैदा हो रहे हैं। प्लास्टिक दैनिक जीवन का ऐसा भाग बन गया है कि इससे बचना बड़ी चुनौती बनता जा रहा है। प्लास्टिक का प्रयोग कम करना, पुनर्चक्रीकरण, और जो बच जाए उसको उत्तम धुआं रहित प्रज्वलन तकनीक से ताप विद्युत बनाने में प्रयोग किया जा सकता है। हालांकि इससे भी थोड़ा गैस उत्सर्जन तो होता है किन्तु जिस तरह शहरी कचरा डंपिंग स्थलों में लगातार लगने वाली आग और गांव में खुले में जलाया जा रहा प्लास्टिक धुआं फैलता जा रहा है उससे तो यह हजार गुणा बेहतर है। स्वीडन ने तो यूरोप के अनेक देशों से सूखा कचरा आयात कर-के उससे बिजली बनाने का व्यवसाय ही बना लिया है। उसके पास जो तकनीक है, उसमें केवल दशमलव दो प्रतिशत ही गैस उत्सर्जन होता है। प्लास्टिक के विकल्प के रूप में पैकिंग सामग्री तैयार करना नवाचार की दूसरी चुनौती है। गांव में भी अब तो प्लास्टिक कचरे के अंबार लगते जा रहे हैं। आधुनिक दैनिक प्रयोग की तमाम वस्तुएं प्लास्टिक में ही पैक हो कर आ रही हैं। प्लास्टिक के पुनःचक्रीकरण के लिए यह जरूरी है कि प्लास्टिक और अन्य सूखा कचरा अलग-अलग एकत्र किया जाए। और कबाड़ी को दिया जाए। जो बच जाए उसे निबटाने के दुसरे सुरक्षित तकनीकी उपायों की सरकारें व्यवस्था करें। एक विचार यह भी जोर पकड़ रहा है कि जो पैदा करे वही कचरे के प्रबंधन का जिम्मेदार ठहराया जाए ताकि ये पैकिंग करके सामान बेचने वाली कंपनियां पैकिंग सामग्री एकत्रित करवा कर वापस लें, और रीसाइक्लिंग की व्यवस्था करें।

किन्तु केवल प्लास्टिक ही जलवायु परिवर्तन का कारक नहीं है। रासायनिक कृषि के कारण भी भूमि की जैविक पदार्थ धारण करने की क्षमता समाप्त हो जाति है जिससे कार्बन पदार्थ का भूमि में संचय नहीं होता दूसरा भूमि की उपजाऊ शक्ति भी कम हो जाति है। जैविक कृषि को प्रोत्साहित करके और वैज्ञानिक आधार पर विकसित करके इस समस्या से निपटा जा सकता है। भारत में इस दिशा में कुछ काम होना शुरू भी हुआ है किन्तु इसे अभी तक मुख्यधारा बनाने में सफलता नहीं मिली है। इसके लिए अधिक वैज्ञानिक शोध की जरूरत है ताकि रासायनिक विधि के बराबर ही उत्पादन करके दिखाया जाए और अन्न सुरक्षा की चुनौती पर कोई खतरा आने की चिंता न रहे। जलवायु परिवर्तन में मुख्य भूमिका ऊर्जा उत्पादन क्षेत्र की है। हमारे देश में कुल विद्युत उत्पादन 428 गीगा वाट है। जिसमें से 71 प्रतिशत कोयले और जीवाश्म ईंधन से हो रहा है। स्वच्छ ऊर्जा उत्पादन 168।96 गीगा वाट है। जिसमें से 42 गीगा वाट जल विद्युत का उत्पादन है। किन्तु जल विद्युत भी जब बड़े बांधों के माध्यम से बनाई जाती है तो जलाशयों में बाढ़ से संचित जैव पदार्थ आक्सीजन रहित सड़न द्वारा मीथेन गैस का उत्सर्जन करते हैं। मीथेन कार्बन डाई आक्साइड से छह गुणा ज्यादा वैश्विक तापमान वृद्धि का कारक है। इसलिए एक सीमा से ज्यादा जल विद्युत का प्रसार भी ठीक नहीं। सौर ऊर्जा एक बेहतर विकल्प के रूप में उभर रही है।

भारत वर्ष में पिछले कुछ सालों में सौर ऊर्जा उत्पादन में अच्छा काम हुआ है। भारत वर्ष में 2030 तक 500 गीगा वाट स्वच्छ उर्जा उत्पादन का लक्ष्य रखा गया है। आशा है इसे हम प्राप्त कर सकेंगे। किन्तु बड़े ऊर्जा पार्क बना कर स्थानीय संसाधनों पर कुछ जगहों पर ज्यादा दबाव पड़ जाता है जिससे कई समुदायों की रोजी-रोटी के संसाधन छिन जाते हैं जिसके विरुद्ध कई आवाजें उठती रहती हैं, और संघर्ष खड़े हो जाते हैं। इन जायज संघर्षों को अकसर शासन और प्रशासन स्थानीय समुदायों की कठिनाई को समझ कर समाधान करने के बजाए उनसे टकराव का रास्ता चुनती हैं और उन्हें देशविरोधी, विकास विरोधी ठहराने के अवास्तविक और अनावश्यक प्रयास करते हैं। जिससे बेगुनाह लोग अत्याचार और शोषण का शिकार हो जाते हैं और समाज में असंतोष बढ़ता है।

हमें याद रखना चाहिए कि विकास का मतलब समावेशी विकास होता है। राष्ट्रीय और बहुराष्ट्रीय कंपनियों तक ही विकास का मुख्य लाभ पहुंचने से आय का न्यायपूर्ण बंटवारा नहीं हो सकता। अतः उत्पादन का यथा संभव विकेन्द्रित तरीका ही अपनाया जाना चाहिए। उदाहरण के लिए भारत में 6 लाख के लगभग गांव हैं। यदि हर गांव में एक मैगा वाट सौर उर्जा उत्पादन घर की छतों पर और बेकार जगहों पर किया जाए तो बिना किसी एक जगह संसाधनों पर बड़ा दबाव बनाए 6 लाख मेगा वाट बिजली का उत्पादन हो सकता है।

दैनिक पंचांग

25 अप्रैल 2024 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति



ग्रह स्थिति		लग्नारंभ समय	
सूर्य	मेष में	वृष	06.40 बजे से
चंद्र	तुला में	मिथुन	08.38 बजे से
मंगल	मीन में	कर्क	10.51 बजे से
बुध	मीन में	सिंह	13.07 बजे से
गुरु	मेष में	कन्या	15.19 बजे से
शुक्र	मेष में	तुला	17.30 बजे से
शनि	कुंभ में	वृश्चिक	19.45 ब.से
राहु	मीन में	धनु	22.01 बजे से
केतु	कन्या में	मकर	00.06 बजे से
		कुंभ	01.52 बजे से
		मीन	03.25 बजे से
		मेष	04.56 बजे से

राहुकाल
1.30 से 3.00 बजे तक

गुरुवार 2024 वर्ष का 116 वां दिन
दिशाशूल दक्षिण **ऋतु** ग्रीष्म।
विक्रम संवत् 2081 **शक संवत्** 1946
मास वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र)
पक्ष कृष्ण **तिथि** प्रतिपदा 06.46 बजे को समाप्त। **नक्षत्र** विशाखा 02.24 बजे रात्र को समाप्त। **योग** व्यतीपात 04.53 बजे प्रातः को समाप्त।
करण कौलव 06.46 बजे तदनन्तर तैतिल 19.20 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 16.2 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 13° 17'
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1871960
जूलियन दिन 2460425.5
कलियुग संवत् 5125
कल्पारंभ संवत् 1972949123
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123
वीरनिर्वाण संवत् 2550
हिजरी सन् 1445
महीना सव्वाल **तारीख** 15
विशेष आसों रोज।

दिन का चौघड़िया			रात का चौघड़िया		
शुभ	05.54 से	07.22 बजे तक	अमृत	05.40 से	07.11 बजे तक
रोग	07.22 से	08.51 बजे तक	चर	07.11 से	08.43 बजे तक
उद्वेग	08.51 से	10.19 बजे तक	रोग	08.43 से	10.15 बजे तक
चर	10.19 से	11.47 बजे तक	काल	10.15 से	11.47 बजे तक
लाभ	11.47 से	01.15 बजे तक	लाभ	11.47 से	01.19 बजे तक
अमृत	01.15 से	02.43 बजे तक	उद्वेग	01.19 से	02.51 बजे तक
काल	02.43 से	04.11 बजे तक	शुभ	02.51 से	04.23 बजे तक
शुभ	04.11 से	05.40 बजे तक	अमृत	04.23 से	05.55 बजे तक

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। ■ Jagrutidaur.com, Bangalore

लोस चुनाव : बीडी राम, ममता भुईयां, महेंद्र बैठा व सत्येंद्र पासवान ने किया पर्चा दाखिल

संवाददाता

मेदिनीनगर। पलामू लोकसभा चुनाव के नामांकन के छठे दिन बुधवार को चार प्रत्याशियों ने पर्चे दाखिल किए। भाजपा के उम्मीदवार विष्णु दयाल राम, राजद नेता ममता भुईयां, भागीदारी पार्टी (पी) के सत्येंद्र कुमार पासवान एसयूसीआई (सी) के प्रत्याशी महेंद्र बैठा ने निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष पर्चा दाखिल किया। ममता भुईया ने मंत्री सत्यानंद भोक्ता व प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह यादव के साथ निर्वाचन पदाधिकारी के समक्ष नामांकन के लिए पहुंची।

भाजपा प्रत्याशी विष्णु दयाल राम ने केंद्रीय मंत्री जनरल वीके सिंह व भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी के साथ उपायुक्त के समक्ष नामांकन किया। नामांकन के पूर्व बीडी राम ने काली मंदिर में पूजा अर्चना किया व जनरल वीके सिंह, बाबूलाल मरांडी, प्रदेश महामंत्री मनोज सिंह, राज्यसभा सदस्य आदित्य साहू व विधायक आलोक चौरसिया के साथ 11.35 बजे नामांकन के लिए समाहरणालय पहुंचे।

मोदी के नेतृत्व में भारत बनने जा रहा भारत की तीसरी महाशक्ति : जनरल बीके सिंह

स्थानीय शिवाजी मैदान में उपस्थित नागरिकों को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री जनरल बीके सिंह ने कहा कि भारत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में तीसरी महाशक्ति के रूप में उभर रहा है । बीडी राम को दिया जाने वाला प्रत्येक मत प्रधानमंत्री के हाथों को मजबूत करेगा।

पलामू संसदीय क्षेत्र का करूंगी विकास : ममता

नामांकन पत्र दाखिल करने के पश्चात राजद प्रत्याशी ममता भुईयां ने कहा कि चुनाव जीतने के पश्चात पलामू की चतुर्दिक विकास करेंगी। सुआ- कौडिया व चेचन्हा में रेलवे बाईपास, मेदनीनगर नगर निगम व विश्रामपुर नगर परिषद क्षेत्र में पेयजल की समुचित व्यवस्था करेंगी । गढ़वा व पलामू के रामगढ़ व चैनपुर में सिंचाई सहित पूरे लोकसभा क्षेत्र में पेयजल, सड़क, सिंचाई व चिकित्सा की बेहतर व्यवस्था करेंगी। इसके अलावा पलामू संसदीय क्षेत्र के लोगों के कल्याण के लिए संसद में जोरदार आवाज उठाएंगी। क्षेत्र वासियों को हर संभव मदद करने को तैयार रहेंगी।

पलामू में राजद की जीत होगी ऐतिहासिक : भोक्ता

नामांकन के पश्चात हाउसिंग कॉलोनी स्थित मैदान में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए सूबे के मंत्री सत्यानंद भोक्ता ने कहा कि पलामू का राजा गढ़ रहा है पलामू संसदीय क्षेत्र के की जनता राजद पर पूर्ण भरोसा करती है। ममता भुईयां पार्टी की एक योग्य व कर्मठ प्रत्याशी हैं। इस बार पलामू में राजद प्रत्याशी ममता भुईयां की जीत ऐतिहासिक होगी। जनता पूरे बदलाव के मूड में है। कहा कि मोदी का एक भी वायदा पूरा नहीं हुआ। 15 लाख खाता में नहीं आए। विदेश से काला धन नहीं लाया गया । महंगाई कम नहीं हुई। युवकों को रोजगार नहीं मिला। झारखंड में अधिक्तर कच्चे मकान हैं। लेकिन प्रधानमंत्री पक्का मकान नहीं दे पाएं। प्रधानमंत्री का वादा पूरी तरह झूठा निकला।

एक नजर

असुरक्षित बूथ क्षेत्र में पुलिस ने किया पैदल मार्च

मेदिनीनगर(पलामू)। पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन के निदेर्शानुसार लोकसभा चुनाव को ले मनातू थाना अंतर्गत आने वाले असुरक्षित बूथों देवडीह, पद्मा, व आसपास के गांव में पुलिस ने पैदल मार्च किया। पैदल मार्च में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, मनातू बीडीओ, सीआरपीएफ 112 कंपनी के सहायक कमांडेंट, थाना प्रभारी व शास्त्र बालों के जवान शामिल थे। सभी ने आसपास के ग्रामीणों के साथ संवाद कर बिना किसी भय, प्रलोभन व दबाव के मतदान करने के लिए प्रोत्साहित किया। उन्हें प्रशासन के बीच आपसी सहयोग के साथ मतदान सफल करने के लिए प्रेरित किया गया।

नहीं रहे शिक्षक पं. मुखदेव उपाध्याय

मेदिनीनगर(पलामू)। चचरिया ग्राम निवासी शिक्षाविद मुखदेव उपाध्याय नही रहें। दिल का दौरा पड़ने से उनका निधन हो गया। वे 90 वर्ष के थे। वे पत्रकार व न्यूज मिर्ची के पलामू संवाददाता अमितेश रंजन उपाध्याय के दादा थे। शिक्षाविद मुखदेव उपाध्याय अपने जीवन काल में लोगों को शिक्षा के क्षेत्र में काफी आगे बढ़ाया। हर वर्ग का ख्याल रखते थे। क्षेत्र के लोगों को शिक्षित बनाकर उचित मार्गदर्शन दिया करते थे। उनके जाने से क्षेत्र में शोक की लहर व्याप्त है। लोग अपने गुरुजी को याद कर भावुक हो गए। कोयल नदी के तट पर बड़े पुत्र रजनीकांत उपाध्याय ने मुखाग्नि दी। उनके निधन की खबर मिलते ही लोगों का संवेदनाओं का तांता लग गया। मौके पर पूर्व मंत्री के एन त्रिपाठी, पलामू लोकसभा के उम्मीदवार ममता भुइयां, राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष श्यामदास सिंह यादव, विश्रामपुर विधानसभा के भावी विधायक प्रत्याशी विकास दुबे, चिंटू दुबे, बसपा प्रदेश अध्यक्ष राजन मेहता, पूर्व सांसद कामेश्वर बैठा, मंत्री मिथिलेश ठाकुर, पूर्व विधायक सतेंद्र तिवारी, सांसद बीडी राम सहित काफी संख्या में लोगो ने शोक संवेदना व्यक्त की है।

अनियंत्रित होकर कार पेड़ से टकराई,दो घायल

मेदिनीनगर। सदर थाना क्षेत्र के चियांकी हेरिटेज स्कूल के पास बुधवार की सुबह 8 बजे बाराती कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। जिसमे कार पर सवार रेड़मा निवासी लक्ष्मण तिवारी की पुत्री खुशी कुमारी और उनके भाई अजय तिवारी गंभीर रूप से घायल हो हुए। बाकी तीन व्यक्तियों को हल्की चोट लगी है। इस घटना के बारे में घायल के परिजनों ने बताया कि कार पर सवार सभी व्यक्ति मंगलवार की रात सतबरवा लहलहे शादी समारोह में शामिल होने गए थे। बुधवार की सुबह घर लौटने के दौरान सदर थाना क्षेत्र के चियांकी हेरिटेज स्कूल के पास उनका कार अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई। जिसमें कार पर सवार अजय तिवारी और खुशी गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी सदर थाना की पुलिस को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही सदर थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर दोनो को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल पहुंचाया। जहां इलाज के बाद भी दोनों की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वही इस घटना की जानकारी मिलने पर घायल के परिजन सदर अस्पताल पहुंचकर अपने देखरेख में घायलों का इलाज करवा रहे हैं।

बारात में हुई मारपीट, दो युवक घायल

मेदिनीनगर। चैनपुर थाना क्षेत्र के ग्राम चांदो कोरीयाडीह टोला निवासी धर्मदेव सिंह के पुत्र जितेंद्र कुमार और उसी गांव के एक युवक अनुज कुमार को मंगलवार की रात कुछ विवाद को लेकर बारात में लड़की पक्ष के लोगो ने लाठी डंडे से पीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इस घटना के बारे में घायल के परिजनों ने बताया कि जितेंद्र सिंह और अनुज कुमार मंगलवार की रात अपने गांव के राजपती सिंह के बेटे के बारात में सतबरवा थाना क्षेत्र के पोलपोल गांव गए थे। वहां पर उनका किसी बात को लेकर लड़की पक्ष के लोगों से बहस हो गया। इसके बाद लड़की पक्ष और उनके बीच मारपीट होने लगा जिसमें दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद बारात में पहुंचे अन्य बारातियों के द्वारा इस घटना की जानकारी परिजनों को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही मंगलवार की रात में ही परिजन घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों द्वारा इलाज के बाद भी जितेंद्र सिंह की स्थिति गंभीर बनी हुई है। जबकि अनुज कुमार इलाज के बाद खतरे से बाहर है। इलाज के बाद वह अपना घर चला गया है।

अदबी संसार का 32वीं तरही नातिया मुशायरा एक शाम, शाहिद अनवर के नाम संपन्न

आप नबियों के सुल्तान हैं या नबी रब ने बख्शा है वो मर्तबा आपका

संवाददाता

मेदिनीनगर। अदबी संसार ने 32वीं तरही नातिया मुशायरा में बुधवार को एक शाम, शाहिद अनवर के नाम राहत नगर स्थित मो. सलीम के आवास पर आयोजित कराया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता शाहिद अनवर जबकि संचालन हाजी शमीम रजवी, कारी गुफ़रान रजा व मो. यूनुस रजवी, ने संयुक्त रूप से किया। अतिथियों का स्वागत अदबी संसार के संस्थापक एम.जे. अजहर ने किया। मौके पर समाजसेवी सैय्यद मो. कलाम ने क्रमशः शायर शाहिद अनवर, मुख्य अतिथि वरिष्ठ कांग्रेसी नेता शमीम अहमद राईन, शौकत अंसारी को अंग वस्त्र व माला पहनकर सम्मानित किया। शाहिद अनवरः हो करम या हबीब ए खुदा आपका, बाद रब है बड़ा मर्तबा आपका। मौ. महताब आलम जियाईः मुस्तफा की चौखट पर जाने वाला हर मंगता, लौटता नहीं खाली आज भी मदीने से। कारी मो. जसीमुद्दीन शमीमीः हो जिस दिल में पिन्हा मुहब्बत नबी की, वो पाएगा बेशक शफ़ाअत नबी की।

शमीम रजवीः चमका नूर मक्का में पहुंचा फिर मदीने को, फैलने लगी हर सू रौशनी मदीने से। कय्यूम रूमानीः मौत का खैर मकदम न हम क्यों करें, होने वाला नबी का जो दीदार है। अमीन रहबर है तखलीक ए आलम भी सदका. उन्ही का, दो आलम है कायम बदौलत नबी की। एम.जे.अजहरः आप नबियों के सुल्तान हैं या नबी, रब ने बख्शा है वो मर्तबा आपका। डॉ. इंतेखाब असरः रौनके जमाने में आपकी बदौलत हैं, दो जहां में खुशबू है आपके पसीने से। अलाउद्दीन शाह चिरागः वही सुरखुरू होगा दोनों जहां में, है अपनाई जिसने भी सीरत नबी की।

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

गढ़वा। प्रखंड नगर ऊंटारी स्थित मां नगीना शाही महिला महाविद्यालय में स्वीप कार्यक्रम के तहत ELC के सदस्यों के बीच मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित छात्राओं को मतदाता पंजीकरण के लिए फॉर्म 6 भरने की प्रक्रिया, मतदाता पहचान पत्र में प्रविष्टियों की सुधार हेतु फॉर्म 8, मतदाता सूची में नाम हटाने हेतु फॉर्म 7 के बारे में विस्तार से बताया गया। सभी को स्वीप के तहत भावी मतदाता, चुनाव पाठशाला, वोटर अवेयरनेस फोरम, मतदाता जागरूकता समूह सहित विभिन्न विषयों के बारे में बताया गया। शिक्षकों की मदद से डेमोक्रेसी रूम तैयार की गई, साथ ही साथ सभी छात्राओं को वोटर हेल्पलाइन एप, सक्षम एप, C-VIGIL एप्प सहित विभिन्न ऑनलाइन माध्यम का उपयोग एवं नैतिक मतदान के बारे में जानकारी दी गयी। कार्यक्रम में ईवीएम एवं वीवीपीएटी के बारे में बताया गया कि कैसे ईवीएम द्वारा मतदान करने से एवं वीवीपीएटी के आ जाने से हमारी मतदान की प्रक्रिया पूर्णतः सहज पारदर्शी एवं विश्वसनीय हो गयी है।

जल के अभाव में कितने जनता की जा सकती है जान : ग्यासुद्दीन

संवाददाता

हुसैनाबाद/पलामू। हुसैनाबाद नगर पंचायत के अंतर्गत आज से दस दिनों से अधिक समय से यह भीषण गर्मी में पानी के अभाव में हुसैनाबाद की जनता बाल्टी डब्बा बोतल लेकर दुसरे के दरवाजा दर दर भटक रहे हैं एवं खटखटा रहे हैं फिर भी प्यास नहीं बुझती। वहीं हुसैनाबाद नीव वर्तमान नगर पंचायत उपाध्यक्ष ग्यासुदीन सिद्दकी ने जनता को त्राहिमाम त्राहिमाम देखते हुए एक लिखित आवेदन प्रतिलिपि पत्र पलामू उपायुक्त महोदय हुसैनाबाद अनुमंडल पदाधिकारी एवं नगर पंचायत कार्यालय पदाधिकारी को सौंपा ज्ञापन उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद नगर पंचायत के अंतर्गत आज से 18/ 4/ 2024 से सप्लाई पानी बंद होने के कारण यहा की जनता में काफी आक्रोश है। उन्होंने कहा कि कितने बार मौखिक पुछे जाने पर आश्वासन मिलाता है कि मोटर में खराबी आने के कारण पानी सप्लाई में समस्या उत्पन्न हो रही हैं बोरिंग मोटर ठीक होने पर पानी सप्लाई तत्कालीन शुरू कर दिया जाएगा।

मौके पर मोहम्मद, वसीम खान, प्रभात पाल, अखिलेश कुमार, आशू सिद्दकी, सोनु कुमार, अनिल कुमार, सेन्टु कुमार, शिवली कुमार, अजय कुमार सिंह, मुन्ना कुमार, सुदामा कुमार पासवान, बिक्रमा कुमार नन्हकू राम गोपाल यादव अरविंद कुमार शर्मा रामलाल विश्वकर्मा अभिषेक कुमार पासवान सहित अन्य लोग मौजूद थे।

लातेहार में पंचायत सेवक रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार

संवाददाता

लातेहार। जिले के महुआडांड़ प्रखंड के चटकपुर पंचायत में पदस्थापित पंचायत सेवक अनेश्वर प्रसाद को एसीबी की टीम ने बुधवार को चार हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार चटकपुर पंचायत के रहने वाले एक लाभुक को मनरेगा योजना से कुआं मरम्मत की योजना स्वीकृत हुई थी। लाभुक के द्वारा काम पूरा करवाने के बाद भुगतान के लिए पंचायत सेवक से पिछले कई दिनों से गुहार लगाई जा रही थी लेकिन पंचायत सेवक इसके लिए चार हजार रुपये रिश्वत मांग रहा था। पंचायत सेवक यह भी कह रहा था कि यदि रिश्वत नहीं दिया तो भुगतान नहीं किया जाएगा और योजना को क्लोज कर दिया जाएगा। परेशान होकर लाभुक ने इसकी शिकायत पलामू एसीबी की टीम से की। एसीबी की टीम ने पूरी मामले की छानबीन करने के बाद बुधवार को रुपये देकर लाभुक को पंचायत सेवक के पास भेजा। पंचायत सेवक ने जैसे ही पैसा लिया वैसे ही एसीबी की टीम ने उसे धर दबोचा। साथ ही आवश्यक छानबीन के पश्चात एसीबी की टीम ने आरोपित पंचायत सेवक को गिरफ्तार कर पलामू ले गई। इस संबंध में एसडीएम रतन कुमार ने बताया कि निगरानी की टीम ने पंचायत सेवक को गिरफ्तार किया है।

पलामू के 500 मंदिरों में एक साथ सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ और महा आरती संपन्न

श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर सामूहिक रुप से की गई आरती

मेदिनीनगर। श्री महावीर नवयुवक दल जेनरल के द्वारा श्री हनुमान जन्म महोत्सव के उपलक्ष्य में महा आरती आयोजित की गई यह महा आरती कोयल नदी किनारे शिवाला घाट स्थित हनुमान मंदिर में की गई इस अवसर पर जनरल के पदाधिकारी एवं कई राम भक्त माताएं बहने भी उपस्थित थी मां आरती में सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा हनुमान जी की आरती श्री राम स्तुति एवं विजय महामंत्र श्री राम जय राम जय जय राम का पाठ किया गया। इस मौके पर जनरल अध्यक्ष पंकज कुमार जायसवाल, प्रधान कैप्टन राजन सहाय ,उपाध्यक्ष अविनाश कुमार राजा, कोषाध्यक्ष बिट्टू कुमार, शशिकांत कुमार, पूजा प्रभारी पप्पू कुमार लाठ,मंत्री विकास काश्यकार ,चिंटू गुप्ता,हरिओम शंकर, मनीष गिरी उपस्थित थे।

संवाददाता

मेदिनीनगर। हनुमान जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर प्रांत के द्वारा दिए गए लक्ष्य के अनुसार जिला भर में लगभग 500 मंदिरों में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ और महा आरती का आयोजन किया गया। सभी 21 प्रखंडों और 250 से ज्यादा पंचायतों तथा कई गांवों में यह कार्यक्रम पूर्ण उत्साह से विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल और समान विचार धारा वाले संगठनों के द्वारा किया गया। मुख्य कार्यक्रम संध्या 07.00 बजे मेदिनीनगर मुख्य बाजार स्थित महावीर मंदिर में विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल और समान विचार धारा के संगठनों के द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ और भव्य आरती का आयोजन कर किया गया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में सनातन धर्मावलंबियों की सहभागिता रही। इसी तरह का कार्यक्रम नगर के लगभग सभी छोटे बड़े मंदिरों में किया गया। अभी तक प्राप्त सूचना के अनुसार पूरे जिला में 500 से भी ज्यादा मंदिरों में सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ और महा आरती आयोजित किया जा चुका है। अभी भी कई सुदूर वर्ती इलाके से समाचार नहीं आई है।

अभी कार्यक्रमों की संख्या और बढ़ने की पूर्ण संभावना है। मेदिनीनगर के महावीर मंदिर में संपन्न मुख्य कार्यक्रम में पूर्व महापौर मंगल सिंह, उपाध्यक्ष अजीत पाठक, जिला मंत्री दामोदर मिश्र, सह मंत्री अमित तिवारी, बजरंग दल जिला संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता, सेवा प्रमुख गोपाल तिवारी, समरसता सह प्रमुख रवि तिवारी, बलो पासना प्रमुख विकास कश्यप, प्रचार प्रसार प्रमुख सुरेश वर्मा, कोषाध्यक्ष राजीव गोयल, दिवाकर मिश्र, विशेष संपर्क प्रमुख किशोर पाण्डेय, नगर विहिप अध्यक्ष दीपक, नगर विहिप मंत्री दीपक, नगर बजरंग दल संयोजक दिलीप गिरी इत्यादि सहित सैंकड़ों कार्यकर्ताओं की सहभागिता रही।

मुहूर्त

नहीं दिख रहा है विवाह का एक भी मुहूर्त

मई और जून में नहीं होगी हिन्दू धर्म में शादी

- इससे पहले साल 2000 में बनी थी ऐसी स्थिति

संवाददाता

मेदिनीनगर। वैसे तो गर्मियों के मौसम में तीन महीने तक खूब शादियां होती हैं। लेकिन इस बार 23 साल बाद ऐसा संयोग बन रहा है कि मई और जून में एक भी शादी का मुहूर्त नहीं है। अप्रैल में भी सिर्फ कुछ ही दिन शादियां हैं। उसके बाद फिर जुलाई माह में हीं शादी की शहनाई बजेगी। क्योंकि दो महीने तक शादियों का कोई मुहूर्त ही नहीं हैं। पंडित मृत्युंजय तिवारी ने बताया है कि ऋषिकेश पंचांग के अनुसार अप्रैल माह में 26 अप्रैल तक ही शादी का मुहूर्त हैं। इसके बाद गुरु प्रधान राशि मीन में प्रवेश कर जाएंगे और सूर्य मिलन हो जाएगा। इस कारण मांगलिक कार्यों की स्थिति नहीं बन रही है। इसके चलते 26 अप्रैल से दो महीने तक शादियां नहीं हो पाएंगी। 23 साल के बाद यह पहला अवसर है कि मई और जून के महीने में एक भी शादी का मुहूर्त नहीं है। ऐसी स्थिति वर्ष 2000 में इससे पहले बनी थी। उन्होंने यह भी बताया है कि हालांकि 10 मई को अक्षय तृतीया होने के कारण इस दिन अबूझ मुहूर्त रहेगा। ऐसे में केवल 10 मई को शादी की जा सकती है। 26 अप्रैल के बाद जुलाई के महीने में शादी के सिर्फ चार मुहूर्त हैं। 9, 10, 15 तथा देवशयनी एकादशी के मौके पर 17 जुलाई को शादी का मुहूर्त है। इसके बाद चार महीने के लिए चातुर्मास शुरू हो जाएगा। हिन्दू धर्म में चातुर्मास में कोई भी मांगलिक कार्य नहीं होते हैं। हालांकि बीच में सावन, गणेश उत्सव तथा शारदीय नवरात्र में सगाई का कार्यक्रम किया जा सकता हैं। लेकिन शादी के शुभ मुहूर्त देवउठनी के बाद ही शुरू होंगे।

> **23 साल के बाद यह पहला अवसर है कि मई और जून के महीने में एक भी शादी का मुहूर्त नहीं है**

छतरपुर : दो अलग-अलग सड़क दुर्घटना में एक युवक की मौत, कई घायल

संवाददाता

छतरपुर। प्रखंड क्षेत्र के अलग अलग दो जगहों पर बुधवार को सड़क दुर्घटना घटी जिसमें एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी,वहीं दर्जनों से अधिक लोग घायल हो गए। आपको बता दे की छत्तरपुर की पहली घटना एनएच 98 के उदयगढ़ मोड़ के पास घटी, जहां तेजी से जा रही स्कोर्पियो ने टेम्पू में धक्का मार दिया। जिसमें आधे दर्जन से अधिक लोग मौके पर जख्मी हो गए।

स्थानीय लोगो के सहयोग से सभी घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल छत्तरपुर लाया गया जहां चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर उपचार के लिए एमएमसीएच मेनिदिनगर भेज दिया। दूसरी घटना छतरपुर जपला मुख्यपथ के गोपालपुर में घटी। जहां दो मोटरसाइकल का आपस मे आमने सामने से टक्कर हो गई। जिसमें एक युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि दोनो मोटरसाइकिल विपरीत दिशा से आ रहे थे।इसी बीच गोपलापुर के पास दोनों का आपस मे टक्कर हो गए।

जिसमें बाइक सवार छोटू यादव ग्राम डुमरिया का घटनास्थल पर ही मौत हो गयी। वहीं घायल व्यक्ति में धर्मेंद्र विश्वकर्मा 22 वर्ष बगैया, सुगन्धि कुमारी 13 वर्ष बगैया, अवधेश यादव 22 वर्ष कव्वल, सुनैना कुवर 60 वर्ष बगैया गम्भीर रूप से जख्मी हो गए। लोगो के द्वारा सभी घायलों को अनुमंडलीय अस्पताल छतरपुर लाया गया। जहां प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए मेदिनीनगर भेजा गया।

एक नजर

मनोज तिवारी के रोड शो के दौरान भाजपा प्रत्याशी का विरोध

अररिया। अररिया के सिकटी विधानसभा क्षेत्र के बरदाहा बाजार में भोजपुरी फिल्म के सीने स्टार मनोज तिवारी के रोड शो के दौरान भाजपा प्रत्याशी एवं निवर्तमान सांसद प्रदीप कुमार सिंह का लोगों ने विरोध किया और जमकर उनके खिलाफ नारेबाजी की। फुटानी चौक के समीप जब रोड शो के दौरान मनोज तिवारी का काफिला पहुंचा तो सड़क के किनारे नरेन्द्र मोदी जिंदाबाद,जय श्री राम के नारे के साथ प्रदीप सिंह मुदार्बाद के नारे लगाए।जिसको देखकर रोड शो कर रहे मनोज तिवारी का काफिला तेजी से निकल पड़ा,जबकि मनोज तिवारी के साथ भाजपा के प्रत्याशी प्रदीप कुमार सिंह ,सिकटी विधायक विजय कुमार मंडल और अन्य भाजपा नेता शामिल थे।ग्रामीणों का कहना था कि प्रदीप कुमार सिंह चुनाव जीतने के बाद कभी गांव की ओर नहीं आए और न किसी सुख दुख में कोई सहायता दी।बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल थे। मौके पर मौजूद गणेश कुमार ने कहा कि पिछले बार चुनाव के बाद एमपी बनने के बाद अभी तक गांव में देखने के लिए भाजपा के प्रत्याशी नहीं पहुंचे।ग्रामीणों ने भाजपा अभ्यर्थी पर इलाके के विकास और अन्य कार्यों में दोहरी नीति के तहत भाजपा प्रत्याशी पर उपेक्षा करने का आरोप लगाया। ग्रामीणों ने स्पष्ट तौर पर कहा कि देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से उन लोगों का कोई बैर नहीं है,लेकिन स्थानीय सांसद और भाजपा प्रत्याशी के उपेक्षित रवैया के कारण उसका बैर है,जिसको लेकर वेलोग विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं।

दहेज न मिलने पर विवाहिता को जलाया

फारबिसगंज/अररिया। अररिया में 1 माह पूर्व आग से झुलसी विवाहित की इलाज के दौरान पटना में मौत हो गई। तीन साल पहले ही शादी हुई थी। मृतिका रानीगंज थाना क्षेत्र के रिफ़्यूजी टोला निवासी अनिल राम की 23 वर्ष की पत्नी मनीषा देवी थी। मृतिका के मामा धर्मवीर , राजकुमार राम, मां सुमन देवी ने बताया कि मनीषा की शादी तीन साल पहले रानीगंज के रिफ़्यूजी टोला निवासी अनिल राम के साथ हिंदू रीति रिवाज से हुई थी और उन्होंने बताया कि शादी के समय क्षमता अनुसार उपहार स्वरूप बाइक और एक लाख रुपया दिया गया था । मृतिका के परिवार वाले का कहना है कि शादी के बाद से मनीषा के पति , सास और ननद दहेज को लेकर प्रताड़ित करते थे। मृतका की नानी ने बताया कि मनीषा की शादी के बाद से ही पलंग, कुर्सी, गोदरेज, वाशिंग मशीन आदि अपने पापा से मंगाने कहता था और नहीं देने पर चूल्हे में झोंककर मारने की धमकी देता था। मृतिका के मौसेरे भाई मुरारी दास ने कहा कि ससुराल वाले दहेज में पलंग-कुर्सी और अलमारी सहित अन्य सामान के लिए प्रताड़ित कर रहे थे।

स्कूल बना जानवरों का बसेरा,बाधित हो रही बच्चों की पढ़ाई

नवादा। नवादा जिले के रजौली प्रखंड के जोगियामारण पंचायत के उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय भगवानपुर में पढ़ाई-लिखाई नहीं होती। यहां जानवरों को बांधकर चारा खिलाया जाता है. बेशक इमारत स्कूल की है लेकिन अतिक्रमण कर लोगों ने उसे गाय-भैंस का तबेला बना दिया है, जिससे बच्चों की पढ़ाई-लिखाई बाधित हो रही है। ग्रामीणों ने उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि स्कूल को पशुओं का तबेला बना दिया गया है। ग्रामीणों ने विद्यालय परिसर को अतिक्रमण मुक्त करवाकर चारदीवारी निर्माण की मांग की है हालांकि इस संबध में विद्यालय के प्रधानाध्यापक ने कई बार बीईओ को आवेदन भी दिया लेकिन इस संदर्भ में बीईओ के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। स्कूल के प्रधानाध्यापक का कहना है कि स्कूल से गाय-भैंस हटवाने के लिए बीईओ को पत्र लिखा गया है लेकिन कोई सुनवाई नहीं हो रही है. गांव वालों ने बच्चों के भविष्य को देखते हुए जिला प्रशासन से मामले का जल्द निपटारा करने की मांग की है।

दोहरी नागरिकता के आरोप में एक गिरफ्तार

पूर्वी चंपारण। भारतीय आव्रजन विभाग ने रक्सौल में हरैया पुलिस के सहयोग से भारत के साथ नेपाली नागरिकता रखने वाले एक युवक को गिरफ्तार किया है,जिसके पास से भारतीय आधार कार्ड,पैन कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, इंडियन बैंक रुपये कार्ड, इंडियन पासपोर्ट का फोटोकॉपी, नेपाली पासपोर्ट का फोटोकॉपी, नेपाली नागरिकता कार्ड के फोटोकॉपी व मोबाईल बरामद किया है।दोहरी नागरिकता की पुष्टि होने के बाद उक्त युवक को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। हरैया ओपी प्रभारी अनुज कुमार सिंह ने बताया कि पकड़े गये युवक के पास से नेपाल के सलाहीं जिला के मलंगवा वार्ड नंबर 3 निवासी अब्दुल जब्बार शाह के पुत्र गुलाम गौस तथा दूसरा कागजात बिहार के सीतामढ़ी सिरौली गांव के वार्ड नंबर 8 का अवैध कागजात प्राप्त हुआ है, जिससे यह सिद्ध हो रहा है कि उसने अवैध तरीके से दोनो देश की नागरिकता को धारण किया। इस मामले में उसके विरुद्ध मामला दर्ज करने कि कारवाई की जा रही हैं।

अपनी माटी की बात सुनो, भाजपा सत्ता में नहीं आ रही है

2024 में सत्ता पर नहीं आ रही भाजपा की मोदी सरकार:ममता

संवाददाता

कोलकाता। 400 तो दूर, इस बार बीजेपी को 200 भी नहीं मिलेंगे। अभी तक बैठक में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी बोल रही थीं। बुधवार को पूर्वी बर्दवान की सभा से मुख्यमंत्री ने फिर दावा किया कि बीजेपी सत्ता में नहीं लौटेगी। वह जमीन की आवाज सुन सकता है। बुधवार को बर्दवान के आउशग्राम सभा से ममता ने कहा, ''क्या इस बार बीजेपी सत्ता में आएगी?'' पिछली बार सभी जगह सारी सीटें मिलने के बावजूद यह 303 था। वह तुम्हें अब नहीं मिलेगा । अपनी माटी की बात सुनो, भाजपा सत्ता में नहीं आ रही है। ममता ने विभिन्न संगठनों के सर्वे में भी बीजेपी की भारी जीत पर संदेह जताया। मुख्यमंत्री के स्पष्ट शब्द हैं, ''सर्वेक्षण में आप जो देख रहे हैं वह मनगढ़ंत है। फर्जी सर्वे कराने के लिए बीजेपी ने करोड़ों रुपये खर्च किये हैं। बीजेपी इस बार सत्ता में नहीं आ पाएगी। 'लेकिन ममता की इतनी प्रबल मांग किस रूप में है? तृणमूल (टीएमसी) नेत्री ने दिखाया है कि राज्य नियंत्रण में है। ममता का दावा है कि बीजेपी को उन सभी राज्यों में कम सीटें मिलेंगी जहां उसने पिछली बार लगभग 100 फीसदी सीटें जीती थीं। ममता के शब्दों में, ''अखिलेश इस बार उत्तर प्रदेश में अच्छा लड़ रहे हैं, बीजेपी को वहां पहले जितनी सीटें नहीं मिलेंगी। '' बिहार मैं आधा सीट नहीं मिलेगा। राजस्थान में पहले चरण का मतदान भी यह कह रहा है। मध्य प्रदेश में भी कांग्रेस ने अच्छा संघर्ष किया। वहां भी तुम्हें यह नहीं मिलेगा। दक्षिण भारत में बीजेपी बहुत कमजोर है। इस बार बीजेपी को देश के डेक्कन इलाके में सीटों की संख्या बढ़ने की उम्मीद है। लेकिन ममता का दावा है कि गेरुआ खेमा दक्षिण को खास लाभ नहीं दे पाएगा। इस दिन मुख्यमंत्री ने कहा, ''तमिलनाडु में गोल्ला मिलेगा। केरल में लेफ्ट-कांग्रेस को बहुमत मिलेगा। कर्नाटक, तेलंगाना में भी बीजेपी का नतीजा खराब होगा। उन्हें पिछली बार की तुलना में आधी सीटें भी नहीं मिलेंगी। '' अगर ममता की भविष्यवाणी सही हुई तो 2024 में बीजेपी वाकई दबाव में होगी। हालांकि गेरुआ शिबिर, इस बार 400 पार सपने अभी भी व्यस्त हैं।

बीपीएनएसआई और आईआईएसएससी के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर

संवाददाता

कोलकाता। भारत सरकार के इस्पात मंत्रालय के तहत बीजू पटनायक राष्ट्रीय इस्पात संस्थान और कौशल, विकास और उद्यमिता मंत्रालय के तहत भारतीय लौह और इस्पात क्षेत्र कौशल परिषद के बीच 23 अप्रैल को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। यह भर्ती, प्रशिक्षण और पदोन्नति प्रक्रिया के माध्यम से इस्पात क्षेत्र में क्षमता निर्माण में मदद करेगा। समझौता ज्ञापन पर आईआईएसएससी, कोलकाता के मुख्य कार्यकारी अधिकारी शुसीम बनर्जी और बीपीएनएसआई के निदेशक प्रीतम पुरकायस्थ ने बीजू पटनायक राष्ट्रीय इस्पात संस्थान, भुवनेश्वर में दोनों संगठनों के कर्मचारियों की उपस्थिति में हस्ताक्षर किए। भारत के दुनिया भर में एक प्रमुख सक्षमता केंद्र बनने की उम्मीद है। दोनों संस्थान IISSSC और BPNSI आने वाले दिनों में इस निर्देश के तहत काम करेंगे। कौशल विकास पहल मंत्रालय के तहत नियमों के अनुसार इस्पात क्षेत्र, लघु और मध्यम उद्यम केंद्रों में डिप्लोमा और डिग्री इंजीनियरों के कौशल को बढ़ाने में मदद करेगी। यहां यह उल्लेख किया जा सकता है कि भारत दुनिया में इस्पात उत्पादों का दूसरा सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता है। दक्षता के क्षेत्र में उभरती प्रौद्योगिकियां जैसे डीकार्बोनाइजेशन और ग्रीन स्टील का महत्व आज दुनिया में प्रचलित हैं।

हाईकोर्ट के फैसले से एक ही स्कूल में कार्यरत 36 शिक्षकों की नौकरी गयी

संवाददाता

कोलकाता। हाईकोर्ट के फैसले के बाद करीब 26 हजार शिक्षाकर्मियों की नौकरी चली गयी। राज्य के सरकारी और सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में भर्ती भ्रष्टाचार मामले में लगभग अदालत के हवाले कर दिया गया है! बताया जाता है कि इस फैसले से फरक्का प्रखंड के सात हाई स्कूलों के कुल 108 शिक्षकों की नौकरी चली गयी है। इस बीच मुर्शिदाबाद के फरक्का अर्जुनपुर हाई स्कूल की तस्वीर सामने आई है। वहां 36 शिक्षकों की एक साथ नौकरी गयी है। प्रधान शिक्ष्यक और स्कूल प्रबंधन संघों को स्वाभाविक रूप से इस बात की चिंता है कि एक साथ इतनी सारी नौकरियां जाने के बाद स्कूल कैसे चलेगा।

ऐसे में अर्जुनपुर हायर सेकेंडरी स्कूल के कार्यवाहक प्रधान शिखक मोहम्मद सोहराब अली ने कहा, ''ग्रामीण क्षेत्र। विद्यार्थियों की संख्या दस हजार से अधिक है। 36 शिक्षकों की नौकरी चली गयी। बर्खास्त शिक्षकों में 20 शिक्षक सीधे भर्ती किये गये थे। बाकी 16 म्युचुअल ट्रांसफर पर आए थे। उच्च न्यायालय के फैसले से 36 लोगों की नौकरियाँ रद्द होने के कारण शेष शिक्षकों के लिए कक्षाएँ लेना बहुत कठिन हो गया है। इसके अलावा फरक्का प्रखंड के नयनसुख उच्च माध्यमिक विद्यालय के 19 शिक्षक और एक ग्रुप सी कर्मी का नाम रद्द सूची में है। अमतला हाई स्कूल के 17 शिक्षकों और एक गैर-शिक्षण कर्मचारियों ने अपनी नौकरी खो दी है। तिलडांगा हायर सेकेंडरी स्कूल के 5 रद्दीकरण सूची में हैं। धर्मडांगा हाई स्कूल के 11 शिक्षक और निशींद्रा हाई स्कूल के 9 शिक्षक और एक गैर-शिक्षण कर्मचारी की नौकरी गयी है। न्यू फरक्का उच्च माध्यमिक विद्यालय के 11 शिक्षकों का नाम रद्द सूची में है। न्यू फरक्का हाई स्कूल के मुख्य शिक्षक मोनिरुल इस्लाम ने कहा, ''स्कूल में लगभग 4,000 विद्यार्थियों हैं। 35 शिक्षक। कोर्ट के फैसले से 11 शिक्षकों की नौकरी रद्द हो गयी है। इनमें से तीन सीधी भर्ती वाले हैं। तीन म्युचुअल ट्रांसफर पर आए।ह्व वहीं, नयनसुख उच्च माध्यमिक विद्यालय प्रबंधन संघ के अध्यक्ष सोमेन पांडे ने कहा कि नयनसुख उच्च माध्यमिक विद्यालय फरक्का प्रखंड का सबसे पुराना विद्यालय है। यहां 55 शिक्षक थे। कोर्ट के फैसले के मुताबिक 19 शिक्षक की नौकरी चली गई। इसके अलावा ग्रुप सी के एक कर्मचारी की भी नौकरी चली गई।

दूसरे चरण के मतदान के दिन मोदी फिर राज्य में आ रहे हैं

इस बार उनका फोकस दक्षिण मालदा

संवाददाता

कोलकाता। दूसरे चरण के मतदान के दिन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एक बार फिर राज्य में आ रहे हैं। रणनीतिक तौर पर वह दूसरे चरण के मतदान केंद्रों के पास बैठकें करेंगे। अगले शुक्रवार को राज्य में दूसरे चरण का मतदान दार्जिलिंग, रायगंज और बालुरघाट में होगा। उस दिन प्रधानमंत्री उत्तर और दक्षिण मालदा में सभा करेंगे।

मालदा एक संख्यालघु बहुल जिला है और बीजेपी ने 2019 में हिंदू वोटों का ध्रुवीकरण कर अच्छा प्रदर्शन किया था। उत्तर मालदा से भाजपा के खगेन मुर्मू जीते। वहीं दक्षिण मालदा में बीजेपी की श्रीरूपा मित्रा चौधरी मामूली अंतर से हार गए थे। इस बार भी प्रधानमंत्री उन्हीं उम्मीदवारों के समर्थन में सभा करेंगे। लेकिन साथ ही उनकी नजर उन सीटों पर भी रहेगी जहां शुक्रवार को लोकसभा चुनाव होने हैं। बीजेपी सूत्रों के मुताबिक, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव के प्रचार के लिए बंगाल में कुल 15 सभाएं करेंगे। उनमें से कुछ बैठकें उन्होंने की हैं। चुनाव की घोषणा के बाद उन्होंने कूचबिहार और जलपाईगुड़ी में दो बैठकें कीं। इसके बाद उन्होंने बालुरघाट केंद्र में बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष सुकांत मजूमदार के लिए भी बैठक की। उन्होंने उस दिन रायगंज में एक सभा भी की थी। चुनाव की घोषणा के बाद से प्रधानमंत्री चौथी बार राज्य में आ रहे हैं। जैसे-जैसे चुनाव की शुरूआत उत्तर बंगाल से हो रही है, वैसे-वैसे उनकी सभाएं भी उत्तर बंगाल में शुरू हो गयी हैं। गौरतलब है कि इस चरण में मोदी के दौरे के लिए दूसरे चरण के मतदान का दिन चुना गया है। बीजेपी सूत्रों का दावा है कि आने वाले दिनों में उनका दक्षिण बंगाल के बर्दवान-दुर्गापुर, आसनसोल, बीरभूम, हावड़ा, हुगली, पुरुलिया, बांकुरा, मेदिनीपुर, कांथी में सभाएं करने का कार्यक्रम है। मोदी दक्षिण 24 परगना में सभा कर सकते हैं। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दार्जिलिंग, मुर्शिदाबाद, कृष्णानगर, राणाघाट, बर्दवान पूर्व, बोलपुर, बनगांव, तमलुक, घाटल, दमदम, बशीरहाट, बारासात और कोलकाता में सार्वजनिक बैठकें करेंगे।

कांग्रेस और उसके गठबंधन की नजर अब आपकी कमाई और संपत्ति पर: रेणु देवी

एजेंसी

बेतिया। मत्स्य पालन एवं पशुपालन मंत्री रेणु देवी ने प्रेस को संबोधित करते हुए बुधवार को कहा कि 60 के दशक से कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राजनीति को चुनाव जीतने का हथियार बनाया। हम वर्षों से इसके खिलाफ लड़ रहे थे। 2014 से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने विकास का एजेंडा देश में सेट किया, जिसके बाद कांग्रेस लगातार पराजित हो रही है। अब कांग्रेस फिर से एक बार तुष्टिकरण के आधार पर आगे बढ़ना चाहती है। मत्स्य पालन एवं पशुपालन मंत्री रेणु देवी ने कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि कांग्रेस और इंडी गठबंधन की नजर अब आपकी कमाई पर है। आपकी संपत्ति पर है। आपकी संपत्ति पर कांग्रेस अपना पंजा मारना चाहती है। किसके पास कितनी प्रॉपर्टी है, किसके पास कितना धन है, किसके पास कितने मकान हैं, कांग्रेस सरकार उसकी जांच कराएगी। यह जो संपत्ति है उनको सरकार अपने कब्जे में लेकर सभी को बांट देगी। कांग्रेस यहां तक जाएगी कि आपके गांव में पैतृक घर है तो यह लोग उसे दो घर बताकर छीन लेंगे। कांग्रेस के लोग कहेंगे कि आपके पास गांव में तो एक घर पहले से ही है। इनकी यह सोच माओवादियों और कम्युनिस्टो जैसी है। कांग्रेस और इंडी गठबंधन इसे भारत में लागू करना चाहती है। प्रधानमंत्री ने सही ही कहा है कि यही कांग्रेस की नीति और उनके घोषणापत्र का हिडेन एजेंडा है। कांग्रेस का घोषणापत्र 2024 स्पष्ट है। इसमें विशेष रूप से कहा गया है कि कांग्रेस जातियों और उप-जातियों और उनकी सामाजिक-आर्थिक स्थितियों की गणना करने के लिए एक राष्ट्रव्यापी सामाजिक-आर्थिक और जाति जनगणना आयोजित करेगी। आंकड़ों के आधार पर सकारात्मक कार्रवाई के एजेंडे को मजबूत किया जाएगा। जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गाँधी की अगुवाई वाली कॉन्ग्रेस सरकारों ने लोगों की कमाई जब्त करने वाले ऐसे ही कानून 1963 और 1974 में पास किए थे। इनका नाम कम्पलसरी डिपाजिट स्कीम एक्ट था। इसके अंतर्गत सभी करदाताओ, सम्पत्ति धारकों और सरकारी कर्मचारियों को अपनी कमाई का 18% सरकार के पास जमा करना होता था। जमा की धनराशि 3-5 वर्ष तक के लिए सरकारी खजाने में रहती थी। उन्होंने कहा आज की सरकार लोगों की कमाई बढ़ा कर देश को सशक्त करना चाहती है,।

रामकृष्ण मठ और मिशन के नए अध्यक्ष स्वामी गौतमानंद महाराज

कोलकाता। स्वामी स्मरणानंद महाराज के निधन के बाद स्वामी गौतमानंद महाराज नये अध्यक्ष बने। रामकृष्ण मठ एवं मिशन को नया अध्यक्ष मिल गया। बुधवार को मठ और मिशन की ओर से इसकी आधिकारिक घोषणा की गई। इससे पहले वह मठ और मिशन के सह-प्रमुख थे। स्वामी स्मरणानंद महाराज मठ और मिशन के 16वें अध्यक्ष थे। उनके बाद स्वामी गौतमानन्द 17वें अध्यक्ष बने। स्वामी स्मरणानंद के निधन के बाद उन्होंने अंतरिम अधक्ष्य का पद संभाला। इस बार रामकृष्ण मठ और रामकृष्ण मिशन ने उन्हें स्थायी अध्यक्ष के रूप में चुना। स्वामी गौतमानंद महाराज 1951 में मिशन में शामिल हुए।

दक्षिण में 28 तक लू चलेगी! ऑरेंज चेतावनी जारी की गई

संवाददाता

कोलकाता। पश्चिम बंगाल में बुधवार से फिर लू की चेतावनी। मौसम कार्यालय ने सप्ताहांत में भीषण गर्मी पड़ने की भविष्यवाणी की है। कोलकाता समेत दक्षिण बंगाल के सभी जिलों में लू की चेतावनी जारी की गई है। बुधवार और गुरुवार को दो मेदिनीपुर, पश्चिम बर्दवान और बांकुरा जिलों के लिए अत्यधिक गर्मी की चेतावनी जारी की गई है। पश्चिमी जिलों में लू बढ़ने की आशंका है। दक्षिण 24 परगना में ऑरेंज अलर्ट जारी की गयी है। इसके अलावा लू के चलते सभी दक्षिणी जिलों में रविवार तक ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। दक्षिण के साथ-साथ कोलकाता में भी असहज स्थिति और भीषण गर्मी रहेगी। बुधवार को कोलकाता में अधिकतम तापमान 40 डिग्री के आसपास थी। वहीं न्यूनतम तापमान 29.2 डिग्री सेल्सियस है। इस बीच, उत्तरी मालदा और दो दिनाजपुर में बुधवार से रविवार तक लू चलने की चेतावनी है। गुरुवार और शुक्रवार को मालदा और दक्षिण दिनाजपुर के लिए ऑरेंज अलर्ट और उत्तरी दिनाजपुर के लिए येलो अलर्ट जारी किया गया है। साथ ही, गुरुवार और शुक्रवार को दार्जिलिंग, कलिम्पोंग और जलपाईगुड़ी जिलों के कुछ इलाकों में गरज के साथ हल्की बारिश होने की संभावना है। आईएमडी के मुताबिक बिहार, ओडिशा, झारखंड, असम, मेघालय, त्रिपुरा, गोवा समेत कई राज्यों में गर्म और असहज मौसम रहेगा।

चुनाव

जिला पुलिस के कंट्रोल रूम में भी केंद्रीय बल

दूसरे चरण में राज्य में अर्द्धसैनिक बलों की 272 कंपनियां

संवाददाता

कोलकाता। अब से मतदान के दिन जिले के पुलिस कंट्रोल रूम में सेंट्रल फोर्स के अधिकारी मौजूद रहेंगे। चुनाव आयोग का यह निर्देश जिले में कहां और किस तरह का शोर हो रहा है, इस पर नजर रखने के लिए है। उस निर्देश के आधार पर केंद्रीय बल के अधिकारी पुलिस नियंत्रण कक्ष में रह रहे हैं। इस बीच, दूसरे दौर के चुनाव में कुल 6 जिलों और पुलिस कमिश्नरेट में केंद्रीय बल की 272 कंपनियां हैं।

पहले चरण में केंद्रीय बलों को उत्तर बंगाल के जिलों के पुलिस नियंत्रण कक्ष में घुसने का मौका नहीं मिला

पुलिस सूत्रों ने बताया कि पहले चरण में केंद्रीय बलों को उत्तर बंगाल के जिलों के पुलिस नियंत्रण कक्ष में घुसने का मौका नहीं मिला। लेकिन केंद्रीय बलों के अधिकारियों की शिकायत है कि उन्हें केंद्रीय स्तर पर विशेष जानकारी नहीं मिल पाती है। पुलिस द्वारा दी गई जानकारी के आधार पर उन्हें उस मतदान केंद्र या बूथ पर जाना होगा। कई बार पुलिस के साथ केंद्रीय बलों को भी जाना पड़ता है। उस स्थिति में, केंद्रीय बल मतदान के दिन स्वतंत्र रूप से मतदान केंद्रों या बूथों तक पहुंचने में सक्षम नहीं होते हैं। यहां बड़ी बाधा डेटा है। इसलिए मतदान के दिन सुबह से ही केंद्रीय बलों के एक या एक से अधिक अधिकारी पुलिस नियंत्रण कक्ष में मौजूद रहेंगे, ताकि केंद्रीय बलों के अधिकारियों को शोर की सीधी जानकारी मिल सके। केंद्रीय बलों के अधिकारी पुलिस के पास आने वाली खबरों की जानकारी सीधे अपने कमांडरों या अधीनस्थ अधिकारियों को दे सकेंगे। केंद्रीय बल के रूप में कहीं सीआरपीएफ है तो कहीं बीएसएफ या आईटीबीपी या एसएसबी। उस स्थिति में, कमांडर तय करेंगे कि पुलिस नियंत्रण कक्ष में कौन सा बल अधिकारी होगा। इस बीच, 26 अप्रैल को दूसरे चरण के मतदान के लिए दार्जिलिंग, बालुरघाट और रायगंज केंद्रों पर केंद्रीय बलों की 272 कंपनियां मौजूद हैं। पुलिस ने बताया कि इनमें दक्षिण दिनाजपुर जिले में 73 कंपनियां, दार्जिलिंग में 51 कंपनियां, कलिम्पोंग में 16 कंपनियां, इस्लामपुर पुलिस जिले में 51 कंपनियां, रायगंज में 60 कंपनियां और सिलीगुड़ी कमिश्नरेट में 21 कंपनियां तैनात रहेंगे ।

विधायक कार्यकर्ताओं के साथ घर घर जाकर दे रहे हैं पीएम सभा का निमंत्रण

एजेंसी

अररिया। फारबिसगंज हवाई अड्डा के मैदान में आगामी 26 अप्रैल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का फारबिसगंज आगमन पांचवी बार हो रहा है।इसको लेकर कार्यकताओं में उत्साह चरम पर है। पीएम की चुनावी जनसभा में भीड़ को लेकर फारबिसगंज भाजपा विधायक विद्यासागर केशरी सहित भाजपा के कार्यकर्ता और नेता कमर कस चुके हैं,जिसके तहत पीएम की सभा में आने के लिए विधायक अपने समर्थकों के साथ घर घर जाकर लोगों को निमंत्रण दे रहे हैं।इसके अलावा भाजपा अति पिछड़ा प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष दिलीप पटेल और भाजपा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष चांदनी सिंह की अगुवाई में भी भाजपा कार्यकर्ता डोर टू डोर कैंपेन कर सभी को आमंत्रण पत्र दे रहे हैं। फारबिसगंज विधायक विद्यासागर केशरी शहरी क्षेत्र सहित क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में घर-घर जाकर लोगों में आने का निमंत्रण देने का कार्य कर रहे हैं। विधायक विद्यासागर केसरी के साथ बीजेपी पूर्व जिला उपाध्यक्ष मनोज झा,नगर अध्यक्ष रजत सिंह, प्रसेनजीत चौधरी, प्रदीप कनौजिया, शिवराम शर्मा, अरुण निराला, अमल ओझा, किशन शर्मा, संजय डाबरी वाला, आयुष कुमार, प्रेम केसरी, राजेश साह आदि को घूम घूमकर आमंत्रण पत्र वितरित करते देखा जा रहा है।

एक नजर

एसपी ग्रामीण ने वॉकथॉन कर लोगों से की मतदान की अपील

जमशेदपुर । एसपी ग्रामीण ऋषभ गर्ग द्वारा बुधवार घाटशिला थाना अंतर्गत मतदाताओं में जागरूकता फैलाने के लिए थाने में पदस्थापित जवानों एवं अधिकारियों के साथ वॉकथॉन का आयोजन किया गया। इस दौरान एसपी ने लोगों से अपील भी की है कि वे आगामी 25 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के मतदान में बढ़चढ़ कर हिस्सेदारी करें। साथ ही स्वतंत्र एवं निष्पक्ष चुनाव में अपनी सहभागिता भी सुनिश्चित करें।

मानगो पुलिस ने चोरी के मामले में दो को भेजा जेल

जमशेदपुर । बीते सोमवार मानगो थाना क्षेत्र में हुई चोरी के मामले में पुलिस ने मामला दर्ज कर अनुसंधान के क्रम में आरोपी आजाद नगर ओल्ड पुरुलिया रोड दीपा साई हरिजन बस्ती निवासी मनसा लोहार उर्फ सुमित को गिरफ्तार किया है। साथ ही उसके पास से गोदाम से चोरी किया गया मोबाइल भी बरामद किया है। इस दौरान उसकी निशानदेही पर गोदाम से चोरी किया गया लोहा का नट बोल्ट एवं कुछ पाट्र्स को बेचे गए टाल से बरामद किया गया है। वहीं चोरी का माल खरीदने वाले मानगो जवाहर नगर तैयब मस्जिद के पास रहने वाले अब्दुल रऊफ को भी गिरफ्तार किया गया है। जिसके बाद बुधवार दोनों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

सीतारामडेरा चाकूबाजी में दो गिरफ्तार

जमशेदपुर । बीते 19 अप्रैल को सीतारामडेरा थाना अंतर्गत बस स्टैंड स्वर्णरिखा नदी जाने वाले रास्ते के पास छायानगर होम पाइप निवासी करण भुइंया को चाकू मारकर घायल कर दिया गया था। जिसके बाद पुलिस ने घायल के बयान पर थाने में मामला भी दर्ज किया था। वहीं अनुसंधान के क्रम में पुलिस ने घटना को अंजाम देने वाले दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। जिसमें सीतारामडेरा होम पाइप भुइंयाडीह बर्निंग घाट साहिल भुइंया उर्फ संदीप भुइंया और होम पाइप छायानगर का रहने वाला सुखराम मुंडा उर्फ छोटा मुंडा शामिल हैं। मामले में पुलिस ने बताया कि पैसे को लेकर आरोपियों और घायल के बीच विवाद हो गया था। इस दौरान साहिल भुइंया ने करण पर चाकू से हमला किया था। साथ ही पुलिस ने बताया कि सीतारामडेरा थाने में साहिल भुइंया पर पूर्व में दो मामले दर्ज हैं। जबकि सुखराम मुंडा पर एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज है। फिलहाल दोनों आरोपी को बुधवार न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

आंगनबाड़ी केंद्र में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

कोडरमा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कोडरमा के दिशानिर्देश के अनुसार स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। जिले के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्र में मतदाता जागरूकता के निमित्त कई कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। बच्चों के द्वारा रंगोली बनाकर अपनी अभिभावकों को 20 मई को वोट देने के लिए चलने को कहा। गैस एजेंसी द्वारा मतदाता जागरूकता के निमित्त गैस सिलिंडर पर स्टीकर लगाकर 20 मई 2024 के दिन आमजनों को मतदान करने का संदेश दिया जा रहा है, ताकि कोडरमावासी 20 मई को ध्यान में रख कर नैतिक मतदान करें। इसके अतिरिक्त बीएलओ द्वारा घर घर जाकर मतदाता मार्गदर्शिका बुकलेट का वितरण कर मतदाता को निर्भीक होकर मतदान करने की अपील किया गया।

सत्ता तक पहुंचने की बेचैनी में कांग्रेस अल्पसंख्यक तुष्टिकरण की पराकाष्ठा पर पहुंच गई

कांग्रेस गठबंधन की नजर आपकी कमाई पर: अन्नपूर्णा

- अल्पसंख्यक तुष्टिकरण के लिए बहुसंख्यकों की कमाई और संपत्ति हड़पना चाहती है कांग्रेस : अन्नपूर्णा देवी
- कांग्रेस के मंसूबे पूरे हुए तो उद्यमी कमाने से डरेगा,देश की उत्पादकता जायेगी गर्त में : अन्नपूर्णा

संवाददाता

कोडरमा । सत्ता तक पहुंचने की बेचैनी में कांग्रेस अल्पसंख्यक तुष्टिकरण की पराकाष्ठा पर पहुंच गई है। अपनी पुरानी लीक पर चलते हुए कांग्रेस ने सत्ता में आने पर संपत्ति पुनर्वितरण की बात कही है जो कि देश के लिए घातक है। कांग्रेस का कहना है कि वो लगाएगी, माता-पिता से मिलने वाली विरासत पर भी टैक्स लगाएगी। आप जो अपनी मेहनत से संपत्ति जुटाते हैं, वो आपके बच्चों को नहीं मिलेगी। कांग्रेस का पंजा वो भी आपसे लूट लेगा। जैसा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि कांग्रेस का मंत्र है- कांग्रेस की लूट... जिंदगी के साथ भी, जिंदगी के बाद भी। चिंताजनक यह है कि ऐसे दौर में जब देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी देश के उद्यमियों को ज्यादा से ज्यादा कमाकर राष्ट्रीय उत्पादकता और राष्ट्रीय आय बढ़ाने के लिए प्रेरित कर रहे हैं, कांग्रेस कमानेवालों को तकलीफ और मुफ्तखोरों को इनाम देना चाहती है।आपत्तिजनक यह भी है कि कांग्रेस का इरादा आम आदमी की पुश्तैनी आय और संपत्ति पर भी भारी करारोपण का है। 60 के दशक से कांग्रेस ने तुष्टिकरण की राजनीति को चुनाव जीतने का हथियार बनाया। अब कांग्रेस फिर से एक बार तुष्टिकरण के आधार पर आगे बढ़ना चाहती है। कांग्रेस का ये एजेंडा भले ही 05 अप्रैल को सामने आया लेकिन इससे पहले ही कांग्रेस इसकी पटकथा लिख चुकी थी। राहुल गांधी ने भी महाराष्ट्र में हाल ही में एक सार्वजनिक कार्यक्रम (16 मार्च 2024) में कहा कि किसके पास कितनी संपत्ति है, इसके लिए एक व्यापक आर्थिक, वित्तीय और संस्थागत सर्वेक्षण किया जाएगा।इसके बाद फिर राहुल गांधी ने (6 अप्रैल 2014) तेलंगाना में एक चुनावी रैली को संबोधित करते हुए पार्टी के 'जितनी आबादी उतना हक' नारे का जिक्र करते हुए कहा कि अगर कांग्रेस सत्ता में आई तो यह पता लगाने के लिए एक वित्तीय और संस्थागत सर्वेक्षण कराएगी कि देश की अधिकतर संपत्ति पर किसका नियंत्रण है। स्पष्ट है कि कांग्रेस हमारी संपत्ति, गरीबों और हाशिये पर पड़े लोगों, एससी, एसटी की संपत्ति, महिलाओं की बचत को छीनना चाहती है और इसे विशेष रूप से अल्पसंख्यकों के बीच पुनर्वितरित करना चाहती है । यानि अगर कांग्रेस को मौका मिल गया तो हमारी माताओं बहनों के गहने, हमारी आपकी बचत, खून पसीने की कमाई से अर्जित जमीन मकान, व्यापार कारोबार से अर्जित की गयी संपत्ति आदि सर्वे के बाद औसत से अधिक पाये जाने पर छीन ली जायेगी और उसे पुनर्वितरित कर दिया जायेगो जवाहर लाल नेहरू और इंदिरा गाँधी की अगुवाई वाली कॉन्ग्रेस सरकारों ने लोगों की कमाई जब्त करने वाले ऐसे ही कानून 1963 और 1974 में पास किए थे। इनका नाम कम्पलसरी डिपाजिट स्कीम एक्ट था। इसके अंतर्गत सभी करदाताओ, सम्पत्ति धारकों और सरकारी कर्मचारियों को अपनी कमाई का 18% सरकार के पास जमा करना होता था। एक तरफ जहां मोदी सरकार लोगों की कमाई बढ़ा कर देश को सशक्त करना चाहती है, कांग्रेस का इरादा लोगों की कमाने की आदत को हतोत्साहित करना है।

नगर परिषद की लापरवाही के कारण लोगों को नहीं मिल रहा पीने का पानी

संवाददाता

झुमरीतिलैया। निवर्तमान पार्षद पिंकी जैन ने कहा कि शहर में पीएचडी विभाग एवं नगर परिषद की लापरवाही के कारण लोगों को पीने का पानी नहीं मिल रहा है. पानी टंकी रोड के सप्लाई पानी टंकी से हमेशा हजारों लीटर पानी की बबार्दी होती है . पीने का पानी रोड पर बहता है। वहां पर रहने वाले लोगों के द्वारा शिकायत की जाती है परंतु पिएचडी के द्वारा ध्यान नहीं दिया जाता है. पिएचडी नगर परिषद के द्वारा शहर में लोगों को पानी की आपूर्ति सप्ताह में एक-दो दिन की जा रही है वह भी 5 मिनट के लिए परंतु पैसा प्रति महीना 30 दिन का लिया जा रहा है. इस भीषण गर्मी में शहर की हजारों आम जनता बहुत कठिनाई में है और खरीद कर पानी पी रही है. अधिकांश लोगों के घर का बोरिंग फेल हो चुका है. कुआं सूख गया है. सप्लाई पानी आपूर्ति ही आम जनों का सहारा है परंतु सप्लाई पानी की आपूर्ति नियमित नहीं होने से लोगों में भारी आक्रोश है . सप्लाई पानी आपूर्ति से जुड़े पदाधिकारी जनहित में इस गंभीर समस्या का त्वरित समाधान करें. पिंकी जैन ने कहा कि इसके पूर्व भी कई बार शहर मे नियमित सप्लाई पानी आपूर्ति के लिए पदाधिकारीयो से बात की जाती है तो सिर्फ आश्वासन मिलता है जनता को पानी नहीं मिलता है।

उपायुक्त कोडरमा के निर्देशानुसार मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू

उप विकास आयुक्त व अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में मतदान कर्मियों को दिया गया प्रशिक्षण

संवाददाता

कोडरमा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त मेघा भारद्वाज के निदेर्शानुसार मतदान प्रक्रिया के सफल संचालन के लिए मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम अभियंत्रण महाविद्यालय, बागीटांड़, कोडरमा भवन में शुभारंभ हुआ । प्रशिक्षण कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त ऋतुराज और अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह के नेतृत्व में संपन्न हुआ । पोलिंग पदाधिकारी -03 और सेक्टर पदाधिकारी व सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम दो पालियों में आयोजित किया गया। प्रथम पाली में 200 पोलिंग पार्टी 03 और द्वितीय पाली में 215 पोलिंग पदाधिकारी 03 को प्रशिक्षण दिया गया। मतदान कर्मियों को चुनाव के दौरान मतदान प्रक्रिया को संपन्न कराने को लेकर उनके दायित्वों और कर्तव्यों की जानकारी दिया गया। ईवीएम वीवीपैट की प्रक्रिया का प्रशिक्षण दिया गया। पोलिंग पार्टी को कंट्रोल यूनिट के संचालन के संबंध में जानकारी दिया गया। पोलिंग पार्टी को मतदान के एक दिन पूर्व, मतदान के दिन का कार्य, वास्तविक मतदान के पूर्व का कार्य, वास्तविक मतदान की प्रक्रिया, सीलिंग का प्रक्रिया, पोस्टल बैलेट की जानकारी समेत अन्य बिंदुओं पर पूरी तरह से प्रशिक्षण दिया गया। ऋतुराज ने सभी कर्मियों को बेहतर तरीके से प्रशिक्षण प्राप्त करने को कहा ताकि मतदान की प्रक्रिया को सुगम बनाया जा सके। अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह ने सभी सेक्टर पदाधिकारी और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को सभी मतदान केन्द्रों का मैपिंग करने को कहीं । पोलिंग पार्टी (मतदान पदाधिकारी 01, मतदान पदाधिकारी 02, मतदान पदाधिकारी 01, पीठासीन पदाधिकारी व सभी महिला मतदान पदाधिकारी) का प्रशिक्षण की समय-सारणी निर्धारित की गई है ताकि मतदान कर्मियों का प्रशिक्षण सुनिश्चित की जा सके।

प्रशिक्षण कार्यक्रम इस प्रकार हैः-
मतदान कर्मी प्रशिक्षण तिथि
प्रथम पाली (50%) द्वितीय पाली (50%) मतदान पदा0-02 25.04.2024 प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक, दोपहर 2:00 बजे से शाम 4:30 बजे तक मतदान पदा०-01 26.04.2024 प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक, दोपहर 2:00 बजे से शाम 4:30 बजे तक पीठासीन पदा० 27.04.2024 प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक, दोपहर 2:00 बजे से शाम 4:30 बजे तक सभी महिला मतदान पदा० 29.04.2024 प्रातः 10:30 बजे से दोपहर 01:00 बजे तक लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित सभी मतदान कर्मियों को स्थानीय अभियंत्रण महाविद्यालय, बागीटांड़, कोडरमा भवन में प्रशिक्षण दिया जा रहा है। मास्टर ट्रेनर सुदीप सहाय, अश्विनी कुमार तिवारी, उमेश कुमार सिन्हा, सत्यजीत के द्वारा मतदान कर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया।

मतदाता जागरूकता अभियान में नगर स्तरीय संघ के 100 प्रतिभागियों की हुई बैठक

संवाददाता

कोडरमा। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता जागरूकता अभियान के तहत नगर पंचायत कोडरमा क्षेत्र अंतर्गत गठित स्वयं सहायता समूह के सदस्यों, क्षेत्र स्तरीय संघो, नगर स्तरीय संघ के 100 प्रतिभागियों की बैठक नगर पंचायत कोडरमा एवं जिला प्रशासन कोडरमा के तत्वाधान में बिरसा संस्कृति भवन कोडरमा में आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रशासक नगर पंचायत कोडरमा शशि शेखर सुमन के द्वारा की गई । बैठक में उन्होंने बताया कि मतदान की तिथि 20 मई 2024 दिन सोमवार को सभी लोग अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। अपने घर के सभी सदस्य जो 18 वर्ष से अधिक उम्र के हैं अपना मतदान जरूर करें, एवं अपने आस पास के लोगों को भी जागरूक करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को वोटर हेल्पलाइन एप्प से संबंधित जानकारी दी गई एवं एप्प डाउनलोड कराया गया, वोटर हेल्पलाइन एप्प से अपने मतदान केंद्र का पता लगाया जा सकता है' किसी भी निर्वाचन संबंधी जानकारी के लिए 1950 हेल्पलाइन पर कॉल करें । मतदान केंद्र पर कोई एक स्वीकृत पहचान दस्तावेज एवं मतदाता पर्ची अपने साथ रखें, किसी भी अवैध गतिविधि की सूचना एप्प के माध्यम से दे' मतदान की प्रक्रिया से संबंधित जानकारी दी गई' पी डब्लू डी एवं वरिष्ठ नागरिकों हेतु रैंप, व्हीलचेयर एवं वहान की सुविधा की जानकारी दी गई' अंत में सभी को मतदाता प्रतिज्ञा कराया गया एवं हस्ताक्षर अभियान चलाया गया' मौके पर नगर मिशन प्रबंधक संजीत कुमार साहु, सामुदायिक संगठनकर्ता एवं सुपरवाइजर रश्मि कुमारी सिन्हा, नगर पंचायत कोडरमा के सीआरपी रेणु देवी, नीलम देवी एवं प्रीति देवी तथा सभी स्वयं सहायता समूह की महिलाएं आदि उपस्थित थी।

सहायक निर्वाची पदाधिकारी ने सेक्टर पदाधिकारी व सेक्टर पुलिस के संग की बैठक

20 मई को अवश्य करें मतदानः सहायक निर्वाची पदाधिकारी

संवाददाता

कोडरमा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त कोडरमा के निदेर्शानुसार लोकसभा आम चुनाव 2024 के निमित निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह की अध्यक्षता में प्रखंड सभागार डोमचांच में निर्वाचन कार्य से संबंधित बैठक संपन्न हुआ। बैठक में डोमचांच प्रखंड हेतु प्रतिनियुक्त सेक्टर पदाधिकारी और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को मतदान प्रक्रिया को सुगम बनाने को लेकर उचित दिशानिर्देश दिये। अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी सेक्टर पदाधिकारी और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी को अपने अपने मतदान केंद्रों का नियमित रूप से भ्रमण करेंगे और सभी मतदान केन्द्रों पर मूलभूत सुविधाएं यथा पानी, बिजली, शौचालय, रैंप इत्यादि की संपूर्ण व्यवस्था करना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने सेक्टर अंतर्गत मतदान केंद्रों के रूट चार्ट की जानकारी ली। क्लस्टर प्वाइंट और इंटरमीडिएट स्ट्रांग रूम के बारे में जानकारी लेते हुए उक्त स्थल पर सारी मूलभूत सुविधाओं को सुनिश्चित करने को कहा। सभी बीएलओ को मतदान केंद्रों के लिए वॉलिंटियर की प्रतिनियुक्ति करने को कहा। दिव्यांग मतदाताओं के लिए व्हील चेयर और ट्राई साइकिल का आकलन करने की जानकारी ली। प्रखंड स्तर पर क्लस्टर प्वाइंट और इंटरमीडिएट स्ट्रांग के लिए प्रभारी की प्रतिनियुक्ति करने को कहा गया। मतदान दिवस के दिन मतदान केंद्रों पर की जाने वाली व्यवस्था के बारे में बीएलओ को जानकारी दिया गया। अनुमंडल पदाधिकारी ने सभी बीएलओ को निर्देश देते हुए कहा कि बूथ अवेयरनेस ग्रुप के माध्यम से कम मतदान वाले क्षेत्रों में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम चलायें और मतदाताओं को नैतिक मतदान करने के लिए प्रेरित करें। 20 मई 2024 मतदान दिवस के दिन नैतिक मतदान करने की अपील की। सेक्टर पदाधिकारी और सेक्टर पुलिस पदाधिकारी आपस में समन्वय स्थापित करते हुए अपने दायित्वों और कर्तव्यों का निर्वाहन करेंगे।

उपस्थितिः मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी विजय कुमार सोनी, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रिंस कुजुर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रवि कुमार, प्रखंड विकास पदाधिकारी/अंचल अधिकारी डोमचांच, सहायक जनसंपर्क पदाधिकारी अविनाश कुमार समेत सेक्टर पदाधिकारी, सेक्टर पुलिस पदाधिकारी, बीएलओ व सुपरवाइजर समेत अन्य मौजूद रहे।

नारायणा हॉस्पिटल में सीआरटी-डी इम्प्लांटेशन प्रक्रिया रहा सफल

हृदय पंपिंग में कमी के कारण मरीज को सांस लेने में हो रही थी कठिनाई

संवाददाता

जमशेदपुर । तामोलिया स्थित ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल के एक असाधारण चिकित्सा मामले में इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ अखलाक अहमद ने 44 वर्षीय विनोद कुमार शर्मा (बदला हुआ नाम) का सफल ऑपरेशन किया। बताया जा रहा है कि मरीज को सांस लेने में तकलीफ की शिकायत के बाद हॉस्पिटल भर्ती कराया गया। इस दौरान कंसल्टेंट-इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ अखलाक अहमद ने उसकी देखभाल कर हृदय की समस्याओं के आकलन के लिए एंजियोग्राफी का सुझाव दिया। सांस लेने में तकलीफ के अलावा मरीज पूरी तरह से स्वस्थ थे। वहीं रोगी का मूल्यांकन कर पाया गया कि हृदय की पंपिंग क्रिया कम थी। जिसको देखते हुए मरीज को बेहतर परिणाम के लिए सीआरटी-डी प्रत्यारोपण की सलाह दी गई। साथ ही प्रक्रिया सफलतापूर्वक की गई। जिससे मरीज को उसकी शिकायत से राहत मिल गई और 1 दिन के बाद हॉस्पिटल से छुट्टी भी दे दी गई। वहीं डॉ अहमद के अनुसार सीआरटी-डी इम्प्लांटेशन के सामान्य लक्षण जैसे ऊंचाई तक चलने में असमर्थता, थकान, पसीना और सांस फूलना हैं। उन्होंने बताया कि सीआरटी-डी इम्प्लांट लोकल एनेस्थीसिया में की जाने वाली एक डे केयर प्रक्रिया है और जिसके लिए अच्छी तरह से प्रशिक्षित नर्सिंग स्टाफ और पैरामेडिक्स टीम के साथ विशेषज्ञता और अनुभव की आवश्यकता होती है। सीआरटी-डी इम्प्लांटेशन का सबसे आम कारण कंजेस्टिव हृदय विफलता है और जो विस्तारित कार्डियोमायोपैथी के कारण बहुत कम पंपिंग फंक्शन के साथ होता है। इस समस्या में अंतिम उपचार हृदय प्रत्यारोपण है। लेकिन सीआरटी-डी प्रत्यारोपण ने हृदय के पंपिंग कार्य को बढ़ाने के साथ साथ जीवन की गुणवत्ता में सुधार कर कई लोगों की जान बचाई है। इस संबंध में फेसिलिटी डायरेक्टर विनीत राज ने कहा कि ब्रह्मानंद नारायणा हॉस्पिटल सभी हृदय संबंधी हस्तक्षेपों को संचालित करने के लिए नवीनतम और आधुनिक बुनियादी ढांचे से सुसज्जित है। यह उपलब्धि कार्डियोलॉजी के क्षेत्र में उच्चतम गुणवत्ता वाली हृदय देखभाल और जटिल प्रक्रियाएं प्रदान करने की हमारी प्रतिबद्धता को रेखांकित करती है। हम सीमाओं को आगे बढ़ाने और अपने मरीजों को असाधारण देखभाल प्रदान करने के लिए तत्पर हैं।

उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में सोशल मीडिया इंफ्लून्सेर/ यूटूबर्स की बैठक सम्पन्न

संवाददाता

कोडरमा। वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग सह उप विकास आयुक्त ऋतुराज की अध्यक्षता में सोशल मीडिया इंफ्लून्सेर/ यूटूबर्स के साथ बैठक सम्पन्न हुई। इस दौरान लोकसभा चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान चलाए जाने पर एवं मतदाताओं को जागरूक करने के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई। वरीय पदाधिकारी स्वीप कोषांग ने कहा कि आप सभी जिले के चर्चित चेहरे हैं। इसके अतिरिक्त फर्स्ट टाइम वोटर्स भी है, तो अपने जैसे अन्य मतदाताओं एवं फर्स्ट टाइम वोटर्स को वोट देने के लिए जागरूक करें एवं अपने यूट्यूब चैनल और इंस्टाग्राम पेज पर मतदाता जागरूकता से संबंधित वीडियो अथवा पोस्ट शेयर करें। मौके पर सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर सूरज कुमार, रोशन कुमार, टुनटुन कुमार एवं अजय भुइयां को जिले का सोशल मीडिया आईकॉन बनाया गया। साथ ही जागरूकता अभियान में सबों की सहभागिता की अपील की गई। विदित हो इन सभी सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर के यूट्यूब पेज, इंस्टाग्राम और फेसबुक पर लाखों की संख्या में फॉलोअर्स है। बैठक में मुख्य रूप से नोडल पदाधिकारी स्वीप कोषांग शिप्रा सिन्हा उपस्थित रही।

भारतीय क्रिकेट बिरादरी ने सचिन को उनके 51वें जन्मदिन की दी बधाई

नई दिल्ली। एजेंसी

भारतीय क्रिकेट बिरादरी ने बुधवार को सोशल मीडिया पर महान भारतीय क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर को उनके 51वें जन्मदिन की शुभकामनाएं दी हैं। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) के सचिव जय शाह ने सचिन को शुभकामनाएं देते हुए ट्वीट किया, क्रिकेट के महान खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर को जन्मदिन की शुभकामनाएं, वह आज 51 साल के हो गए हैं। उन्होंने बल्ले से अपनी श्रेष्ठता और मैदान के अंदर और बाहर चरित्र के बेदाग प्रदर्शन से दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रेरित किया है। मास्टर ब्लास्टर को हार्दिक शुभकामनाएं। पांच बार की इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) चैंपियन फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस (एमआई), जिसके साथ सचिन एक खिलाड़ी और एक आइकन दोनों के रूप में जुड़े रहे हैं, ने भी महान क्रिकेटर को उनके जन्मदिन पर शुभकामनाएं दीं। एमआई ने ट्वीट किया, उस व्यक्ति को जिसने बल्लेबाजी को शानदार और जादुई बना दिया, जन्मदिन की शुभकामनाएं, जन्मदिन मुबारक हो, सचिन तेंदुलकर। भारत के विश्व कप विजेता टीम के सदस्य हरफनमौला खिलाड़ी युवराज सिंह ने भी सचिन को जन्मदिन की शुभकामनाएं दीं और उन्हें उन कारणों में से एक बताया जिनकी वजह से उन्होंने जीवन में ऊंचे लक्ष्य रखना सीखा। उन्होंने एक वीडियो भी साझा किया, जिसमें उन्होंने सचिन की प्रशंसा की और किसी ऐसे व्यक्ति से जुड़ने और दोस्ती करने पर खुद को सौभाग्यशाली महसूस करते हैं जो क्रिकेट का भगवान है।

युवराज ने कहा सचिन अपने और खेल के प्रति बहुत विनम्र हैं। हमेशा युवाओं के मदद के लिए मौजूद रहते हैं। चीजें मेरे लिए अच्छी नहीं चल रही थीं। मैं हमेशा उनकी ओर देखता था और उन्होंने हमेशा मेरा समर्थन किया और मेरे लिए मौजूद थे। कोई है जो उस स्तर के 100 शतक बनाए हैं, आपके लिए उनसे जुड़ना बहुत कठिन है, क्योंकि वह आपके लिए भगवान की तरह हैं, उस व्यक्ति से जुड़ना और उनसे दोस्ती करना मेरे लिए एक सपने के सच होने जैसा था।

पूर्व भारतीय बाएं हाथ के बल्लेबाज सुरेश रैना ने भी सचिन को जन्मदिन की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मैदान के अंदर और बाहर उनकी कृपा खिलाड़ियों के लिए मानक तय करती रहती है।

एक नजर

प्रत्युश की बल्लेबाजी के साथ ही गेंदबाजी भी चमकी, द क्रिएटर्स ने जीता मैच

लखनऊ। एसएमआर क्रिकेट कप अंडर-16 टूर्नामेंट में द क्रिएटर्स क्रिकेट क्लब ने सेंट्रल क्रिकेट क्लब को 148 रन से हरा दिया। इस मैच में प्रत्युश सोमवंशी ने शानदार गेंदबाजी के साथ ही धुआंधार बल्लेबाजी भी की। इस मैच में द क्रिएटर्स क्रिकेट क्लब ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 40 ओवर में 330 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज सुंदर दुबे ने 47 रन का योगदान दिया। प्रत्युश सोमवंशी ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए आठ चौका और तीन छक्का की मदद से 54 बाल पर 82 रन बनाये। इसके साथ ही सोमवंशी ने मात्र 13 रन देकर दो विकेट भी झटके। मो. कैफ अंसारी ने 60 रन का योगदान दिया, जबकि कप्तान शिवांश त्रिपाठी ने 31 रन बनाये। वहीं सेंट्रल क्रिकेट क्लब की टीम 182 रन ही बना पायी और द क्रिएटर्स क्रिकेट क्लब ने मैच को 148 रन से जीत लिया। सलामी बल्लेबाज शौर्य सिंह ने 35 रन बनाये।

कर्ण सिंह ने की धुआंधार बल्लेबाजी, यूपी टिम्बर ने द्रोणा को हराया

लखनऊ। फ्लैक्स कप के लीग मैच में यूपी टिम्बर क्रिकेट क्लब ने द्रोणा क्रिकेट एकेडमी को 84 रन से हरा दिया। इस मैच में यूपी टिम्बर के बल्लेबाज कर्ण सिंह ने धुआंधार बल्लेबाजी करते हुए 51 बाल पर 100 रन बनाये। यूपी टिम्बर ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में चार विकेट गवांकर 225 रन बनाये। सलामी बल्लेबाज कर्ण सिंह ने 15 चौका और चार छक्का की मदद से 51 बालपर अपनी टीम में सर्वाधिक 100 रन बनाये। वहीं रोहन जैन ने 34 बाल पर 60 रन का योगदान दिया। आयुष ने 20 रन बनाये, जबकि संकेत ने 18 रन का योगदान दिया। द्रोणा की टीम निर्धारित ओवर में सात विकेट गंवाकर 141 रन ही बना सकी और यूपी टिम्बर ने 84 रन से मैच को जीत लिया।

आरसीबी को बड़े अंतर से हराने उतरेगी सनराइजर्स

- सनराइजर्स ने सबसे बड़ा स्कोर बनाने के साथ ही तीन बार 250 रनों से अधिक बनाये

हैदराबाद। एजेंसी

इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में गुरुवार को सनराइजर्स हैदराबाद टीम अपने घरेलू मैदान पर रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) को बड़े अंतर से हराने के इरादे से उतरेगी। सनराइजर्स जहां इस सत्र में पांच मैच जीतकर 10 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। वहीं आरसीबी की टीम केवल एक जीत के साथ 2 अंक लेकर दसवें नंबर पर है। ऐसे में इस मैच में उतरते समय भी सनराइजर्स का मनोबल बढ़ा हुआ रहेगा जबकि आरसीबी दबाव में रहेगी। इस सत्र में अब तक के प्रदर्शन को देखते हुए सनराइजर्स की टीम आरसीबी से कहीं आगे है। सनराइजर्स ने इस सत्र में शुरूआत से ही आक्रामक रणनीत अपनायी है जिसका उसे लाभ भी हुआ है। अब इस मैच में भी वह तूफानी अंदाज में बल्लेबाजी करते हुए बड़ा स्कोर बनाना चाहेगी क्योंकि उसे मालूम है कि आरसीबी का गेंदबाजी आक्रमण कमजोर है। सनराइजर्स ने इस सत्र में आईपीएल इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर बनाने के साथ ही तीन बार तीन बार 250 रनों से अधिक बनाये हैं। उससे इससे पहले हुए मुकाबले में आरसीबी के खिलाफ तीन विकेट पर 287 रन बनाकर सबसे बड़े स्कोर का रिकार्ड बनाया था।

टीम का लक्ष्य पावरप्ले में तेजी से बल्लेबाजी कर विरोधी गेंदबाजों पर दबाव बनाना रहा है। ऐसे में अब उसे रोकना आरसीबी के गेंदबाजों के लिए आसान नहीं रहेगा। ट्रेविस हेड और अभिषेक शर्मा की जोड़ी इस मैच में भी नये रिकार्ड कायम करना चाहेगी। इसके अलावा हेनरिच क्लासेन और ऐडन मार्कराम जैसे बल्लेबाजी भी उसके पास हैं। वहीं गेंदबाजी की कमान कप्तान पैट कमिंस और भुवनेश्वर कुमार संभालेंगे।

वहीं दूसरी ओर आरसीबी को गेंदबाजी आक्रमण को बेहतर करना होगा। आरसीबी की ओर से अब तब सात विकेट लेकर सबसे अच्छी गेंदबाजी यश दयाल ने की है पर वह भी 24वें स्थान पर है। आरसीबी की टीम आठ में से सात मैच हाकर 2 अंक लेकर सबसे नीचे है। आरसीबी ने अपने पिछले पांच मैच में कम से कम 180 रन दिये हैं और पिछले दो मैच में प्रतिद्वंद्वी टीम ने उसके खिलाफ 200 से ज्यादा रन बनाये हैं। आरसीबी के बल्लेबाजों ने अपनी गेंदबाजी की खामियों को पूरी करने का प्रयास किया है पर वह सफल नहीं हुई। आरसीबी के बल्लेबाजों ने कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ मैच में काफी रन बनाये पर इसके बाद भी वह एक रन से हार गयी। अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली ने अब तक टूर्नामेंट में आरसीबी की ओर से सबसे अधिक 379 रन बनाये हैं। इसके अलावा कप्तान फाफ डुप्लेसी ने भी अच्छी पारियां खेली हैं।

दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं:-

सनराइजर्स हैदराबाद : पैट कमिंस (कप्तान), अब्दुल समद, अभिषेक शर्मा, ऐडन मार्कराम, मार्को जानसन, राहुल त्रिपाठी, वाशिंगटन सुंदर, ग्लेन फिलिप्स, सनवीर सिंह, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), भुवनेश्वर कुमार, मयंक अग्रवाल, टी नटराजन, अनमोलप्रीत सिंह, मयंक मारकंडे, उपेन्द्र सिंह यादव (विकेटकीपर), उमरान मलिक, नीतिश कुमार रेड्डी, फज्लहक फारूकी, शाहबाज अहमद, ट्रेविस हेड, जयदेव उनादकट, आकाश सिंह, जे सुब्रमण्यन।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु : फाफ डुप्लेसी (कप्तान), ग्लेन मैक्सवेल, विराट कोहली, रजत पाटीदार, अनुज रावत (विकेटकीपर), दिनेश कार्तिक (विकेटकीपर), सूयश प्रभुदेसाई, विल जैक्स, महिपाल लोमरोर, कर्ण शर्मा, मनोज भंडागे, मयंक डागर, विजयकुमार विशाक, आकाशदीप, मोहम्मद सिराज, रीस टॉप्ले, हिमांशु शर्मा, रंजन कुमार, कैमरन ग्रीन, अल्जारी जोसफ, यश दयाल, टॉम कुरेन, लॉकी फरग्यूसन, स्वप्निल सिंह और सौरव चौहान।

सीनियर खिलाड़ियों के साथ ट्रेनिंग करना सीखने का एक बेहतरीन मौका: रोपनी

नई दिल्ली। एजेंसी

भारतीय महिला हॉकी टीम की डिफेंडर रोपनी कुमारी ने बुधवार को कहा कि सीनियर खिलाड़ियों के साथ ट्रेनिंग करना सीखने का एक बेहतरीन मौका है। 19 वर्षीया रोपनी उस टीम का हिस्सा थीं जिसने महिला जूनियर एशिया कप 2023 में स्वर्ण पदक जीता था और उन्होंने 4 देशों की जूनियर महिला आमंत्रण टूर्नामेंट के लिए जर्मनी के डसेलडोर्फ में भी टीम के साथ यात्रा की थी। रोपनी सैंटियागो, चिली में 2023 एफआईएच जूनियर विश्व कप में भी टीम की एक प्रमुख खिलाड़ी थीं और सभी छह मैचों में हिस्सा लिया था।

रोपनी ने बुधवार को हॉकी इंडिया के हवाले से कहा यह मेरे लिए एक अच्छा वर्ष था क्योंकि मैं टीम के साथ लगातार अवसर अर्जित करने और एक खिलाड़ी के रूप में सुधार करने में सक्षम थी। मैं मेरा समर्थन करने के लिए सहयोगी स्टाफ, कोचों और अपने साथियों की भी आभारी हूं। महिला जूनियर एशिया कप में स्वर्ण पदक जीतना मेरी पसंदीदा यादों में से एक है।

रोपनी को हाल ही में 33 सदस्यीय राष्ट्रीय महिला टीम कोर ग्रुप में नामित किया गया था जो बेंगलुरु के साई केंद्र में प्रशिक्षण ले रही है। सीनियर टीम के साथ प्रशिक्षण के अपने अनुभवों पर रोपनी ने कहा, यह मेरे लिए एक शानदार अनुभव रहा है क्योंकि मैं सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ कंधे से कंधा मिला सकती हूं। वे हमें लगातार उचित मार्गदर्शन दे रहे हैं और सुनिश्चित कर रहे हैं कि हम हर समय सहज महसूस करें। यह पूछे जाने पर कि वरिष्ठ खिलाड़ियों से उन्हें क्या सलाह मिली है, रोपनी ने विस्तार से बताया वे हमें लगातार सलाह दे रहे हैं कि दबाव से कैसे निपटें और कठिन खेलों के दौरान कैसे शांत रहें। यह उन प्रमुख पहलुओं में से एक रहा है जहां मुझे लगता है कि मैं सुधार कर सकती हूं। यह मेरे लिए काफी सीखने वाला अनुभव रहा है और मुझे लगता है कि इससे मेरी विकास दर को बढ़ाने में मदद मिलेगी। रोपनी अब सीनियर टीम के लिए पदार्पण करने के लिए और भी अधिक मेहनत करना चाह रही हैं।

दक्षिण एशियाई ट्रायथलॉन चैंपियनशिप में भारत की कमान संभालेंगे प्रज्ञा मोहन

नई दिल्ली। एजेंसी

प्रज्ञा मोहन और आदर्श मुरलीधरन सिनिमोल 27 अप्रैल को नेपाल के पोखरा में एशिया ट्रायथलॉन कप के साथ आयोजित होने वाली 2024 दक्षिण एशियाई ट्रायथलॉन चैंपियनशिप में भारतीय चुनौती की अगुवाई करेंगे। प्रतियोगिता एक स्प्रिंट रेस है जिसमें 750 मीटर तैराकी, 20 किमी साइकिलिंग और 5 किमी दौड़ शामिल है। भारत ने पिछले संस्करण में पोडियम स्थान हासिल किया था, जिसमें देश की सबसे प्रसिद्ध महिला ट्रायथलीट प्रज्ञा ने अपना लगातार तीसरा दक्षिण एशियाई खिताब जीता था, जबकि महिलाओं की समग्र श्रेणी में नौवां स्थान भी हासिल किया था। महाराष्ट्र की संजना जोशी और मानसी मोहिते की जोड़ी, जिन्होंने पिछले साल गुजरात की प्रज्ञा के बाद क्रमशः रजत और कांस्य पदक जीता था, महिला एलीट क्षेत्र में 13 भारतीय एथलीट दल का हिस्सा हैं। सर्विसेज के मुरलीधरन सिनिमोल, जो पिछले साल तीसरे स्थान पर रहे थे और 2022 में विजेता थे, पुरुषों के एलीट क्षेत्र में भारतीय चुनौती के अगुवा हैं, मुरलीधरन के अलावा भारतीय दल में तेलहेइबा सोरम और क्षेत्रिमायुम कबिदश सिंह की होनहार मणिपुर जोड़ी भी शामिल है।

प्रतियोगिता में हिस्सा ले रही भारतीय टीम इस प्रकार है:-

पुरुष टीम : तेलहेइबा सोरम, क्षेत्रीमयुम कबिदश सिंह, तुषार डेका, अनघ वानखड़े, पार्थ सांखला, अंगद इंगलेकर, अभिषेक मोदनवाल, अंकुर चाहर, पार्थ मिराज, कृषिव पटेल, कौशिक विनायक मलंदकर, साई लोहिताक्ष केडी, देव अंबोकर, राज कुमार पवार, पुस्कर दास , विश्वनाथ यादव, आदर्श मुरलीधरन नायर सिनिमोल, अंकन भट्टाचार्जी, अर्नब भट्टाचार्य, सफा मुस्तफा शेख।

महिला टीम : दुर्विशा पवार, डॉली देवीदास पाटिल, धृति कौजाल्गी, रमा सोनकर, हेनी जलावादिया, प्रेरणा श्रवण कुमार, रिद्धि कदम, संजना जोशी, स्नेहल जोशी, मानसी मोहिते, नफीसा मिलवाला, प्रज्ञा मोहन, पूनम विश्वास।

समरा, नीरज ने पहला ओलंपिक चयन ट्रायल जीता

नई दिल्ली। एजेंसी

एशियाई खेलों की चैंपियन और विश्व रिकॉर्ड धारक सिफ्ट कौर समरा यहां डॉ. कर्णी सिंह शूटिंग रेंज में बुधवार को महिलाओं की पहली 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन (3पी) ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी टी1) में विजयी रहीं, जबकि पुरुषों की स्पर्धा में नीरज कुमार शीर्ष पर रहे। सिफ्ट का मुकाबला इन-फॉर्म आशी चोकसी से था, जो पहले 15 नीलिंग पोजिशन शॉट्स के बाद आगे चल रही थीं।

इसके बाद वह प्रोन स्थिति में पूरी तरह से आगे बढ़ गईं और अपननिकटतम प्रतिद्वंद्वी पर 2.4 की बढ़त भी ले ली। अंत में, उन्होंने 466.3 अंक हासिल किये, जो आशी के अंक से 3.7 अधिक था। ओलंपियन अंजुम मौदगिल ने 449.2 अंकों के साथ तीसरा स्थान किया। निश्चल (433.6) और पेरिस कोटा धारक श्रियंका सदांगी (416.7) को क्रमशः चौथे और पांचवें स्थान से संतोष करना पड़ा।

पुरुषों के 3पी स्पर्धा में फॉर्म में चल रहे निशानेबाज नीरज कुमार, जिन्होंने हाल ही में यूरोप में शानदार प्रदर्शन किया था, ने 462.2 के अंतिम स्कोर के साथ जीत हासिल की। ओलंपिक कोटा धारक और क्वालीफिकेशन टॉपर स्वप्निल कुसाले दूसरे स्थान पर रहे, जबकि ऐश्वर्या तोमर तीसरे स्थान पर रहे। छठे दिन 10 मीटर एयर राइफल और पिस्टल पुरुष और महिला प्रतियोगिताओं के क्वालिफिकेशन राउंड भी हुए।

लखनऊ ने चेन्नई को छह विकेट से हराया

नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 39वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स ने चेन्नई सुपर किंग्स को 6 विकेट से हरा दिया है। चेन्नई ने 210 रन बनाए थे, जिसके जवाब में लखनऊ ने 19.3 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। लखनऊ की ओर से मार्क स्टॉयनिस ने शानदार नाबाद शतकीय पारी खेली। स्टॉयनिस ने 63 गेंदों में 124 रन पर नाबाद रहे। लखनऊ ने दूसरी बार चेन्नई सुपर किंग्स को इस सीजन में हराया है। स्टॉयनिस को धमाकेदार बल्लेबाजी के लिए मैन ऑफ द मैच चुना गया। चेन्नई के चेपॉक स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में चेन्नई सुपर किंग्स ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 210 रन बनाए। इस दौरान चेन्नई के कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ ने शानदार नाबाद शतकीय पारी खेली। ऋतुराज गायकवाड़ ने 60 गेंदों पर 108 रनों की नाबाद पारी खेली। शिवम दुबे ने उनका साथ देते हुए 27 गेंदों पर तूफानी 66 रनों की पारी खेली। ऋतु के आईपीएल करियर का यह दूसरा शतक रहा। वहीं, दुबे ने नौवां अर्धशतक लगाया। आखिरी गेंद पर महेंद्र सिंह धोनी ने अपने अंदाज में चौका मारकर खेल खत्म किया। इस जीत के साथ लखनऊ की टीम अंक तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गई। उन्होंने चेन्नई को रिप्लेस किया, जो लुढ़क कर पांचवें स्थान पर आ गई है।

वाणिज्य

सर्राफा बाजार में गिरावट, सोना और चांदी की कम हुई कीमत

नई दिल्ली। एजेंसी

पिछले सप्ताह तेजी का रुख दिखाने के बाद अब घरेलू सर्राफा बाजार में लगातार तीसरे दिन करेक्शन होता नजर आ रहा है। बाजार में आई गिरावट के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर आ गया है। हालांकि चेन्नई में 24 कैरेट सोना भी 73 हजार रुपये के स्तर के ऊपर कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी चेन्नई के अलावा देश के अन्य सरार्फा बाजारों में 66,140 रुपये से लेकर 66,290 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। सोने की तरह ही चांदी के भाव में भी बड़ी गिरावट आई है। दिल्ली सर्राफा बाजार में चांदी 82,900 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 66,290 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई।

इसी तरह मुंबई में 24 कैरेट सोना 72,150 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 66,140 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। जबकि चेन्नई में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 73,090 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 66,990 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है।

शेयर बाजार में तेजी, सेंसेक्स और निफ्टी उछले

नई दिल्ली। एजेंसी

घरेलू शेयर बाजार में लगातार चौथे कारोबारी दिन मजबूती नजर आ रही है। बाजार ने बढ़त के साथ कारोबार की शुरूआत की थी। शुरूआती कारोबार में बिकवाली का मामूली दबाव भी बना। लेकिन इसके बाद खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिसकी वजह से शेयर बाजार की चाल मजबूत होती गई। पहले घंटे का कारोबार होने के बाद सेंसेक्स 0.35 प्रतिशत और निफ्टी 0.32 प्रतिशत की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। शुरूआती एक घंटे का कारोबार होने के बाद स्टॉक मार्केट के दिग्गज शेयरों में से सिप्ला, जेएसडब्ल्यू स्टील, हिंडाल्को इंडस्ट्रीज, टाटा स्टील और नेस्ले के शेयर 2.09 प्रतिशत से लेकर 1.14 प्रतिशत की मजबूती के साथ कारोबार कर रहे थे। दूसरी ओर टाटा कंज्यूमर प्रोडक्ट्स, इंडसइंड बैंक, इंफोसिस, एशियन पेंट्स और टाइटन कंपनी के शेयर 5.07 प्रतिशत से लेकर 0.22 प्रतिशत की गिरावट के साथ कारोबार करते नजर आ रहे थे।

अभी तक के कारोबार में स्टॉक मार्केट में 2,083 शेयरों में एक्टिव ट्रेडिंग हो रही थी। इनमें से 1,595 शेयर मुनाफा कमा कर हरे निशान में कारोबार कर रहे थे, जबकि 488 शेयर नुकसान उठा कर लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। इसी तरह सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से 25 शेयर लिवाली के सपोर्ट से हरे निशान में बने हुए थे। दूसरी ओर 5 शेयर बिकवाली के दबाव में लाल निशान में कारोबार कर रहे थे। जबकि निफ्टी में शामिल शेयरों में से 40 शेयर हरे निशान में और 10 शेयर लाल निशान में कारोबार करते नजर आ रहे थे।

बीएसई का सेंसेक्स 219.12 अंक की मजबूती के साथ 73,957.57 अंक के स्तर पर खुला। कारोबार की शुरूआत होते ही बिकवाली का मामूली दबाव बन जाने की वजह से ये सूचकांक गिर कर 73,861.91 अंक के स्तर तक पहुंच गया। लेकिन इसके बाद बाजार में खरीदारों ने लिवाली का जोर बना दिया, जिसके कारण इस सूचकांक की चाल में तेजी आ गई। बाजार में लगातार जारी खरीद बिक्री के बीच पहले 1 घंटे का कारोबार होने के बाद सुबह 10:15 बजे सेंसेक्स 256.31 अंक की बढ़त के साथ 73,995.76 अंक के स्तर पर कारोबार कर रहा था।

सेंसेक्स की तरह ही एनएसई के निफ्टी ने भी 53.55 अंक की तेजी के साथ 22,421.55 अंक के स्तर से कारोबार की शुरूआत की। शुरूआती कारोबार में मुनाफावसूली की वजह से ये सूचकांक भी मामूली गिरावट के साथ 22,399.85 अंक तक पहुंच गया।

ग्लोबल मार्केट से लगातार दूसरे दिन मजबूती के संकेत

नई दिल्ली। एजेंसी



ग्लोबल मार्केट से लगातार दूसरे दिन मजबूती के संकेत मिल रहे हैं। अमेरिकी बाजार में पिछले सत्र के दौरान भी उत्साह का माहौल बना रहा, जिसके कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक मजबूती के साथ बंद हुए। डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी बढ़त के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। इसी तरह यूरोपीय बाजार भी पिछले सत्र के दौरान तेजी के साथ बंद हुए। एशियाई बाजार में भी जोरदार तेजी बनी हुई है। अमेरिकी बाजार में रिकवरी की शुरूआत हो जाने के कारण वॉल स्ट्रीट के सूचकांक में पिछले सत्र के दौरान तेजी बनी रही। एसएंडपी 500 इंडेक्स 1.20 प्रतिशत की मजबूती के साथ 5,070.55 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह नैस्डेक ने 245.33 अंक यानी 1.59 प्रतिशत उछल कर 15,696.64 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया।

डाउ जॉन्स फ्यूचर्स भी फिलहाल 0.10 प्रतिशत की तेजी के साथ 38,539.31 अंक के स्तर पर कारोबार करता नजर आ रहा है। अमेरिकी बाजार की तरह ही यूरोपीय बाजार में भी पिछले सत्र के दौरान तेजी बनी रही। एफटीएसई इंडेक्स 0.26 प्रतिशत की मजबूती के साथ 8,044.81 अंक के स्तर पर बंद हुआ। इसी तरह सीएसी इंडेक्स ने 0.81 प्रतिशत की छलांग लगा कर 8,105.78 अंक के स्तर पर पिछले सत्र के कारोबार का अंत किया।

एक नजर

पैट्रोल पंप से सेल्समैन नगदी लेकर भागा

सोनीपत। बरौदा थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक पैट्रोल पंप पर काम करने वाला सेल्समैन एक लाख 37 हजार 800 रुपए लेकर फरार हो गया। थाना बरौदा में पुलिस ने पेट्रोल पंप मालिक की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। ईशापुर खेड़ी निवासी जोगेंद्र मलिक ने बुधवार को पुलिस को बताया कि उसने गांव माहरा में ड्रेन नंबर 8 के नजदीक उनका मलिक फिलिंग स्टेशन नाम से पेट्रोल पंप है। पेट्रोल पंप पर गोहाना चोपड़ा कॉलोनी के उत्तम बतौर सेल्समैन रखा हुआ है। उन्होंने बताया कि 21 अप्रैल को उत्तम की पेट्रोल पंप पर ड्यूटी थी। उसने अपने पेट्रोल पंप का हिसाब चेक किया तो एक लाख 37 हजार 800 रुपए कम मिले।

कार की टक्कर से बाइक सवार की मौत

बीकानेर। लूणकरणसर की कालू रोड पर बाइक व कार की टक्कर में एक युवक की मौत हो गई। हादसा मंगलवार रात का है। घायल युवक को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया लेकिन उसने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। पुलिस के अनुसार रात में कालू रोड पर कार और बाइक की आमने-सामने टक्कर हो गई। बाइक सवार उछलकर काफी दूर जा गिरा। उसके सिर में गंभीर चोट आई। प्रत्यक्षदर्शी सन्नी जीनगर ने टाइगर फोर्स के महिपाल सिंह राठौड़ को फोन कर दुर्घटना की दी सूचना दी। टाइगर फोर्स टीम ने मौके पर पहुंचकर पुलिस को बताया। घायल को एम्बुलेंस में अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद युवक को मृत घोषित कर दिया। कार कालू से लूणकरणसर की तरफ जा रही थी।

बाइक और नकदी के साथ दो शातिर गिरफ्तार

हरिद्वार। दुकान का ताला तोड़कर नकदी और अन्य सामान चोरी करने के आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से चोरी की एक बाइक व चोरी का अन्य सामान बरामद किया है। लोधा मंडी ज्वालापुर निवासी शाहबाज ने 22 अप्रैल को कोतवाली ज्वालापुर पुलिस को तहरीर दी कि शहवाज उर्फ भैया पुत्र शहराज और उसके एक अन्य साथी के खिलाफ दुकान का ताला तोड़कर गल्ले से नकदी व अन्य सामान चोरी कर ली। दूसरी ओर गुलजार निवासी अहबाबनगर ज्वालापुर ने भी अपनी बाइक चोरी के संबंध में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था।

दलितों पिछड़ों को एकजुट होकर अपनी ताकत दिखाने का चुनाव : चंद्रशेखर

जोधपुर। भीम आर्मी चीफ चंद्रशेखर लोकसभा चुनाव के मद्देनजर बुधवार को जोधपुर आए। उन्होंने कहा कि यह चुनाव दलितों पिछड़ों को एकजुट होकर अपनी ताकत दिखाने का चुनाव है। विधानसभा चुनाव का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि वोट के आधार पर पिछली बार उनके एलाइंस को 14 लाख से अधिक मत मिले, जोकि प्रतिशत के आधार पर दो प्रतिशत से ज्यादा है। जोधपुर में दलित और पिछड़ों के 8 लाख वोट हैं, अगर हमने इनको साधने में सफलता मिलती है तो हम निर्णायक होंगे। चंद्रशेखर ने कहा कि हम अंबेडकर के विचारों को आगे बढ़ा रहे हैं। दलित और पिछड़ों के लिए सम्मान का जीवन रोजगार ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे लाना, कानून की समानता व समान न्याय मिलने के पक्षधर हैं।

दो दोस्तों ने हत्या कर शव कमरे में दबाया

सोनीपत। दो दोस्तों ने मिलकर युवक की हत्या करके उसका शव कमरे में ही दबा दिया था। खरखौदा पुलिस ने मंगलवार की रात को शव को बरामद कर लिया। हत्यारोपित की मां ने अपने बेटे को थाना ले जाकर पुलिस के हवाले कर दिया और दोस्त की हत्या का पूरा राज खोल दिया। पुलिस ने दो दोस्तों के खिलाफ हत्या का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वारदात में शामिल दूसरा दोस्त फरार है। खरखौदा में प्रताप स्कूल कॉलोनी में रहने वाले संजू ने पुलिस को बताया कि हम दो भाई और एक बहन हैं। छोटा भाई सचिन अभी अविवाहित है। सचिन 22 अप्रैल की शाम को अपने दोस्त कमल और शुभम उर्फ चोटी के साथ घूमने के लिए गया था। वह इन दोनों के साथ ही रहता था।

पेड़ से टकराई कार नव-विवाहिता की मौत

सीकर। जिले के दांतारामगढ़ इलाके में अनियंत्रित गाड़ी पेड़ से टकराने से नव-विवाहिता की मौत हो गई। विवाहिता का पति हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। पति-पत्नी शादी समारोह में शामिल होकर वापस अपने घर जा रहे थे। दांतारामगढ़ थानाधिकारी भवानी सिंह ने बताया कि मूंड घसोइ, डीडवाना-कुचामन जिले के रहने वाले पति-पत्नी सोनू देवी व मनीष कुमार सीकर के चक में रिश्तेदारी में शादी समारोह में आए हुए थे। पति-पत्नी बुधवार सुबह करीब दो बजे अपने गांव के लिए चक से रवाना हुए थे। गांव से तीन किलोमीटर दूर चक से करड वाली रोड पर अचानक गाड़ी के आगे एक नीलगाय आ गई। नीलगाय को बचाने के चक्कर में गाड़ी अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई।

पत्नी-बेटी की हत्या करने वाला शख्स गिरफ्तार

मुंबई। अकोला जिले के रामदास पेठ इलाके में गहरी नींद में सोई पत्नी और 9 साल की बेटी की कुल्हाड़ी से हत्या करने वाले पति को पुलिस ने बुधवार सुबह गिरफ्तार कर लिया। रामदास पेठ पुलिस स्टेशन की टीम ने दोनों मां-बेटी का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की गहन छानबीन कर रही है। पुलिस निरीक्षक मनोज बहूरे के अनुसार आरोपित मनीष ह्मात्रे का उसकी पत्नी रश्मी म्हात्रे के साथ पिछले कई महीने से विवाद चल रहा था। इसी खुंदक की वजह से मनीष ने बुधवार सुबह करीब 5 बजे पत्नी रश्मि और 9 वर्ष की बेटी माही ह्मात्रे की कुल्हाड़ी से काटकर हत्या कर दी।

कांग्रेस के घोषणा पत्र का भाजपा कर रही दुष्प्रचार : हरीश रावत

- पूर्ण विश्वास है कि भारी मतों से हम चुनाव जीत रहे हैं
- प्रचार-प्रसार कर जनता को गुमराह करने का काम करते हैं

हरिद्वार। एजेंसी

हरिद्वार लोकसभा संसदीय सीट पर सम्पन्न हुए मतदान के बाद कलियर विधायक फुरकान अहमद ने कार्यकर्ताओं का आभार और सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया। कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने भी कार्यकर्ताओं से भेंट की। उन्होंने भाजपा पर सवाल उठाते हुए कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र के बारे में भाजपा देश में झूठ फैलाने का काम कर रही है, लेकिन जनता इस झूठ का जवाब चुनाव में उन्हें देगी। रुड़की स्थित कैंप कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने कहा कि कांग्रेस के कार्यकर्ताओं और जनता ने इस बार पार्टी की जीत के लिए दिन-रात मेहनत की।

पूर्ण विश्वास है कि भारी मतों से हम चुनाव जीत रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रथम चरण के मतदान के बाद भाजपा बौखलाई हुई है, इसलिए कांग्रेस के घोषणा पत्र पर झूठ फैलाने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि भाजपा का एक बड़ा नेता झूठ बोलता है तो बाकी सब भी उसे दोहराते हुए उसका प्रचार-प्रसार कर जनता को गुमराह करने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि भाजपा के पास कोई घोषणा पत्र नहीं है, वह किसी कबाड़ी की दुकान से उसे देखकर आए हैं और सिर्फ उसमें मोदी के गुणगान के अलावा कुछ नहीं है।

कार्यक्रम में महानगर अध्यक्ष एडवोकेट राजेंद्र सिंह, साहिल राणा, नाजिम त्यागी, वासिल खान, अरविंद प्रधान, योगेश धीमान, नौसाद, जुल्फिकार, उस्मान आदि मौजूद रहे।

पांच वर्ष में भारत को दुनिया की बड़ी शक्ति बनाने का चुनाव: विष्णुदत्त

कटनी। एजेंसी

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा ने बुधवार को कटनी जिले के विजयराघवगढ़ के कैमोर मंडल के कार्यकर्ता बैठक को सम्बोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हमें हर बूथ पर 370 वोट बढ़ाने का लक्ष्य दिया है। श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जम्मू-कश्मीर से धारा 370 हटाने के लिए आंदोलन किया और बलिदान दिया। इसलिए हम सभी कार्यकताओं को हर बूथ पर 370 नये वोट बढ़ाकर डॉ. मुखर्जी को सच्ची श्रद्धांजलि देना है। प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने प्राचीन किले में पूज्य संत बरम बाबा जी की समाधि का दर्शन कर आशीर्वाद लिया।

शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत विकास के पथ पर तेजी से आगे बढ रहा है। प्रधानमंत्री भारत को विकसित बनाने के साथ विश्व गुरू बनाने के लिए कार्य में जुटे हुए हैं। देश में होने जा रहा यह चुनाव सामान्य न होकर 2047 तक भारत को विकसित भारत बनाने का चुनाव है। नरेन्द्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने के पूर्व कांग्रेस कार्यकाल में हर तरफ आतंकी घटनाएँ, लूट, भ्रष्टाचार, भय, असुरक्षा का माहौल था।

हमारी सीमाएं असुरक्षित थी और आये दिन आंतकवादी घटनाएं होती थी। इन 10 वर्षा में प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में नये भारत का निर्माण हुआ है। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष शर्मा ने कहा कि 2024 का यह लोकसभा चुनाव केवल सांसद चुनने का नहीं, बल्कि देश की आने वाली पीढ़ी के भविष्य को सुनिश्चित करने का चुनाव है।

देश की जनता लड़ रही चुनाव, पूरा होगा 400 पार का नाराः संध्या राय

भोपाल। एजेंसी

मध्य प्रदेश में लोकसभा चुनाव के तहत तीसरे चरण में नौ सीटों पर मतदान होना है। तीसरे चरण में जिन नौ सीटों पर वोट डाले जाएंगे, उनमें एक सीट भिंड लोकसभा की भी है। यहां से भाजपा ने वर्तमान सांसद संध्या राय पर दोबारा विश्वास जताया है और उन्हें टिकट दिया है। संध्या राय को दोबारा टिकट मिलने, चुनाव की तैयारी, विकास के मुद्दे को लेकर हिन्दुस्थान समाचार ने उनसे खास बातचीत की। यहां पेश है उनसे हुई बातचीत के अंश हिन्दुस्थान समाचार से बातचीत करते हुए भिंड से भाजपा उम्मीदवार संध्या राय ने अबकी बार 400 बार के नारे पर कहा, जैसा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का नारा है अबकी बार 400 बार, यह देश की जनता का भी नारा है। इस बार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश की जनता चुनाव लड़ रही है। उन्होंने कहा कि हमें बहुत खुशी है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बहनों का नारी शक्ति वंदन बिल पास हुआ। यह बहनों के लिए अच्छा निर्णय था। इससे देश की बहनें प्रसन्न हैं और बहनों को लग रहा है कि आधी आबादी को हक देने का काम प्रधानमंत्री मोदी ने किया है।

चुनाव में महिलाओं को 33 प्रतिशत टिकट आरक्षण देने के सवाल पर संध्या राय ने कहा कि मैं भाग्यशाली हूं कि भाजपा की कार्यकर्ता के रूप में लगातार 30 वर्षों से काम कर रही हूं। मुझे 2019 में भी पार्टी ने टिकट दिया और पुनः मैं अपने केन्द्रीय और प्रदेश के नेतृत्व को मुझ पर विश्वास करने के लिए आभार व्यक्त करती हूं।

हमारे केन्द्रीय और प्रदेश के नेतृत्व ने दोबारा क्षेत्र की सेवा करने का मौका दिया। उन्होंने कहा कि क्योंकि संगठन में पहले से ही हम 33 प्रतिशत है और नगरीय निकाय में 50 प्रतिशत महिलाएं काम कर रही हैं। इस बार के लोकसभा चुनाव में भी पार्टी ने कई महिलाओं को टिकट दिया है और निश्चित तौर पर प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 2027 के बाद जब भी चुनाव होगा तो 33 प्रतिशत महिलाएं विधायक भी बनेंगी और लोकसभा चुनाव में सांसद भी जाएंगी। हर जगह बहनें आने वाली हैं। पिछला चुनाव विकास के वादे पर हुआ था, लेकिन नहीं हुआ। फिर विकास को लेकर विरोध की बात सामने आई लेकिन दोबारा मौका मिलने पर अब विकास को लेकर क्या तैयारी है?

इजराइल पर हिजबुल्ला ने एक साथ 35 रॉकेट दागकर किया आक्रामक हमला

यरुशलम। एजेंसी

इजराइल पर ईरान समर्थित लेबनान के सशस्त्र समूह हिजबुल्ला ने एक साथ 35 राकेट दागते हुए आक्रामक हमला बोला है। हिजबुल्ला के 35 राकेट के हमलों से उत्तरी इजराइल के सफेड शहर और आसपास के क्षेत्रों में हवाई हमले के सायरन बज गए। इजराइली सेना ने एक बयान में कहा कि हमले में कोई घायल नहीं हुआ है। इसके जवाब में इजराइल ने भी दक्षिण लेबनान में हिजबुल्ला के बुनियादी ढांचे पर हवाई हमले किए।

इजराइली सेना ने सोमवार को कहा कि इजराइली रक्षा बलों ने दक्षिणी लेबनान में राकेट लांचरों से हिजबुल्ला के बुनियादी ढांचे पर हमला किया। इससे पहले सोमवार को इजराइल ने दक्षिणी लेबनान के अरजौन और ओडाइसेह गांवों में दो बुनियादी संरचनाओं पर हमला किया था, जहां हिजबुल्ला लड़ाके मौजूद थे। उधर, खान यूनिस के खाली पड़े सबसे बड़े अस्पताल परिसर में 283 लोगों की सामूहिक कब्रें मिलने के दावे को इजराइली सेना ने खारिज कर दिया है। गाजा प्रशासन ने आरोप लगाया गया था कि इन लोगों को इजरायली सैनिकों ने मारकर जमीन के नीचे दबा दिया था। इजराइल ने मंगलवार को पूरे गाजा में हमले किए। इसे हाल के हफ्तों में सबसे बड़े हमलों में से एक माना जा रहा है। इजराइली बलों ने खासकर उत्तरी गाजा को निशाना बनाया। स्थानीय निवासियों के अनुसार इजराइल यहां अपने सैनिकों को पहले ही उतार चुका है। उसने मंगलवार को हवाई हमलों के साथ टैंकों से भी मध्य और दक्षिण गाजा में गोले बरसाए। गाजा पट्टी के उत्तरी किनारे बेत हानून पर सोमवार रात भर टैंक से गोले बरसाए जाते रहे। दूसरी ओर, इजराइल में यहूदी फसह की छुट्टियां मनाने के लिए सरकारी कार्यालय और कारोबार बंद रहे। हालांकि, इस दौरान दक्षिणी सीमा पर स्थित शहरों में राकेट हमले के अलर्ट गूंजते रहे।

कांग्रेस उम्मीदवार को मैदान में आने के बाद पता चलेगी जमीनी हकीकत

झज्जर। एजेंसी

भाजपा सांसद डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि कांग्रेस आलाकमान भी जान चुका है कि हुड्डा परिवार किस तरह से भय व परिवारवाद की राजनीति करता है। कांग्रेस के पास भ्रष्टाचार और परिवारवाद के अलावा कुछ नहीं है और कांग्रेस उम्मीदवार को मैदान में आने के बाद जमीनी हकीकत का पता चल जाएगा। शर्मा ने ये बात बुधवार को झज्जर व बहादुरगढ़ क्षेत्र में हुई सभाओं को संबोधित करते हुए कही।

रोहतक लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार डॉ. अरविंद शर्मा ने कहा कि कांग्रेस शासन काल के भय व भ्रष्टाचार को प्रदेश की जनता नहीं भूली है और अब वोट की ताकत से जनता इसका जवाब देगी। देश व विदेश में भारत को प्रधानमंत्री मोदी ही मजबूत कर सकते है और किसी में यह ताकत नहीं है। देश की जनता भी यह समझ चुकी है और प्रदेश में 10 की 10 सीटों पर भाजपा जीत दर्ज करेगी। सांसद शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश विश्व गुरू बनने की और अग्रसर है और देश की जनता को प्रधानमंत्री की गारंटी पर पूरा विश्वास है। उन्होंने दावा किया हरियाणा की जनता मन बना चुकी है की तीसरी बार मोदी को देश का प्रधानमंत्री बनाकर लाल किले से मोदी ही झंडा फहराएंगे। साथ ही उन्होंने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए कहा कि जो कांग्रेस अभी तक दस वर्षो में अपना संगठन नही बना पाई वो वाया दिल्ली होकर चंडीगढ़ जाना चाहते है, झूठ बोल कर जनता को गुमराह करके अनाप- शनाप बयान दे कर दोनो बापू बेटा अपनी मानसिकता का परिचय दे रहे है। जनता भली भाली इनको पहचान चुकी है। सांसद ने कहा कि हरियाणा की जनता सीधा सीधा 152-डी से संत कबीर कुटीर जाना चाहती है ना की दिल्ली होकर जाना चाहती है।

चोरी की बाइक और नकदी के साथ दो शातिर गिरफ्तार

हरिद्वार। दुकान का ताला तोड़कर नकदी और अन्य सामान चोरी करने के आरोपितों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से चोरी की एक बाइक व चोरी का अन्य सामान बरामद किया है। लोधा मंडी ज्वालापुर निवासी शाहबाज ने 22 अप्रैल को कोतवाली ज्वालापुर पुलिस को तहरीर दी कि शहवाज उर्फ भैया पुत्र शहराज और उसके एक अन्य साथी के खिलाफ दुकान का ताला तोड़कर गल्ले से नकदी व अन्य सामान चोरी कर ली। दूसरी ओर गुलजार निवासी अहबाबनगर ज्वालापुर ने भी अपनी बाइक चोरी के संबंध में तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था। बाइक व नकदी के साथ बीएचईएल सेक्टर 2 बैरियर से गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में पता चला है कि दोनों आरोपित नशे के आदी हैं और नशे के शौक पूरा करने के लिए चोरी की घटनाओं को उन्होंने अंजाम दिया था। पूछताछ में आरोपितों ने अपने नाम व पते सहवाज उर्फ भैया पुत्र शहबाज खान निवासी लोधा मंडी पीठ बाजार ज्वालापुर व शेरखान पुत्र लियाकत निवासी फकीरों वाली गली लोधा मंडी ज्वालापुर बताए।

अपराध मुक्त होने से संरक्षण देने वालों में है बौखलाहट : स्वाती सिंह

- पार्टी प्रमुख महिला होते हुए भी वहां एक भी महिला का सम्मान नहीं

लखनऊ। एजेंसी

जो व्यक्ति खुद अपराधियों को संरक्षण देता हो, उसको टिकट देकर उसके प्रचार में कसीदे गढ़ता है। उसमें आज अपराध मुक्त प्रदेश होने पर बौखलाहट बढ़ना स्वाभाविक है, लेकिन उसे यह नहीं भूलना चाहिए कि जनता सब जानती है। इस चुनाव में उसके खाते भी नहीं खुलने वाले हैं। यही नहीं एक पार्टी तो सत्ता में रहने के बावजूद आज शून्य पर पहुंच चुकी है। पार्टी प्रमुख महिला होते हुए भी वहां एक भी महिला का सम्मान नहीं हुआ और वे आज भाजपा को नसीहत दे रही हैं। ये बातें भाजपा नेत्री और पूर्व मंत्री स्वाती सिंह ने कहीं। वह बुधवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव और बसपा प्रमुख मायावती द्वारा अलीगढ़ में मंगलवार को दिये गये बयान का जवाब दे रही थीं। अखिलेश यादव ने एक जनसभा में कहा था, 'बीजेपी वालों ने अपराधियों और भ्रष्टाचारियों का गोदाम बना दिया है।' वहीं मायावती ने कहा था, 'गारंटीबाजी व जुमलेबाजी भाजपा के काम नहीं आयेगी।' स्वाती सिंह ने बिना नाम लिये कहा कि विपक्ष की बौखलाहट बोल रही है। इस बार इकाई अंक से ऊपर विपक्ष के किसी भी राजनीतिक दल को सीट नहीं मिलने जा रही है।

पूरा देश प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के भारत विकास यात्रा में अपना योगदान देना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि जिसने पूरा कार्यकाल भ्रष्टाचार किया हो,उसमें बौखलाहट होना स्वाभाविक है। आज जब भ्रष्टाचारी जेल जा रहे हैं तो सभी भ्रष्टाचारी मिलकर गठबंधन कर रहे हैं। उन्हें डर है कि वे भी आज नहीं तो कल जेल जाएंगे।

कार्यक्रम

गांव जहां-तहां सुनाई दिया सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ

मध्य रात्रि तक हनुमत आराधना में डूबा रहा नगर, गांव

- बड़ी संख्या में पहुंचकर धर्म प्रेमी लोगों ने हनुमत आराधन एवं सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ में हिस्सा लिया

झाबुआ। एजेंसी

चैत्र शुक्ल पक्ष पूर्णिमा हनुमान जयंती पर आधी रात तक जिले के नगर नगर गांव गांव हनुमानजी महाराज की आराधना में डूबे रहे। प्रातः काल पूजा अर्चना से शुरू हुआ सिलसिला दोपहर में यज्ञ हवन में तब्दील हो गया और फिर शाम हनुमान चालीसा पाठ का क्रम शुरू हो गया जो आधी रात तक जारी रहा। चैत्र शुक्ल पक्ष पूर्णिमा पर परंपरागत रूप से मनाया जाने वाला हनुमान जयंती का पावन पर्व मंगलवार को संपूर्ण जिले में हर्षोल्लास पूर्वक मनाया गया। प्रातः कालीन वेला में ही हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना कर चोला चढ़ाएं जाने और प्रतिमा के बहुविध श्रंगार से आरंभ हुआ सिलसिला देर शाम हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ के रूप में दिखाई दिया जो कि मंगलवार की मध्य रात्रि तक जारी रहा। श्री हनुमत मंदिरों में राम जय राम जय जय राम और सीता राम सीता राम सीता राम जय बजरंगी पवन कुमार की महामंगलमय ध्वनि जिला मुख्यालय सहित जिले के विभिन्न नगरीय एवं ग्रामीण इलाके में सुनाई देती रही।

मुख्य समारोह जिले के रानापुर जनपद के अंतर्गत आने वाले महाभारत कालीन हिडिंबा वन क्षेत्र के ग्राम वन स्थित वनेश्वर हनुमान मंदिर, पेटलावद जनपद के अंतर्गत आने वाले ग्राम तारखेड़ी के विश्व मंगल हनुमान मंदिर, मेघनगर जनपद पंचायत के ग्राम पीपलखूंटा में महंत जमुनादासजी महाराज द्वारा सेवित प्राचीन श्री हनुमंत निवास आश्रम स्थित हनुमान मंदिर, जिला मुख्यालय के हूड़ा पर स्थित श्री हनुमान मंदिर और थांदला में भक्त मलुकदासजी महाराज द्वारा स्थापित श्री हनुमान अष्ट मंदिर मलुकदासजी की बावड़ी पर आयोजित हुए जहां बड़ी संख्या में पहुंचकर धर्म प्रेमी लोगों ने हनुमत आराधन एवं सामुहिक हनुमान चालीसा पाठ में हिस्सा लिया। इन स्थानों पर प्रतिवर्ष आयोजित किया जाने वाला अनुष्ठान का क्रम इस वर्ष भी पूरे विधि-विधान से हुआ, साथ ही कुछ स्थानों पर भंडारे भी आयोजित किए गए।

बहुसंख्यक समाज की संपत्ति मुसलमानों को सौंपना चाहती है कांग्रेस : नरेश बंसल

देहरादून। एजेंसी

भारतीय जनता पार्टी के उत्तराखंड चुनाव संयोजक और राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष राज्यसभा सदस्य नरेश बंसल ने घोषणा पत्र के आधार पर कांग्रेस को आड़े हाथ लेते हुए उसे आम आदमी की संपत्ति हड़पने वाला बताया है। उन्होंने कहा है कि जनता चुनाव में कांग्रेस को उसकी मंशा को मतों के माध्यम से ध्वस्त करेगी। बुधवार को प्रदेश मुख्यालय में राष्ट्रीय सह कोषाध्यक्ष और राज्यसभा सदस्य नरेश बंसल ने कहा कि पिछले छह दशकों तक कांग्रेस ने तुष्टिकरण की जिस योजना को पूरा करने का प्रयास किया था और जो पूरा नहीं हो पाई थी, उसे अपने घोषणा पत्र और बयानों के माध्यम से सत्ता में आने पर पूरा करने की बात कर रही है। वह जानती है कि उसका सत्ता में आना संभव नहीं है, लेकिन तुष्टिकरण की नीति और बहुसंख्यक समाज की उपेक्षा का कोई अवसर कांग्रेस नहीं छोड़ना चाहती। चुनाव में कांग्रेस के घोषणा पत्र और उसके छिपे मंतव्य को प्रधानमंत्री ने सार्वजनिक कर दिया है, जिससे इंडी गठबंधन में बड़ी खलबली है। वह प्रत्यक्ष और परोक्ष रूप से प्रधानमंत्री को घेरने का असफल प्रयास कर रहे हैं।

भारतीय जनता पा
उत्तराखण्ड

बंसल ने कहा कि विगत लगभग छह दशकों में कांग्रेस ने केवल वर्ग विशेष का तुष्टिकरण किया है। 2024 के लिए भी विकास के एजेंडे के स्थान पर कांग्रेस फिर से उसी तुष्टिकरण की राह पर चल पड़ी है।

एक नजर

चलाया गया सघन वाहन जांच अभियान

रामगढ़। आगामी लोकसभा (आम) चुनाव 2024 के मद्देनजर उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के निदेर्शानुसार मंगलवार को जिला परिवहन पदाधिकारी, रामगढ़ मनीषा वत्स की अध्यक्षता में गोला प्रखंड के बरलांगा मार्ग पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा माल वाहक वाहन एवं चार पहिए वाहनों का आर०सी० बुक, फिटनेस, प्रदूषण सर्टिफिकेट, ड्राइविंग लाइसेंस एवं ओवरलोडिंग, आदि के साथ साथ वाहनों पर लगाए जाने वाले रिफ्लेक्टिव टेप की भी जांच की गई। जिन वाहनों के कागजात अधूरे अथवा वाहनों पर रिफ्लेक्टिव टेप नहीं पाया गया वैसे 08 वाहनों से कुल 2 लाख 72 हजार रुपये का जुमार्ना वसूला गया। मौके पर जिला परिवहन पदाधिकारी श्रीमती मनीषा वत्स ने वाहन चालकों से वाहनों पर आवश्यक रूप से रिफ्लेक्टिव टेप लगाने का निर्देश दिया। जांच के दौरान जिला परिवहन कार्यालय से विक्की आनंद सहित पुलिस बल मौजूद थे।

पुलिस ने वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेजा

पतरातू(रामगढ़)। जिला पुलिस लगातार वारंटी को गिरफ्तार कर जेल भेज रही है। पुलिस लगातार फरार चल रहे लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज रही है। न्यायालय द्वारा निर्गत जीआर 1200/12 के वारंटी मेहरूदीन अंसारी पिता स्वङ्ग मणिरुदीन अंसारी ग्राम पालू पिपरी टोला थाना पतरातु जिला रामगढ़ एवं एसटी 22/22, 61/22 के वारंटी सुनिल मोची उर्फ सुनील राम पिता रामलाल राम ग्राम हेसला थाना पतरातु जिला रामगढ़ को विधिवत गिरफ्तार कर मा. न्यायालय भेजा गया।

गिद्दी क,ख,ग एवं टोंगी पंचायत के सभी 14 बूथों पर कार्य हुआ शुरू

गिद्दी। पुरुषोत्तम पाण्डेय के गिद्दी ए स्थित आवासीय कार्यालय में बुथ संख्या94,95,96,97,98,99,100, 101,102, 103 एवं 80,81,82,83 बूथ सर्वेक्षण की बैठक हुई। जिसमें मुख्य रूप से जिले से नियुक्त प्रभारी राजु चतुवेर्दी ने बैठक में हिस्सा लिया। बैठक में प्रमुख रूप से पुरुषोत्तम पाण्डेय और वकील महतो भी शामिल थे। बैठक में सबसे पहले हर बूथ में सभी कार्यकताओं को चिन्हित कर उनको सूचीबद्ध किया गया। तत्पश्चात उन्ही कार्यकताओं में से बूथ अध्यक्ष, सचिव, महिला प्रमुख, युवा प्रमुख, वोटर प्रमुख, पन्ना प्रमुख, मन की बात प्रमुख, लाभार्थी प्रमुख का चयन किया गया। चुकि गिद्दी के सभी बूथों पर पूर्व से सभी बूथों पर बेहतर काम होता रहा है। इसलिए थोड़े बहुत परिवर्तन से कार्य आसानी से संपन्न हो गया।बैठक में मुख्य रूप से नमिता कुमारी, धर्मेंद्र सिंह, मुन्ना त्रिपाठी, उमेश बेदिया, मिर्णल दास, विजय मांझी, सुभम कुमार, मुकेश चंद्रवंशी, इत्यादि उपस्थित थे।

भाजपा का पश्चिमी अरगड्डा बूथ सर्वेक्षण का कार्य हुआ संपन्न

गिद्दी। भारतीय जनता पार्टी कार्यकताओं के द्वारा अरगड्डा पश्चिमी बूथ सर्वेक्षण का कार्य संपन्न कर लिया गया है। इसे लेकर दीपक कुमार के आवासीय कार्यालय में एक बैठक हुई। जिसमें बूथ संख्या 72, 73, 74, 75 सर्वेक्षण को अंतिम रूप दिया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से जिले के नियुक्त प्रभारी पुरुषोत्तम पांडे, रंजीत पांडे, दयानंद ठाकुर, दिवाकर सिंह, संतराज पासवान क्लस्टर प्रभारी उपस्थित थे। इस दौरान सबसे पहले हर बुथो में सभी कार्यकताओं को चिन्हित कर सूचीबद्ध किया गया। इसके पश्चात पार्टी सदस्यों से बूथ अध्यक्ष, सचिव, महिला प्रमुख, युवा प्रमुख, वोटर प्रमुख, पन्ना प्रमुख, मन की बात प्रमुख, लाभार्थी प्रमुख का चयन किया गया। बताया गया कि अरगड्डा पश्चिमी में पूर्व से सभी बूथो पर बेहतर कार्य हो रखा था।

कार के साथ अवैध शराब बेचने में लिप्त व्यक्ति गिरफ्तार

रामगढ़ । पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार को मिली गुप्त सूचना के आधार पर रजरप्पा थाना क्षेत्र में पुलिस ने अभियान चलाकर भारी मात्रा में अवैध रूप से विदेशी शराब लदी कार को जब्त किया है। कार से बीयर और व्हीस्की की 158 बोतल बरामद की गई है। कार के चालक को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। इस संबंध में बुधवार को पुलिस अधीक्षक डॉ. बिमल कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए बताया कि काले रंग की अल्टो कार JH24L-7773 पर भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब के परिवहन की सूचना मिली थी। जिसपर रामगढ़ अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी परमेश्वर प्रसाद के नेतृत्व में टीम का गठन कर रजरप्पा थाना में सघन जांच अभियान चलाया गया। रजरप्पा थाना प्रभारी सहित अन्य पुलिस अधिकारियों ने जगह-जगह छापेमारी की। इस क्रम में लारी पनशाला मोड़ के निकट उक्त कार को रूकवाया गया। जांच के क्रम में बिक्री हेतु भारी मात्रा में रखे अवैध अंग्रेजी शराब पाया गया। कार चालक की पहचान प्रेमचंद कुमार (30 वर्ष) पिता नंदकिशोर महतो, मुरूबंदा, रजरप्पा थाना निवासी के रूप में हुई। पुलिस के मांगे जाने पर वह शराब से संबंधित कागजात नहीं दिखा सका। जिसपर शराब सहित कार जब्त करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर प्रमंडलीय आयुक्त ने की बैठक

मतदान केंद्रों पर पुख्ता व्यवस्था करें : आयुक्त

राजकीय औसत से कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केन्द्रों में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए चलाएं विशेष अभियान आयुक्त सुमन कैथरीन किस्पोट्टा

संवाददाता

हजारीबाग। आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 को लेकर उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडल अंतर्गत आनेवाले क्षेत्र में राजकीय औसत से कम मतदान हुए थे वैसे मतदान केन्द्रों में मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित एवं प्रोत्साहित किया जाए। कम मतदान का कारण पता कर उनकी समस्या को दूर कर उस क्षेत्र में विशेष अभियान या स्वीप गतिविधि चलाकर मतदाताओं को मतदान के लिए जागरूक किया जाए ताकि हमारा प्रमंडल राष्ट्रीय औसत मतदान की सीमा को पार कर सकें। उक्त बातें उत्तरी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त श्रीमती सुमन कैथरीन किस्पोट्टा ने प्रमंडल अंतर्गत आनेवाले जिलों में चुनाव से संबंधित विधि व्यवस्था को लेकर प्रमंडलीय कार्यालय कक्ष में आहूत बैठक में कहीं। बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रमंडलीय आयुक्त ने उपस्थित जिले के जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्तों से लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर क्या-क्या तैयारी हो गई है इसकी जानकारी ली। उपस्थित उपायुक्तों ने अपने जिले की तैयारियों की स्थिति से आयुक्त को अवगत कराया।

बैठक में विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। जिसमें आयुक्त महोदया के द्वारा माइक्रो आब्जर्वर, सेक्टर मजिस्ट्रेट, मतदान दल पीठासीन पदाधिकारी एवं पोलिंग अधिकारी की प्रतिनियुक्ति एवं उनके प्रशिक्षण की स्थिति, जिले में वाहनों की आवश्यकता एवं उपलब्धता की स्थिति, मतदान केन्द्रों पर आवश्यकता की सामग्री (जैसे पानी शौचालय आदि) की स्थिति, उअढक्र क्लस्टर में अटक्र की स्थिति, सभी अंतरराज्य एवं अंतर जिला चेक पोस्ट की स्थिति, दो अथवा अधिक जिला से आच्छादित विधानसभा क्षेत्रों के मतदान दल, सेक्टर मजिस्ट्रेट, पुलिस पदाधिकारी के प्रस्थान एवं रिजर्व या डिफेक्ट ईवीएम के रखरखाव की स्थिति, डिस्पैच, रिसीविंग, काउंटिंग, व व्रजगृह की तैयारी की स्थिति, मतदान केन्द्रों के संवेदनशीलता तथा पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति की स्थिति, पीडब्ल्यूडी व 80 प्लस के मतदाताओं के लिए मतदान दिवस के दिन दी जाने वाली सुविधा, जिले में पोस्टल वैलेट के जरिए मतदान करने वाले मतदाताओं की संख्या एवं अन्य का जायजा लिया गया। भीषण गर्मी और लू को देखते हुए आयुक्त श्रीमती किस्पोट्टा ने उपस्थित जिला निर्वाचन पदाधिकारी से कहा कि मतदान केन्द्रों पर मतदानकर्मियों और मतदाताओं के लिए पानी संग अन्य जरूरी सामग्रियों की पुख्ता व्यवस्था की जाए। उन्होंने कहा मतदाता और मतदान को प्रभावित करने वाली प्रतिकूल गर्मी से संबंधित घटनाओं से निपटने के लिए रणनीति आवश्यक रूप से तैयार करें। बैठक में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त हजारीबाग, रामगढ़, गिरिडीह एवं कोडरमा, उप विकास आयुक्त धनबाद एवं चतरा, उप निर्वाचन पदाधिकारी हजारीबाग एवं रामगढ़, आयुक्त के सचिव एवं एनएलएमटी-सह-प्रखंड विकास पदाधिकारी पदमा उपस्थित रहे।

हनुमान जी को नमन कर हम सीधे प्रभु श्री राम के चरणों में स्थान पाते हैं : अवधेश चौरसिया

जिस तरह प्रभु श्री राम को प्रारंभ एवं अंत माना हनुमान जी ने इसी तरह हमें भी प्रभु में ही लीन होना चाहिए : मुखिया

संवाददाता

पतरातू। ग्राम पंचायत कटिया बस्ती अंतर्गत न्यू मार्केट शिव मंदिर के प्रांगण में दिनांक 23/4/2024 को हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष अवधेश चौरसिया तथा संचालन समिति के कोषाध्यक्ष अरुण शर्मा तथा महावीर अग्रवाल के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में सामूहिक रूप से हनुमान चालीसा का पाठ सुनील पंडित के द्वारा किया गया। मौके पर समिति के संरक्षक सुरेश प्रसाद और मुखिया किशोर कुमार महतो ने कहा कि पूरे भारतवर्ष में मंगलवार को मंगल जीवन के लिए भक्तों ने महावीर मंदिरों में वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच ज्योत पूजन किया। क्योंकि चैत्र महीने के शुक्ल पक्ष के पूर्णिमा के दिन ही हमारे आराध्य हनुमान जी का जन्म हुआ था। इस निमित्त न्यू मार्केट के शिव मंदिर प्रांगण में कार्यक्रम किया गया। आज राम मंदिर के बनने से पूरे देश के हनुमान भक्तों को एक नई ऊर्जा मिली है। जिस तरह से भगवान राम के भक्त हनुमान जी बने ठीक उसी प्रकार प्रत्येक मनुष्य का जीवन प्रभु के श्री चरणों मे समर्पित होना चाहिए। क्योंकि हमारे प्रभु श्री राम ही प्रारंभ हैं तथा वही इस सृष्टि के अंत भी हैं। इसी कामना के साथ अंत में हनुमान जी की आरती की गई तथा सभी भक्तों ने जय श्री राम जय हनुमान का जयकारा लगाया और अंत में प्रसाद का वितरण करते हुए कार्यक्रम की समाप्ति की गई। कार्यक्रम में मुख्य रूप सुरेश प्रसाद राहुल कुमार सिंह अमित कुमार सिंह सुनीता देवी मुस्कान देवी नेहा कुमारी के साथ भारी संख्या में महिला लोग उपस्थित रहे।

समाजसेवी बुढ़िया ने कल्याणकारी महाकाल शिव की मूर्ति का अनावरण करते हुए कहा

प्राणी की मोक्ष एवं पूर्वजों के कल्याण के लिए यहां पर महाकाल से प्रार्थना कर सकेंगे लोग

संवाददाता

रामगढ़। जीवन के अंतिम पड़ाव का स्थल एवं बापू की समाधि के बगल में देवों के देव,कालों के काल महाकाल कल्याणकारी शिव की प्रतिमा का अनावरण जिला के प्रसिद्ध व्यवसाय एवं समाजसेवी तथा बिहार फाऊंडरी कास्टिंग लिमिटेड के मालिक डॉ हरिकृष्ण बुढ़िया एवं उनके पुत्र गौरव बुढ़िया के द्वारा मंत्र उच्चारण के बाद दीप प्रज्वलित कर मूर्तिका अनावरण किया.। कोयंबतूर में स्थापित शिव की प्रतिमा के तर्ज पर इसे बनाने में दो वर्ष लगे इस बात की जानकारी प्रेस बयान कर कोषाध्यक्ष कमल बगड़िया ने दिया। कार्यक्रम के अध्यक्षता मुक्तिधाम संस्था के अध्यक्ष राजकुमार अग्रवाल ने किया। जबकि संचालन कोषाध्यक्ष कमल बगड़िया द्वारा किया गया' मुख्य अतिथि डॉ हरि कृष्ण बुधिया ने दीप प्रज्वलित कर और शीलापट हटाकर किया। इस मौके पर डॉ बुधिया ने कहा कि रामगढ़ के विकास और सामाजिक कार्यों के लिए हमेशा खड़े रहेंगे। इस जन कल्याणकारी शिव के सामने प्राणी की मोक्ष एवं पूर्वजों के कल्याण के लिए प्रार्थना कर सकते हैं। अनावरण समारोह के मौके पर गौरव बुधिया, भास्कर अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, सुरेश बगड़िया, महेश अग्रवाल, मीना बगड़िया, लोकेश बगड़िया, पंकज बगड़िया, वरुण बगड़िया,धनंजय कुमार पुटुस, मधु गुप्ता, परशुराम शाह, डॉ ए के बरेलिया,बजरंग लाल अग्रवाल, विष्णु पोद्दार,वंशज पोद्दार, जेके शर्मा, सुभाष जैन, शिवकुमार अग्रवाल,संजय शर्मा, शंकर अग्रवाल, आनंद सराफ, रमेश अग्रवाल, कमलेश सिंह आदि मौजूद थे।

15 वर्षो से लगातार फरार चल रहे मुन्ना खटीक हुए गिरफ्तार,भेजे गए जेल

संवाददाता

रामगढ़। अगामी निर्वाचन-2024 का स्वतंत्र व निष्पक्ष आयोजन को लेकर लोकसभा चुनाव के दौरान अपराधकर्मियों एवं फिरार वारंटियों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक रामगढ़ डॉ बिमल कुमार के द्वारा सतत्त रूप से चलाये जा रहे छापामारी अभियान के दौरान 23 अप्रैल को पुलिस अधीक्षक रामगढ़ को गुप्त सूचना प्राप्त हुआ कि रामगढ़ थाना कांड संख्या-188/09, 289/09, 302/09, 321/09 एवं 333/12 में 15 वर्षों से फरार चल रहे अभियुक्त मुन्ना कुमार खटिक उर्फ मुन्ना सोनकर उर्फ महतो, पिता-राजु सोनकर सा०-जारा बस्ती थाना+जिला-रामगढ़ चोरी छिपे बोकारो जिला के जरीडीह थाना अन्तर्गत जैनामोड़ में रहकर किसी जघन्य अपराध को अंजाम देने के फिराक में है। इस संबंध में पुलिस अधीक्षक रामगढ़ के द्वारा पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी अजय कुमार साहु रामगढ़ थाना के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। छापामारी टीम के द्वारा जरीडीह पुलिस, जिला-बोकारो के सहयोग से 15 वर्षों से फरार चल रहे अभियुक्त मुन्ना कुमार खटिक उर्फ मुन्ना सोनकर उर्फ महतो के पते पर छापामारी कर उक्त अभियुक्त को विधिवत गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार उक्त अभियुक्त को न्यायिक अभिरक्षा में भेजा जा रहा है। उल्लेखनीय है कि माननीय न्यायालय से इनके विरूद्ध रामगढ़ थाना के विभिन्न काण्डों में लाल वारंट एवं कुर्की अधिपत्र निर्गत किया जा चुका है। इनकी गिरफ्तारी से रामगढ़ थाना के तीन लंबित (लाल वारंट) एवं एक कुर्की का निष्पादन किया गया है। छापामारी दल में पु०नि० अजय कुमार साहु, पु०नि० सह थाना प्रभारी रामगढ़ थाना,पु०अ०नि० सुमंत कुमार राय, रामगढ़ थाना।स०अ०नि० सुजीत कुमार सिंह, रामगढ़ थाना,साक्षर आरक्षी 361 संतोष कुमार, रामगढ़ थाना,सशस्त्र बल,रामगढ़ थाना,जरीडीह थाना, बोकारो जिला के पुलिस पदाधिकारी व सशस्त्र बल शामिल थे। छापामारी दल में पु०नि० अजय कुमार साहु, पु०नि० सह थाना प्रभारी रामगढ़ थाना,पु०अ०नि० सुमंत कुमार राय, रामगढ़ थाना।स०अ०नि० सुजीत कुमार सिंह, रामगढ़ थाना,साक्षर आरक्षी 361 संतोष कुमार, रामगढ़ थाना,सशस्त्र बल,रामगढ़ थाना,जरीडीह थाना, बोकारो जिला के पुलिस पदाधिकारी व सशस्त्र बल शामिल थे।

स्वच्छता को लेकर डाक कर्मियों की गोष्ठी बैठक

पतरातू । कटिया पंच मंदिर पंचायत सचिवालय भवन के सभागार में स्वच्छ भारत अभियान के तहत स्वच्छता एक्शन प्लान 2024 कार्य योजना को लेकर गोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम में सहायक डाक अधीक्षक नवीन कुमार अग्रवाल ने रामगढ़ डाक सब डिवीजन के उप डाकघर व शाखा डाकघर के डाकपाल, बीपीएम को संबोधित करते हुए कहा कि सभी अपने कार्यालय में नियमित रूप से साफ-सफाई रखें। साथ ही डाकघर परिसर समेत आसपास के क्षेत्र को साफ-सुथरा रखें। उन्होंने आगे कहा कि साफ-सफाई से संबंधित प्रत्येक डाकघर में त्रैमासिक कार्य योजना तैयार करें। साथ ही डाकघर में कागजातों का रख-रखाव सही तरीके से किया जाए। उन्होंने डाक कर्मियों से अपील किया कि समाज को स्वच्छ रखने में डाक विभाग अपना पूर्ण सहयोग करें।

हजारीबाग के जीवन कुमार मेहता बने मैन ऑफ द मैच

संवाददाता

रामगढ़। झारखंड राज्य क्रिकेट एसोसिएशन द्वारा आयोजित अंतर जिला क्रिकेट लीग अंडर- 16 का सेल इफको क्रिकेट ग्राउंड में रामगढ़ ३२ हजारीबाग के बीच खेला गया। हजारीबाग ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। निर्धारित 50-50 ओवर के मैच में रामगढ़ 37 ओवर मे 178/10 विकेट खोकर रन बनाए। जिसमें अर्सदीप मेहता 65 रन बनाये पंकज कुमार 23 रन, जीवन कुमार मेहता 22 रन बनाएं। रामगढ़ की ओर से गेंदबाज संयम शर्मा 10 ओवर 32 रन 4 विकेट,आलोक टुडू 5 ओवर 16/2 एवम हर्षित कुमार मेहता 6 ओवर 19/2 विकेट मिला। लक्ष्य की पीछा करने उतरी रामगढ़ ने 21.5 ओवर में 120/10 ऑल आउट हो गया'पूरी टीम ! इनके मुख्य बल्लेबाज अंतरिक्ष कुमार 31 रन बनाएं'प्रिंस कुमार 18 रन बनाएं,हजारीबाग 58 रन से इस मैच को जीत लिया। मैच के अंपायर मो. उजैर तथा अजमल हुसैन थे जबकि स्कोरिंग दीपक कुमार एवं सुभम मेहता ने किया । मैच ऑब्जर्बर डलिया राव मौके पर रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अरुण कुमार राय समेत कई लोग उपस्थित थे । रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव अरुण कुमार राय, मैच ऑब्जर्वर डलिया राव सुरज प्रसाद उपेंद्र प्रसाद सिंह वीरेन्द्र प्रसाद पासवान एवम अन्य लोगों ने प्लेयर ऑफ द मैच का कैश एवं ट्रॉफी जीवन कुमार मेहता हजारीबाग को भेंट किया।

चुनाव को लेकर चलाया गया मतदाता जागरूकता अभियान

संवाददाता

रामगढ़। आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दौरान रामगढ़ जिले में शत प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करने के मद्देनजर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त रामगढ़ चंदन कुमार के द्वारा मतदाता जागरूकता कोषांग को विभिन्न प्रतियोगिताओं, कार्यक्रमों आदि का आयोजन कर अधिक से अधिक मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया है। इसी क्रम में जिला स्वीप नोडल पदाधिकारी सह जिला समाज कल्याण पदाधिकारी कनक तिर्की के द्वारा बुधवार को जिले के विभिन्न क्षेत्रों में आंगनबड़ी सहिया, सेविका(बीएलओ) के द्वारा आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 हेतु स्वीप के तहत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मतदाता जागरूकता को लेकर विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित किए गए यथा रंगोली प्रतियोगिता, मेहंदी प्रतियोगिता सहित कई विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लोगों को मतदान के प्रति जागरूक किया गया। साथ ही जेएसएलपीएस डीपीएम श्रीमती रीता सिंह के नेतृत्व में जेएसएलपीएस दीदियों द्वारा रैली के माध्यम बनाए गए मतदाता जागरूकता को लेकर पोस्टर के माध्यम से अपने-अपने क्षेत्र में वोट करेगा रामगढ़, 20 मई चुनाव का पर्व देश का गर्व आई एम रेडी टू वोट थीम के तहत मतदाता जागरूकता के माध्यम से लोगों को जागरूक किया गया। साथ ही उपस्थित सभी मतदाताओं को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 में जो रामगढ़ जिलें में 20 मई को मतदान करने हेतु मतदाता शपथ भी दिलाई गई । इस दौरान बीएलओ द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में लगाए जाने वाले बाजार हाटों में घूम घूम कर सभी मतदाताओं को आगामी 20 मई 2024 को अपने नजदीकी मतदान केंद्र में जाकर जरूर से जरूर मतदान करने की अपील किया गया । वहीं इस दौरान आंगनबाड़ी सहिया सेविका ने अपने-अपने क्षेत्र में सभी मतदाताओं को आगामी लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर सभी मतदाताओं को जागरुक करते हुए बिना लोभ लालच या दबाव में आए हुए 20 मई को अपने नजदीकी मतदान केंद्र में जाकर अपना बहुमूल्य मतों का उपयोग करने हेतु अपील की।

होटल अरण्य बिहार में लगी आग

संवाददाता

हजारीबाग। फायर ब्रिगेड की दो गाड़ियों ने कुछ समय में ही मौके पर पहुंचकर कई घंटे तक आग पर काबू पाने में जुट गई। होटल के कर्मचारी और मेहमानों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के लिए सभी संभावित परिक्षण किए गए और आग में कोई हानि नहीं हुई। इस घटना के बाद, होटल की सुरक्षा में और बढ़ोतरी करने का आदेश दिया गया है और जल्दी ही एक समीक्षा समिति गठित की जाएगी ताकि इस तरह की घटनाएँ फिर से न हों। पुलिस ने इस मामले में जांच शुरू कर दी है और जल्द ही रिपोर्ट सबमिट करेगी। हालांकि, इस दुर्घटना के पीछे का कारण अभी तक स्पष्ट नहीं हुआ है और जांच जारी है। होटल के मालिकों ने इस मामले में सहयोग किया और आगजनी के कारण का पता लगाने के लिए संबंधित जांचारों की मदद की जा रही है।

होटल के मालिक ने मामले की कंपनी के एक प्रवक्ता के माध्यम से एक बयान जारी किया, जिसमें उन्होंने दुर्घटना पर व्याख्या करते हुए होटल की सुरक्षा में कोई कमी नहीं है और उनके कर्मचारियों ने त्वरित कार्रवाई की। इसके साथ ही, होटल के मालिकों ने मेहमानों से खेद जताते हुए उनके सुरक्षा और सुविधाओं में और भी सुधार करने का भरोसा दिया है। इस दुर्घटना ने लोगों में खौफ और चिंता फैलाई है, लेकिन फायर ब्रिगेड की सक्रियता से बड़ी हानि न होने के लिए धन्यवाद का हक बनता है। आग की लंबाई और खतरे का पुरा मामला अभी तक अधूरा है और जांच जारी है। पुलिस ने वारदात की गहराई तक जांचने का आदेश दिया है और मामला जांचा जा रहा है। आग के चलते होटल की भगदड़ से प्रभावित जगहों पर भी जांच शुरू की गई है। इस संबंध में अरण्य बिहार के प्रमुख अधिकारी ने एक प्रवक्ता के माध्यम से लोगों की भावनाओं को समझने का आदेश देते हुए कहा कि हम संभवतः इस मामले की सच्चाई को स्थिर करने के लिए हर संभाव प्रयास कर रहे हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक निमिषा कुमारी द्वारा शिवा सांई पब्लिकेशन प्रा० लि० काठीटांड़, रातू रांची, झारखंड 835222 से मुद्रित व 364, को ऑपरेटिव कालोनी, बोकारो स्टील सिटी, बोकारो, 827003 से प्रकाशित।
प्रधान संपादक निमिषा कुमारी, प्रबंध संपादक विनय कुमार तिवारी* (* पी आर बी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) आर एन आई न०- JHA/HIN/ 2018/ 76658 फोन न०8340571405, 9262578999